लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 56, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 36.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। सूर्योदय 05 : 46 सूर्यास्त 18 : 32

हल्द्वानी, रविवार, 14 अप्रैल 2024

परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...15

इजराइली जहाज पर ईरान का कब्जा

दुबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज होते हुए भारत आ रहे कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी मौजूद हैं।

कार्गो शिप लंदन बेस्ड कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, जो फिलीपींस के नागरिक हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि हम हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। इधर, भारत समेत छह देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

जहाज पर 17 भारतीय सवार, तनाव बढ़ा

भारतीयों की मुक्ति को ईरान के संपर्क में भारत

नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ने तनाव को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और मुक्ति के लिए तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य को उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल की दो और ओडिशा की नौ सीट के लिए एलान किया गया है। साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विस सीटों पर उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को राज्य के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया है। विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

कांग्रेस की नई सूची



आज आ सकता है भाजपा का संकल्प पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कुल 27 सदस्यीय समिति ने तैयार किया है 'संकल्प पत्र'

अमृत विचार : भाजपा अपना बहुप्रतीक्षित घोषणापत्र (संकल्प पत्र) संविधान निर्माता डा. आंबेडकर की जयंती पर रविवार को घोषित कर सकती है। कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र पहले ही जारी हो चुका है। अब देखना होगा कि बेरोजगारी और महंगाई को लेकर घेर रहे विपक्ष के जवाब में मोदी की तीसरी ताजपोशी के लोकलुभावन मुद्दे, तरक्की की योजनाएं, सांस्कृतिक मुद्दे, बाहरी और आंतरिक सुरक्षा समेत विदेशों में धमक बढ़ाने के क्या संकल्प सामने आते हैं।

भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से रविवार को लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को सामने लाने की पूरी तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी दिग्गज नेताओं समेत संकल्प पत्र बनाने वाली समिति के आने का कार्यक्रम तय हो चुका है। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है।

भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाली समिति का अध्यक्ष पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया है। इस कमेटी में 27 सदस्य शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्रमशः भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, डॉ. मोहन यादव के अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी इस समिति में शामिल किया गया। भाजपा को अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए मिस कॉल अभियान के जरिए 3.75 लाख और नमो ऐप के जरिए 1.70 लाख सुझाव मिले। चुनावी घोषणा पत्र को तैयार करने में भारत सरकार के तमाम मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की गई है।

एक नजर

खराब मौसमः दिल्ली 22 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों को जयपुर, आठ को लखनऊ, दो को चंडीगढ़ और 1-1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं। मार्ग परिवर्तन शाम तीन से साढ़े छह बजे के बीच हुआ।

चुनावी बॉण्ड खरीदार मेघा इंजीनियरिंग पर केस

नई दिल्ली। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी।

घर में घुसा तेंदुआ, आठ घंटे बाद पकड़ा जा सका

मेरठ। कसेरूखेड़ा में एक घर में शनिवार सुबह के समय घुसा तेंदुआ आठ घंटे के प्रयास के बाद काबू में आ पाया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे छावनी क्षेत्र के कसेरुखेड़ा इलाके के एक घर में तेंदुआ घुसने की जानकारी वन विभाग को मिली थी। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। शाम को करीब साढ़े छह बजे ट्रेंकुलाइज कर (बेहोशी का इंजेक्शन देकर) तेंदुआ को पकड़ा जा सका। उन्होंने बताया कि घर में घुसा तेंदुआ नर है और उसकी उम्र साढ़े तीन से चार साल के बीच है। डीएफओ के अनुसार मकान को चारों ओर से जाल से घेर लिया गया। घर में फंसे परिवार को निकालने के लिए दीवार तोड़ी गई।

समस्या का नाम कांग्रेस, समाधान में विश्वास करती है भाजपा : योगी

यूपी के मुख्यमंत्री ने एमबी इंटर कॉलेज में विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : 'भाजपा समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करती है। समस्या का नाम तो कांग्रेस है जिसने जीवन भर देश को समस्याएं दीं। देश का विभाजन, आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार ये सभी समस्याएं कांग्रेस की देन है। कांग्रेस ने इतनी समस्याएं दे दीं कि इसके समाधान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व मिला और 10 वर्ष में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। यह बदलता भारत वैश्विक मंच पर 140 करोड़ देशवासियों को सम्मान दे रहा है' यह बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एमबी इंटर कॉलेज में हुई विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कही।

उत्तराखंड को शौर्य की भूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि जब देवभूमि का जवान सीमा पर सुरक्षा करता है तब पूरा देश निश्चिंतता के साथ सोता है। सीमा पर जवान खड़ा है, जवान के पीछे सरकार खड़ी है। आज देश में अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। हाईवे, रेलवे, मेट्रो, रैपिड ट्रेन, आईआईटी, एम्स, वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका बचपन यहां बीता है पहले 100 में से 9 घर में पानी नहीं आता था। तब दो-तीन किमी पैदल चलकर पानी भरना पड़ता था। हर घर जल योजना में अब 100 के 100 घरों में पानी पहुंच गया है। कांग्रेस खाना पकाने के लिए मिट्टी का तेल तक नहीं दे पाती थी, आज उज्जवला योजना में रसोई गैस मिल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाधान का रास्ता निकाला है।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, सरिता आर्य, राम सिंह कैड़ा, डॉ. मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

हल्द्वानी में विजय संकल्प रैली में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- आतंकवाद नक्सलवाद व भ्रष्टाचार कांग्रेस की देन
- बदलता भारत 140 करोड़ देशवासियों को दे रहा सम्मान

जो बेटी, व्यापारी के लिए खतरा बनेगा जेल जाएगा या जहन्नुम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में किसान, युवा, महिला की सुरक्षा की बात हो तो कोई संकट नहीं है। संकट उन्हीं लोगों को है जो भ्रष्टाचारी और दुराचारी हैं। बेटी और व्यापारी के लिए जो कभी खतरा थे, अब उन्हीं पर संकट है। हमने साफ किया है उप्र में बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनेगा तो उसके लिए दो ही जगहें जेल और जहन्नुम होंगी खुद तय कर ले कहां जाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के संबंध को कोई अलग नहीं कर सकता। उत्तराखंड की नदियों का पानी आता है तब उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में सहायक होता है। यह एक दूसरे से पूरी तरह रचे बसे हैं इसलिए कभी कभी अपराधियों को गफलत होती है कि उत्तर प्रदेश में अपराध कर उत्तराखंड भाग जाएंगे।

कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर 15 को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

प्रियंका ने मोदी सरकार पर किया पलटवार

सत्ता में आने वाले आपदा के समय नहीं दिखते

संवाददाता रामनगर

अमृत विचारः कांग्रेस की न्याय रैली में महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भाजपा को घेरा। कहा कि देवभूमि की जनता को भ्रमित कर सत्ता में आने वाले आपदा के वक्त नहीं आते हैं। अबकी बार मोदी सरकार पर पलटवार करते हुए उन्होंने जनता का आह्वान किया कि वह अबकी बार जनता की सरकार चुनें।

शनिवार को पीरूमदारा के किसान इंटर कालेज के मैदान से प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड की तीन संसदीय सीटों के मतदाताओं को संबोधित किया। कहा कि वह खुद, भाई और उनके बच्चे भी देहरादून में ही पढ़े। 13 साल की उम्र से रामनगर आ रही हैं। जब भी आती हूं, सिद्धबली मंदिर के दर्शन जरूर करती हूं। उन्होंने अग्निवीर योजना और इलेक्टोरल बॉन्ड पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जुमलेबाजी में दस साल गुजार दिए, पर कांग्रेस को कोस रहे हैं। कहा कि जब भी वह उत्तराखंड ओर हिमाचल आए तो इन प्रदेशों को देवभूमि बताते हुए कहा कि मैं इस भूमि को बार-बार प्रणाम करता हूं। लेकिन हिमाचल में जब कांग्रेस की सरकार बनी और पिछले साल वहां दैवीय आपदा आई। पहाड़ टूटे, मंदिर टूटे, लोगों के घर टूटे लेकिन केंद्र ने हिमाचल को एक पैसे की मदद नहीं की। कहां गया उस समय उनका देवभूमि के प्रति प्रेम ?

उन्होंने पौड़ी गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल ऊधमसिंह नगर प्रत्याशी प्रकाश जोशी, अल्मोड़ा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

रामनगर के पीरूमदारा में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

पुलिस हिरासत में ग्रामीण की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः पांच साल की बालिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में थाने लाए गए ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगाया और पांच घंटे हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर चौकी इंचार्ज पिपरझला, हेड कांस्टेबल पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

गांव पकरिया जलालपुर के अनूप कुमार की पांच साल की पुत्री अंशू तीन अप्रैल को लापता हो गई थी। अगले दिन उसका शव झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। संदेह पर पुलिस शुक्रवार को गांव के आशाराम को थाने लाई और उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन रात में ही वहां पहुंचे और शव घर ले आए। शनिवार सुबह मृतक के शरीर पर चोटों के निशान दिखा तो पुलिसकर्मियों पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की और शव सड़क पर रखकर हंगामा किया। सीडीओ अनिल सिंह व एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह के सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट

दोनों आरोपी रिमांड पर गए बेंगलुरु

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए ने कोलकाता से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर यहां लेकर आई है। दोनों को चिकित्सा जांच के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। कोलकाता की अदालत ने विस्फोट मामले में दोनों आरोपियों को शुक्रवार को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा और एनआईए को उन्हें कर्नाटक की राजधानी ले जाने की अनुमति दी थी। एनआईए ने मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

बाबा तरसेम हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता हरियाणा से गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

- बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर है सुल्तान सिंह, 25 हजार का था इनाम

अमृत विचार : डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। इस पर 25 हजार का इनाम था। वह बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर था। उधर, बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड्यंत्रकारी सतनाम सिंह का शनिवार को चालान कर दिया गया। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा तरसेम हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। बाबा की हत्या के षडयंत्र में शामिल रहे सतनाम सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से गिरफ्तार किया था। एसएसपी ने बताया कि सुल्तान ने सतनाम सिंह द्वारा दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, प्रगट सिंह, हरविंदर उर्फ पिंदी के साथ मिलकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या का षडयंत्र रचा। इसे पूरा करने के लिए धार्मिक स्थल और दिलबाग सिंह के घर पर हत्या की योजना बनाई गई। बाबा की हत्या का मुख्य शूटर अमरजीत सिंह एनकाउंटर में मारा जा चुका है।

28 मार्च को हुई थी बाबा की हत्या

बाबा तरसेम सिंह की हत्या 28 मार्च की सुबह उस वक्त बाइक सवार दो शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह डेरा परिसर में बैठे हुए थे। पूरा हत्याकांड सीसीटीवी में कैद हो जाने से कुछ ही देर में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई थी। इस मामले में दो शूटर्स समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया।

मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का सरकार ने दिया आदेश

सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई स्वास्थ्यवर्द्धक पेय परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है। इसमें कहा गया कि ई-कॉमर्स कंपनियों/पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वह अपने मंच/साइट से बोर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय की श्रेणी से हटा दें। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक एफएसएसएआई ने दो अप्रैल को ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों को वेबसाइट पर बेचे जा रहे उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का निर्देश दिया था।

यमुना में डूबने से दो युवकों की मौत

देहरादून। विकासनगर के पास यमुना नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार को सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने संभावित स्थानों पर दोनों युवकों की तलाश की। टीम ने दोनों युवकों के शवों को बरामद कर पुलिस को सौंप दिया गया। मृतकों की शिनाख्त संदीप राणा पुत्र दीवान सिंह राणा (24) निवासी जयनगर छतरपुर (ऊधमसिंह नगर) और ऋतिक उपाध्याय पुत्र कमलेश उपाध्याय (23) निवासी कनालीछीना (पिथौरागढ़) के रूप में हुई। दोनों युवक सेलाकुई में टाल ब्रोश कंपनी लांघा रोड में कार्य करते थे। दोनों अपने दोस्तों के साथ यमुना में नहाने आए थे। इस दौरान दोनों तेज बहाव में बह गए।

राहत — क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

टल गया पृथ्वी पर आने वाला अब तक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद् बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा कर दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।

2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

नैनीताल। हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।

धधक रहे जंगल, वन सम्पदा राख

मौना तोक के ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग से ठोस कदम उठाने की मांग

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों से सटे जंगल आग की चपेट में हैं। वन सम्पदा के साथ ही मवेशियों का चारा भी जलकर राख हो रहा। बावजूद इसके कोई सुधलेवा नहीं है।

ब्लॉक के नौघर गांव के मौना तोक से सटे जंगल में धधकी आग से जंगल का बड़ा हिस्सा जल गया है। सुबह से शाम तक जंगल धू-धू कर धधकता रहा। कोसी घाटी क्षेत्र में जंगलों में धधकती आग से धुंध छाई हुई है। वहीं तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे व रानीखेत-खैरना स्टेट हाईवे से सटे जंगलों के बाद बेतालघाट ब्लॉक के नौघर गांव के तोक मौका क्षेत्र से सटा जंगल आग से धधक गया। देखते ही देखते आग जंगल के बड़े हिस्से में फैल गई। आग की लपटों से ग्रामीण भी दहशत में आ गए। एक के बाद एक जंगलों को नुकसान पहुंचने से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है।

क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति के मनीष तिवारी, संजय सिंह, जगमोहन सिंह, त्रिलोक सिंह, दयाल सिंह, मदन सिंह, महेंद्र सिंह बिष्ट आदि ने वन विभाग से जंगलों को आग से बचाने को ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है।

पटवाडांगर के जंगल में रात के समय लगी आग। ● अमृत विचार

पटवाडांगर के जंगल में लगी आग

नैनीताल : बल्दियाखान पटवाडांगर के जंगल आग लगने से धधक उठे। सड़क के ऊपरी क्षेत्र में आग लगने के कारण सड़क पर पत्थर गिरने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार देर रात बल्दियाखान पटवाडांगर रोड के ऊपरी जंगल क्षेत्र में किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी। हवा चलने के कारण आधे घंटे में आग जंगल में फैल गई। चीड़ का जंगल होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। राहगीरों ने देर रात वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि टीम ने मौके पर पहुंच कर आग बुझा दी।

शार्ट सर्किट से घर में सामान जलकर राख

नैनीताल : मल्लीताल क्षेत्र के एक घर में शुक्रवार देर रात्रि शॉर्ट सर्किट से आग लगने से घर का सारा सामान जल गया। अपर मालरोड से ऊपर लोहनी हाउस में विभूति लोहनी के घर पर देर रात्रि अचानक आग लग गई। आग बढ़ने लगी तो स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सड़क संकरी होने के कारण घटना स्थल तक फायर स्टेशन का वाहन नहीं पहुंच सका। जिस पर तत्काल एफएसओ किशोर उपाध्याय ने स्वयं टीम के साथ पैदल मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से बाल्टियों एवं पाइप से पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान आग से घर का बैड, गद्दे, पीवीसी समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग से करीब एक लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा। आग पर काबू पाने वालों में हरनाम सिंह, अर्जुन सिंह, अमरदीप राणा, उमेश कुमार, प्रेम सिंह, जसवीर सिंह शामिल रहे।

सार-संक्षेप

शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी

लालकुआं : लोकसभा चुनाव में 75 फीसदी मतदान के लक्ष्य के साथ स्वीप नैनीताल की टीम लगातार मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चला रही है। जिसके तहत शनिवार को तहसीलदार लालकुआं में सेंचुरी पेपर मिल के कर्मचारियों को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी। पेपर मिल में लालबहादुर शास्त्री महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक कर सेंचुरी मिल के श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया। तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने कहा कि 19 अप्रैल को सभी मतदान करें। इस अवसर पर स्वीप के ब्लॉक समन्वयक डॉ सुरेश भट्ट, हचआर हेड डॉ अरुण प्रकाश पांडेय, प्रबंधक हेमेंद्र सिंह राठौर, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश खत्री, मोहन कबड़वाल, सुपर वाइजर लक्ष्मीनारायण यादव सहित मिल के कर्मचारी एवं श्रमिक मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

भीमताल : नौकुचियाताल शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 140 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष गोपाल साह के नेतृत्व एवं पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राहुल जोशी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मथुरा दत्त पाठक, शक्ति केंद्र संयोजक महेश जोशी, बूथ अध्यक्ष विनोद कर्नाटक, बूथ अध्यक्ष बच्ची सिंह मेहता, भाजपा कार्यकर्ता मनोज गोस्वामी, दिनेश पपने आदि ने घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान की अपील की।

डामरीकरण से चिड़ियाघर मार्ग पर यातायात बंद

नैनीताल : चिड़ियाघर मार्ग पर डामरीकरण के चलते शनिवार को यातायात बंद रहा। लोनिवि की ओर से जू रोड में डामरीकरण किया जा रहा है। इस कारण पर्यटकों की आवाजाही रोकने के लिए वन विभाग की ओर से जू को दो बजे बाद पर्यटकों के लिए बंद किया गया था। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि सोमवार व मंगलवार को सड़क में डामरीकरण का दूसरा कोट किया जाएगा। वन विभाग से दो दिन जू को और बंद कर कार्य में सहयोग करने की मांग की है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की।

शहीद मेजर राजेश अधिकारी इंटर कॉलेज में चोरी

नैनीताल : शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इंटर कॉलेज से रात में चोरों ने सामान चुरा लिया। स्कूल प्रबंधन की ओर से थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। शुक्रवार रात इंटर कॉलेज के चार कमरों के ताले तोड़े गए, जिनमें से प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर सिस्टम समेत लाखों का सामान चोरी किया गया। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आरएस अधिकारी ने बताया कि सुबह चोरी का पता लगने के बाद स्कूल प्रबंधन की ओर से तल्लीताल थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। एसआई अविनाश मौर्य ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

बैसाखी पर गुरुद्वारे में सजा धार्मिक दीवान, संगत निहाल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बैसाखी पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हल्द्वानी में शनिवार को धार्मिक दीवान सजा। इस मौके पर हजूरी रागी नानक सिंह ने जहां कीर्तन किया। वहीं नौजवानों ने रसभिना कीर्तन से संगत को निहाल कर दिया। इस दौरान शाहबाद मारकंडे से पहुंचे कवलजीत कौर मसकीन एवं साथियों ने अमृत पीवो सदा चिर जीवो..., अमृत रस हर कीर्तनों को विरला पीवै...एवं झिम-झिम वरसे अमृतधारा... आदि शबद कीर्तन से माहौल भक्तिमय कर दिया।

इस मौके पर चंडीगढ़ की पूर्व मेयर हरजिंदर कौर ने बैसाखी व खालसा प्रगट दिवस पर विचार रखते हुए बताया कि गुरु साहिब का पांच प्यारों के चयन के पीछे बहुत लंबे समय की विचार, सोच व दूरदृष्टि थी। अंत में गुरु घर के वजीर भाई अमरीक सिंह ने अरदास एवं हुकमनामा लेकर कार्यक्रम का समापन किया। मंच का संचालन जगजीत सिंह ने किया। इसके बाद सभी साध-संगत ने लंगर छका। इस अवसर पर मुख्य सेवादार सरदार रंजीत सिंह, रविंदरपाल सिंह, तजिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, सतपाल सिंह, अमनपाल सिंह, जगमोहन सिंह, मनप्रीत सिंह, सतवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शबद गायन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

गुरु सिंह सभा में हुआ अखंड पाठ

नैनीताल : बैसाखी पर शनिवार को नगर के मल्लीताल स्थित गुरु सिंह सभा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभा के महासचिव अमरप्रीत सिंह ने बताया कि बैसाखी पर 325वीं खालसा साजना दिवस के तहत गुरुवार से गुरु सिंह सभा में अखंड पाठ साहिब का आयोजन शुरू हुआ। शनिवार को अखंड साहिब के भोग व कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। वहीं हजूरी रागी गुरविंदर सिंह, कथावाचक भाई बलजीत सिंह तथा रागी जत्था भाई दलजीत सिंह जम्मू वालों ने संगत को निहाल किया। जिसके बाद लोगों ने गुरु लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मनप्रीत सिंह, जसनीत सिंह, गगनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, संदीप सिंह, जसबीर सिंह, जगजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरिंदर सिंह मान, रविंद्र ढेला आदि मौजूद रहे।

षष्ठम कात्यायनी

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

एक नजर

चकाचक पोलिंग स्टेशन की व्यवस्थाएं देखीं

हल्द्वानी : नगर निगम पांच पोलिंग स्टेशन को चकाचक पोलिंग स्टेशन के रूप में विकसित कर रहा है। शनिवार को नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने पांचों पोलिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने पोलिंग स्टेशन में पेयजल, प्रतिक्षालय, शौचालय आदि की व्यवस्थाओं को देखा। जिससे मतदाताओं को मतदान के दिन आरामदायक और सहज वातावरण मिल सके।

चेक बाउंस में आरोपी बरी

हल्द्वानी : चेक बाउंस के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने आरोपी सूरज प्रकाश को बरी कर दिया है। सूरज के अधिवक्ता सुचित्रा बेलवाल ने बताया कि उत्तराखंड ट्रांसपोर्ट एवं सप्लायर्स ट्रांसपोर्ट नगर हल्द्वानी फर्म के पार्टनर गुरविंदर सिंह ने ट्रक भाड़े के किराया वसूली के लिए मै. अनहद ट्रेडर्स रुद्रपुर के पार्टनर सूरज पर वर्ष 2010 में 15 लाख के चैक बाउंस के मामले में कोर्ट में वाद दायर किया था। मामले में परिवादी की ओर से बिल पेश नहीं किए गए। जिस पर कोर्ट ने सूरज प्रकाश को बरी कर दिया है।

बॉक्सिंग रिंग कहीं और बनाने की मांग

नैनीताल : मां नयना देवी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डीएम से डीएसए पार्किंग में बनने जा रहे बॉक्सिंग रिंग को अन्यत्र बनाने की मांग की है। उन्होंने सौंपे ज्ञापन में डीएम से इस निर्णय पर पुनर्विचार कर बॉक्सिंग रिंग को बास्केटबॉल कोर्ट के समीप खाली जगह या फिर क्लाइम्बिंगवॉल को हटवाकर उसके स्थान पर बनाने की मांग की। कहा कि क्लाइम्बिंगवॉल को बारापत्थर में शिफ्ट किया जा सकता है।

20 साल से नहीं मिला पानी, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

करायल जौलासाल के लोगों ने खाली बाल्टियां लेकर किया प्रदर्शन, सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप, 600 परिवार प्रभावित

गौरव तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के गांव करायल जौलासाल में 20 साल बाद भी पानी नहीं पहुंच पाया है। यहां लगभग 600 परिवारों को सालों से पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की पूर्ति के लिए लोग निजी टैंकरों पर निर्भर हैं। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक से गुहार लगाई, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। दो दशक बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं होने से गांव के लोगों में जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन के खिलाफ खासा आक्रोश है। हर तरफ से निराश और परेशान ग्रामीणों ने अब 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिया है।

शनिवार को अमृत विचार की टीम करायल जौलासाल में पहुंची तो लोगों ने मुखर होकर अपनी बात रखी। स्थानीय लोगों के मुताबिक बीते 20 सालों में कितने चुनाव आए और गए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने पानी की समस्या का स्थाई हल नहीं निकाला है। गांव में करीब 600 परिवार निवास करते हैं लेकिन अब तक गांव में लोगों को पेयजल सुविधा नहीं मिल पाई है। सरकार और जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा से आक्रोशित लोगों ने शनिवार को खाली बाल्टियां लेकर प्रदर्शन किया और 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जब तक गांव में पानी की स्थाई व्यवस्था नहीं की जाती वह वोट नहीं डालेंगे। इस मौके पर गीता जोशी, बंसती भाकुनी, आशा मेहता, गुंजन तिवारी, भगवती पांडेय, बसंत मेहरा, दिनेश बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

खाली बाल्टियों के साथ प्रदर्शन करते करायल जौलासाल के लोग। ● अमृत विचार

निजी खर्च से बिछाई है पाइप लाइन

हल्द्वानी : गांव में कुछ लोगों ने 2 लाख रुपये खर्च कर पानी की पाइप लाइन बिछाई है। गांव के ही समीप करीब एक किलोमीटर दूर बिड़ला स्कूल से मेन पानी की लाइन जा रही है। जहां से गांव के ही कुछ लोग मेन लाइन से पानी की लाइन को जोड़ते हुए घर के नलों तक पानी ला रहे हैं। लेकिन इन सब के बाद भी इन्हें सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

31 मार्च बीत गया पर नहीं आया पानी

हल्द्वानी : जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल-हर घर नल योजना के तहत के ग्रामीणों को आश्वासन मिला था कि 31 मार्च तक हर घर में पानी पहुंच जाएगा। लेकिन गांव में जल जीवन मिशन के तहत आज तक पेयजल पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के अधिकारी केंद्र सरकार की स्वर्णिम योजना को भी पतीला लगा रहे हैं।

सीएम पोर्टल में शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

हल्द्वानी : ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर भी गांव में व्याप्त पानी की समस्या को लेकर शिकायत की है। लेकिन इसके बाद भी पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसके चलते ग्रामीणों में रोष है। उनका आरोप है कि सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद केवल फोन कर खानापूर्ति पूरी कर ली जाती है।

बोले लोग

दशकों बाद भी पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। सरकार और शासन-प्रसासन की इस अनदेखी व उपेक्षा के चलते इस बार मतदान करने की इच्छा नहीं है। नेता वोट लेने के बाद जनता की समस्या को भूल जाते हैं। **-रेवाधर पटपुड़िया**, ग्रामीण

500 रुपये खर्च कर निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। पानी की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक के चक्कर काट चुके हैं लेकिन समस्या आज भी जस की तस है। **-इंदू अधिकारी**, ग्रामीण

गांव में पानी की सुविधा नहीं होने से कई परिवार यहां से पलायन तक कर चुके हैं। वर्षों से यहां के लोग पानी का दंश झेल रहे हैं। इसके बावजूद गांव में पानी की समस्या को दूर नहीं किया गया है। **-हिमांशु तड़ागी**, ग्रामीण

हर माह पानी के 3 से 4 टैंकर खरीदने पड़ते हैं। जिसके चलते जेब पर अतिरिक्त भार पड़ता है। लेकिन बिना पानी के जीवन-यापन भी संभव नहीं है। गांव में पानी की समस्या को जल्द से जल्द दूर करना चाहिए। **-अजय धोनी**, ग्रामीण

गांव में जल जीवन मिशन के तहत काम चल रहा है। अभी काम पूरा होने में करीब 4 माह और लग जाएंगे। तब तक के लिए विभाग द्वारा इलाके में पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। **-आरएस लोशाली**, ईई जल संस्थान

सड़क हादसों में तीन पर्यटकों समेत चार लोग घायल

नैनीताल/कालाढूंगी, अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसों में चार बाइक सवार युवक घायल हो गए। पहले हादसे में हाईकोर्ट क्षेत्र में ओवरटेक के दौरान पर्यटक की बाइक दूसरी बाइक से टकराकर रपट गई। मल्लीताल निवासी दिनेश राणा शनिवार की दोपहर सूखाताल क्षेत्र से नीचे की ओर आ रहा था। तभी मनु महारानी होटल के समीप सामने से आ रही बाइक ओवरटेक करने के दौरान उसकी बाइक से टकरा गई। हादसे में दीपक राणा को मामूली चोटें आईं, जबकि दूसरी बाइक पर सवार मेरठ निवासी मोहम्मद दानिश का हाथ टूट गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली जा पहुंचे। जहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

वहीं दूसरे हादसे में कालाढूंगी में नैनीताल से लौट रहे मुरादाबाद के दो पर्यटक घायल हो गए। उनकी बुलेट अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घायलों में मुरादाबाद निवासी आसिफ और अब्दुल हैं। नगर से तीन किलोमीटर दूर ब्रह्म बुबु मंदिर गेट के पास उनकी बुलेट खाई में गिर गई। राहगीरों ने उन्हें खाई से निकालकर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने उपचार के बाद दोनों को हल्द्वानी रेफर कर दिया।

चुनाव में लगे वाहनों में लगाएं जीपीएस

हल्द्वानी, अमृत विचार : संयुक्त मुख्य सचिव निर्वाचन प्रताप सिंह शाह ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एमबीपीजी कॉलेज में उन्होंने सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि चुनाव ड्यूटी में लगे सभी वाहनों पर जीपीएस सिस्टम समय से लगाएं।

कहा कि चुनाव ड्यूटी में सभी कार्मिकों का वोटिंग वोटर आईडी और पोस्टल बैलेट शत-प्रतिशत होना चाहिए। निर्वाचन कार्य को सभी अधिकारी मनोयोग और तत्परता से करें। यहां नोडल अधिकारी कार्मिक अशोक पांडे, नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र मौजूद रहे। शनिवार को 100 कार्मिकों ने पोस्टल बैलट से मतदान किया।

अप्रैल माह में बारिश को तरसा कुमाऊं, बढ़ी गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा बीतने वाला है और कुमाऊं मंडल में बारिश न के बराबर हुई है। मंडल के सभी जिलों में बारिश की स्थिति चिंताजनक रही है। जिस वजह से तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

अप्रैल में अभी तक अल्मोड़ा जिले में सामान्य से 87 प्रतिशत, बागेश्वर में सामान्य से 95 प्रतिशत, चम्पातव में सामान्य से 85 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसके अलावा पिथौरागढ़ जिले में भी सामान्य से 96 प्रतिशत कम बारिश हुई है। नैनीताल जिले में नगण्य बारिश दर्ज की गई है। वहीं ऊधमसिंह नगर जिले में भी बारिश का यही हाल है। यहां सामान्य से 89 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अप्रैल माह में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से बारिश होती है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय तो हुए लेकिन वह कमजोर थे। जिस वजह से कम बारिश हुई। कम बारिश होने की वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का और असर रहेगा।

दोपहर में पड़ी तेज गर्मी

हल्द्वानी : हल्द्वानी में दोपहर के समय तेज गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। शनिवार को सुबह से तेज धूप निकल रही है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री पार कर गया। साथ ही न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

मतदान के बाद होगी उपद्रवियों की तलाश

हल्द्वानी, अमृत विचार : चुनाव की वजह से बनभूलपुरा हिंसा का प्रकरण लगभग थम गया है, लेकिन चुनाव बीतते ही पुलिस एक बार फिर एक्शन में दिखाई देगी। पुलिस ने कई लोगों को चिन्हित किया है, जो चुनाव बीतते ही गिरफ्तार किए जाएंगे।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा भड़की थी। उपद्रवियों ने पथराव, आगजनी, फायरिंग की और बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक समेत करीब सौ लोगों को पुलिस जेल भेज चुकी है। जिसके बाद पुलिस चुनावी मोड में आ गई और उपद्रवियों की गिरफ्तारी रुक गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि चुनाव समाप्त होते ही बनभूलपुरा प्रकरण में आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

हत्यारोपी सौरभ का नहीं चला पता, खाक छान कर लौटी टीम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अफसाना की हत्या को पांच दिन हो चुके हैं, लेकिन न तो हत्यारे सौरभ राज का पता चल पाया है और न ही हत्या की चश्मदीद बेटियों अलीशा और इबरा का। पुलिस की टीमें उत्तर प्रदेश के कई शहरों में दबिशें देकर वापस लौट आई है। वहीं एसओजी की खोज अब भी जारी है। डर सिर्फ इस बात का है कि हत्यारा पिता कत्ल के असल गवाहों को नुकसान न पहुंचा दे।

सुभाषनगर रुद्रपुर निवासी सौरभ राज यहां शिवाजी कॉलोनी में अपनी पत्नी अफसाना उर्फ आस्था, बेटी अलीशा (5 वर्ष) और इबरा (3 वर्ष) के साथ रहता था। बीती 8 अप्रैल को सौरभ का अफसाना से झगड़ा हुआ। जिसके बाद रात करीब 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच उसने अफसाना की गला घोंट कर हत्या कर दी और दोनों बेटियों को लेकर फरार हो गया। घटना का पता 10 अप्रैल को तब लगा जब मकान मालिक गंगा राम पुताई के लिए सौरभ के कमरे में पहुंचा।

सौरभ की तलाश में पुलिस उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद, रामपुर और आगरा में दबिश देने पहुंची। जब कुछ हासिल नहीं हुआ तो टीमें वापस लौट आईं। चूंकि सौरभ आगरा में ही नौकरी कर रहा था, ऐसे में एक टीम अब भी आगरा में डेरा डाले हुए है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीमें लगातार उसकी तलाश में दबिशें दे रही हैं।

अफसाना हत्याकांड

- सौरभ की तलाश में बरेली, मुरादाबाद और आगरा गई थीं पुलिस टीमें
- आगरा में अभी भी टीम का डेरा, हत्या से पहले आगरा में ही नौकरी कर रहा था आरोपी

सौरभ और अफसाना का फाइल फोटो।

भुजियाघाट तिराहे पर हादसे के बाद घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजते लोग।

तीन वाहनों में भिड़ंत, बाइक और लोडर चालक घायल

हल्द्वानी, अमृत विचार : भुजियाघाट तिराहे पर तीन वाहनों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। लोडर पहले मोटर साइकिल से भिड़ा और अनियंत्रित होकर एक कार से टकरा कर पलट गया। हादसे में बाइक सवार और लोडर चालक घायल हो गये। शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे नैनीताल की ओर से पानी और कोल्ड ड्रिंक की बोतलों से भरा लोडर हल्द्वानी की ओर जा रहा था। भुजियाघाट तिराहे पर अचानक सामने से बाइक आ गई और दोनों में भिड़ंत हो गई। इससे पहले कि चालक संभल पाता, लोडर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से टकराकर पलट गया। हादसे के चलते मौके पर जाम लग गया। एंबुलेंस की मदद से घायल बाइक चालक और चोटिल पिकअप चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक चालक के दाएं पैर में गंभीर चोट है। वहीं पिकअप चालक के बाएं हाथ में चोट आईहै। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर जाम खुलवाया।

छात्रों की तुलना में प्रश्न पत्र आ रहे आधे, फोटो कॉपी से चल रहा काम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में चल रही परीक्षाओं में छात्रों की तुलना में प्रश्न पत्र काफी कम आ रहे हैं। ऐसे में प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी कराकर काम चलाना पड़ रहा है। जिससे छात्रों को समय से प्रश्न पत्र नहीं मिल पा रहे हैं।

गौरतलब है कि एमबीपीजी कॉलेज में बीती 30 मार्च से वार्षिक पद्धति (बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष) की मुख्य व भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन शाम की पाली में परीक्षा दे रहे छात्रों की तुलना में अकसर 50 प्रतिशत तक प्रश्न पत्र कम आ रहे हैं। ऐसे में प्रश्न पत्रों की फोटो कॉपी कराकर छात्रों को बांटी जा रही हैं। फोटो कॉपी करने में समय लग रहा है। जिससे छात्रों को काफी देर से प्रश्न पत्र मिल रहे हैं।

शनिवार को शाम की पाली में बीकॉम तृतीय वर्ष के कॉमर्स की परीक्षा में 733 छात्रों ने प्रतिभाग किया, लेकिन प्रश्न पत्रों की संख्या 50 प्रतिशत तक कम होने के कारण उनकी फोटो कॉपी कराई गई। जिसमें काफी समय लगा, लेकिन तब तक छात्र खाली बैठे रहे। पेपर देकर बाहर निकले एक छात्र ने बताया कि शाम की पाली में एक बजे से पेपर शुरू हुआ, लेकिन प्रश्न पत्र मिलते-मिलते दो बज गए। छात्रों को दो घंटे में ही प्रश्न पत्र हल करना पड़ा।

इधर, कॉलेज के अधिकारियों ने बताया कि पेपरों के लिफाफे को तय समय में ही खोलने का आदेश है। इसलिए फोटो कॉपी कराने में समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि छात्रों ने काफी समय बाद तक परीक्षा फॉर्म भरे, जिससे छात्रों की संख्या बढ़ गई।



बोले परीक्षा प्रभारी

प्रश्न पत्रों की संख्या कम आने की सूचना विश्वविद्यालय को दे दी गई है। आगामी परीक्षाओं में सुधार किया जाएगा। **- महेश कुमार**, परीक्षा प्रभारी, एमबीपीजी कॉलेज

कबाड़ के गोदाम व मोटर गैराज पर छापा

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस का चेकिंग अभियान तेज हो गया है। पुलिस ने ऑपरेशन 'ब्लैक मार्केट' के तहत जनपद के 40 क्षेत्रों में स्थित कबाड़, मोटर गैरेज और रिपेयरिंग की दुकानों पर छापा मारा है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि ऑपरेशन 'ब्लैक मार्केट' को सख्ती से चलाते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित कबाड़ गोदाम, मोटर गैराज और रिपेयरिंग की दुकानों की चेकिंग की गई।

इस दौरान अनियमितता आये जाने पर 119 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस एक्ट के तहत चालान काटकर 52 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने सभी दुकान मालिकों को कर्मचारियों के शत-प्रतिशत सत्यापन कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

मतदान स्थल पर बनाई रील तो जाना होगा जेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बात-बात पर रील और वीडियो बनाने वाले रहें सावधान
- चुनाव कार्यालय और पोलिंग बूथ पर भी पुलिस की पाबंदी

अमृत विचार : बात-बात पर रील और वीडियो बनाने वाले चुनाव के दौरान सावधान रहें। अगर मतदान स्थल, चुनाव कार्यालय और पोलिंग बूथ के आस-पास रील या वीडियो बनाते पकड़े गए तो सीधे जेल जाना पड़ सकता है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखने को मिला। दो युवकों को पूरा दिन और रात थाने में गुजरानी पड़ गई थी।

हुआ यूं कि शुक्रवार को पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल और अन्य राज्यों से आई पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की रिहर्सल कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो युवक एमबीपीजी कॉलेज के पास वीडियो बनाते योगी की सभा स्थल की ओर बढ़े। इस पर केंद्रीय सुरक्षा बल और पुलिस ने उन्हें रोक लिया और कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। योगी की सुरक्षा के लिहाज से छानबीन की गई कि दोनों युवक आखिर क्यों वीडियो बना रहे थे। इसमें पूरा दिन और रात गुजर गई। जब पुष्टि हुई कि युवकों का उद्देश्य गलत नहीं था, तब जाकर शनिवार को उन्हें छोड़ा गया। इधर, एसएसपी ने बताया कि रील और वीडियो सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं हैं। यदि मतदान स्थल व चुनाव कार्यालय के आसपास ऐसे लोगों को देखा गया तो सख्ती से निपटा जाएगा।

तत्परता | मुख्यमंत्री योगी के आगमन से पहले लोक निर्माण विभाग ने दिखाई तेजी, पांच साल से नहीं ली थी सड़क की सुध

रातों-रात भर दिए एफटीआई से एमबी तक सड़क के गड्ढे

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़कों के गड्ढे हल्द्वानी की पहचान बन गए हैं। पांच साल तक जनता इन जर्जर सड़कों से परेशान रही। हालांकि चुनाव से पहले कुछ सड़कों की हालत सुधारने का काम शुरू कर दिया गया। इधर, शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को देखते हुए सड़कों के गड्ढे रातों-रात भर दिए गए।

हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से लेकर गली-मोहल्ले की अधिकतर सड़कें जर्जर हैं। लोक निर्माण विभाग को आचार संहिता लगने से पूर्व कुछ सड़कों को बनाने के लिए बजट मिला। उसके बावजूद शहर की अधिकतर सड़कें अभी भी जर्जर हैं। जनता सालों से सड़कों को ठीक करने की मांग कर रही है, लेकिन अधिकारी बजट का अभाव की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

शनिवार को शहर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा रहा। एफटीआई से लेकर एमबी इंटर कॉलेज तक उनकी फ्लीट के रूट पर सड़क को पूरी तरह से रातों-रात ठीक किया गया। सड़कों के गड्ढे भर दिए गए। हीरानगर से पहले पुलिया के पास भी डामर कर दिया गया। पशु चिकित्सालय के सामने तो पूर्वान्ह के समय एक गड्ढे में डामर किया जा रहा था। हीरानगर चौराहे के पास भी सड़क को ठीक किया गया। इसके अलावा ठंडी सड़क को भी रातों-रात ठीक किया गया। एफटीआई रोड के गड्ढे भी भर दिए गए। वीआईपी दौरे से पहले लोनिवि ने पूरी सजगता के साथ सड़कों को ठीक करने का काम कर दिया, जबकि सालों से जर्जर सड़क को ठीक करने का काम नहीं हो रहा था।

सड़क के गड्ढे भरने के लिए किया गया डामरीकरण। ● अमृत विचार

सड़कों के किनारे से कूड़ा भी गायब

हल्द्वानी : वीआईपी दौरे की वजह से केवल सड़कों के गड्ढे ही ठीक नहीं हुए, बल्कि शहर में जहां-तहां पड़ा कूड़ा करकट भी साफ कर दिया गया। रामपुर रोड पर मेडिकल कॉलेज के सामने कूड़ादान होने के बावजूद वहां कूड़े का निशान नहीं था। हीरानगर में भी रुद्राक्ष वन के पास से कूड़ा हटा दिया गया। एमबी इंटर कॉलेज के आसपास भी जबरदस्त सफाई अभियान चलाया गया। लोग नगर निगम के काम करने के तरीके को देखकर दंग हैं।

जाम से मुक्त रहीं सड़कें, मुख्यमंत्री योगी के आने-जाने पर हल्की परेशानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वीआईपी मूवमेंट से पहले शहर में पुलिस की मेहनत काम आई। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा से पहले और बाद में शहर जाम से मुक्त रहा। हल्की परेशानी लोगों को डायवर्जन प्लाइंट पर झेलनी पड़ी।

शनिवार को एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा थी। इसको लेकर पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया था। जिसके तहत रामपुर रोड, नैनीताल रोड, बरेली रोड और कालाढूंगी रोड से आने वाले भारी और हल्के चार पहिया वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित था। रामपुर रोड और बरेली रोड के वाहनों को तीनपानी से काठगोदाम की ओर भेजा गया। कालाढूंगी रोड के वाहनों को लालडांठ से डायवर्ट किया गया। इससे वाहनों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए लंबा फेरा जरूर लगाना पड़ा, लेकिन शहर जाम से मुक्त रहा। लोगों को परेशानी उस वक्त जरूर उठानी पड़ी, जब योगी का काफिला जनसभा की ओर गया और वापस एफटीआई के हेलीपैड पर लौटा।

कोतवाली के पास ट्रैफिक रोकने के कारण जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

रेल पटरी से चोरी सामान कबाड़ी की दुकान में मिला, तीन दबोचे

लालकुआं : रेलवे सुरक्षा बल लालकुआं ने रेल पटरियों के बीच से चुराई गई फिश प्लेटों व अन्य सामान को मोटाहल्दू में कबाड़ी की दुकान से बरामद किया। तीन आरोपियों को माल समेत गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली कि मोटाहल्दू में अख्तर कबाड़ी की दुकान पर रेल संपत्ति की खरीद फरोख्त हो रही है। जिस पर रेलवे पुलिस ने दुकान की तलाशी ली। दुकान से भारी मात्रा में रेल सम्पत्ति बरामद हुई, जिसमें रेलवे लाइन में लगने वाली 2 जोड़ा फिश प्लेट शामिल हैं। आरपीएफ द्वारा कबाड़ी के अलावा दो युवकों जो सुनसान क्षेत्र में रेलवे की पटरी के बीच से फिस प्लेट निकाल कर उक्त कबाड़ी की दुकान में बेच दिया करते थे को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में भूरा अली निवासी दोपहरिया गेट थाना पुलभट्टा किच्छा, सुमित पाल सागर निवासी वर्मा कॉलोनी लालकुआं और अख्तर निवासी उत्तर उजाला सनी बाजार थाना बनभूलपुरा हल्द्वानी के नाम शामिल हैं।

किशोरी ने रिश्तेदारों पर लगाया मारपीट का आरोप

नैनीताल : शहर के मल्लीताल क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय एक अनाथ किशोरी ने तीन वर्ष से उसका पालन पोषण कर रहे मामा के बेटे व अन्य रिश्तेदारों पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाया। कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार 2021 में किशोरी माता की मृत्यु के बाद वह मामा के परिवार के साथ रह रही है। किशोरी ने मामा के बेटे और अन्य रिश्तेदारों पर मारपीट का आरोप लगाया। किशोरी ने कहा कि बीते दिनों विद्यालय से घर आने के बाद ममेरे भाई ने उसे जान से मारने का प्रयास किया। किशोरी ने कहा कि वह अब मौसी के बेटे के साथ अपने घर में रहना चाहती है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामला संपत्ति से भी जुड़ा हुआ है। नाबालिग होने के कारण फिलहाल किशोरी को सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द कर दिया।

धामी और योगी ने किया सैनिक परिवारों का अपमान

हल्द्वानी : कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। कहा कि योगी व धामी ने बोला कि उनकी सरकार सैनिक परिवारों के साथ खड़ी है। यदि सरकार सैनिक परिवारों के साथ खड़ी है तो शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं व परिवारजनों को मिलने वाली 10 लाख प्रोत्साहन राशि का क्यों विरोध कर रही है? बल्यूटिया ने कहा कि धामी सरकार न्यायालय में शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं व परिवारजनों को प्रोत्साहन राशि न दिये जाने के लिए अपील कर पैरवी कर रही है। योगी व धामी ने अग्निवीर योजना को मौन स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि बेटी सुरक्षा की बात करने वालों के राज में बहन अंकिता के परिवाजनों व उत्तराखंड वासियों को आज भी न्याय की दरकार है।

पंजाब नेशनल बैंक का 130वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

पीएनबी ने धूमधाम से मनाया 130वां स्थापना दिवस

हल्द्वानी : पंजाब नेशनल बैंक का 130वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मंडल कार्यालय सभागार में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल प्रमुख प्रताप सिंह रावत ने बैंक के संस्थापक व स्वतंत्रता संग्राम सैनानी लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने बैंक के गौरवशाली इतिहास के बारे में प्रकाश डाला। बताया कि बैंक ने अपना परिचालन बैसाखी के दिन 12 अप्रैल 1895 को अविभाजित भारत के शहर लाहौर से किया था, 1947 में विभाजन की त्रासदी के बाद अपना कारोबार दिल्ली स्थानान्तरित कर दिया। तब से बैंक निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश के पहले स्वदेशी बैंक पीएनबी ने 2 लाख रुपये की अधिकृत व 20 हजार की कार्यशैली पूंजी से अपना परिचालन शुरू कर सफलता की ओर अग्रसर रहा। उन्होंने बताया कि बैंक ने 31 दिसंबर, 2023 तक अपने कारोबार को 22.90 लाख करोड़ तक पहुंचा दिया है। इस अवसर पर उपमंडल प्रमुख संजीव पुरोहित, एमसीसी प्रमुख संजीव कुमार, मुख्य प्रबंधक गण केसी नौटियाल, धीरेंद्र यादव, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, विकास कुमार झा, एसोसिएशन से हिमांशु बृजवाल आदि उपस्थित रहे।

खनन रोकने गई टीम पर पथराव गाड़ी के शीशे तोड़े, आरोपी फरार

कालूसिद्ध गेट के रास्ते पर तीन वाहनों को रोकने पर खनन माफिया ने किया हमला

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : खनन माफिया पर कार्रवाई करने गई तराई पश्चिमी वन प्रभाग के दो रेंजों की संयुक्त टीम पर शनिवार दोपहर कई लोगों ने पथराव कर दिया। हमलावरों ने एक सरकारी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। वन कर्मियों की ओर से बराबर मुकाबला किये जाने पर आरोपी भाग गए। वन विभाग ने बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

वन प्रभाग की रामनगर रेंज और आमपोखरा रेंज की संयुक्त टीम एसओजी को साथ लेकर अवैध खनन पर कार्रवाई करने पहुंची थी। टीम ने कालूसिद्ध गेट के रास्ते पर तीन वाहनों को अवैध खनन पर रोका तो ड्राइवरों ने वाहन भगा दिए। संयुक्त टीम ने पीछा कर इन वाहनों को पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम नदी में पहुंची, जहां देवघाट पर अवैध खनन चलते देखा व एक बैक कराहा पकड़ लिया गया। इसी बीच खनन माफिया के पक्ष से कई लोग वहां पहुंच गए और वन विभाग की टीम पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में आमपोखरा रेंज के वाहन के शीशे टूट गए। वनकर्मी साहस कर उनके पीछे भागे, लेकिन हमलावर भाग गए। वनकर्मियों ने हमलावरों के खिलाफ बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस में तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए देर रात तक वनविभाग की टीम पुलिस चौकी पर जमी थी।

माफिया के हमले में टूटा वन कर्मियों के वाहन का शीशा।

> तराई पश्चिमी वन प्रभाग की संयुक्त टीम ने एसओजी के साथ देवघाट में अवैध खनन पकड़ा तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में छह नामजद और 10-15 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। अगर रविवार को मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो पुलिस के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया जाएगा।
> **-पीसी आर्या**, डीएफओ, तराई पश्चिम वन प्रभाग

नैनीताल में चुनाव रैली में शामिल प्रत्याशी प्रकाश जोशी, सुमित हृदयेश व अन्य।

कांग्रेस सरकार में अग्निवीर योजना होगी बंद : प्रकाश

हल्द्वानी/नैनीताल : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने शनिवार को नैनीताल में तल्लीताल से मल्लीताल तक रोड शो किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में अग्निवीर योजना को तुरंत बंद करेंगे। यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए कांग्रेस न्याय गारंटी लाएगी। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है। नैनीताल शहर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने कहा कि पर्यटन राज्यमंत्री के लोकसभा क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय पटरी से उतर चुका है। चेयरमैन नैनीताल सचिन नेगी ने कहा कि पर्यटन नगरी नैनीताल से कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे। प्रकाश जोशी ने ज्योलीकोट, दोगांव, भुजियाघाट और बनभूलपुरा क्षेत्र में भी जनसंपर्क किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन कनवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश पांडे, कैलाश अधिकारी, वरिष्ठ ब्लॉक प्रमुख हिमांशु पांडे, प्रदेश सचिव राजेन्द्र बिष्ट रज्जी, खष्टी बिष्ट, भावना भट्ट, नवनीत सती, गिरीश पपनै, सूरज पांडे, मुकेश जोशी, मनोज बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, मोहम्मद गुफरान आदि रहे।

किसी एनआरआई का मतदान के लिए आवेदन नहीं

हल्द्वानी : विदेश में रहने वाले भारतीय भी अब लोकतंत्र के पर्व चुनाव में भाग ले सकते हैं, लेकिन आश्चर्यजनक है कि जनपद नैनीताल में एक भी अप्रवासी भारतीय ने इसके लिए आवेदन नहीं किया है।

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी
के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment
9456727473
9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

डॉ. लक्ष्मीकान्त जोशी
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी)
वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन
सिरदर्द, मिर्गी एवं स्ट्रोक विशेषज्ञ
चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
KAILASH NEURO CENTER
कैलाश न्यूरो सेंटर
IDF C बैंक के सामने, कालाढूंगी रोड, पीलीकोठी, हल्द्वानी
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 7409873078, 6395587708
समय : प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं सायं 05 से 07 बजे तक
सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश)

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'
गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroentrology
Ex AIIMS, New Delhi
जनरल लैप्रोस्कोपिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MS (Gen. Surgery)
MCH (Ped. Surgery)
बाल एवं नवजात शिशु रोग विभाग
डॉ. रवि अदलखा
MBBS, MD. Fellowship Pediatric Intensive Care
Ex. Registrar Apollo Delhi
Ex. Sr. Resident PGI Lucknow
भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
ओपीडी समय : प्रात: 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
पैथोलॉजी विभाग
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)
FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Now HDFC Ergo General Insurance Company is empanelled with Shri Ram Hospital
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards
सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राघव एडवान्सड यूरोलॉजी सेन्टर
राघव पैथ लैब्स एंड इमेजिंग की इकाई
डॉ. सिद्धार्थ पाण्डे
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., एम.एस.(पीजीआईएमएस, रोहतक)
एम.सीएच (यूरोलोजी) केजीएमयू, लखनऊ
सदस्य
अमेरिकन यूरोलॉजी एसोसिएशन (एयूए)
यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ यूरोलॉजी (ईएयू)
कंसलटेंट यूरोलॉजिस्ट
• एंड्रोलोजी • रिकन्सट्रक्टिव यूरोलॉजी
• यूरो-ऑन्कोलॉजी • फीमेल यूरोलॉजी
अब हल्द्वानी में...
लेज़र द्वारा प्रोस्टेट सर्जरी (HoLEP) के लिए कुमाऊँ का विश्वसनीय सेंटर
60W Holmium Laser
अब पेशाब की सारी पथरियों का ईलाज लेजर द्वारा
अत्यंत पतली दूरबीन से लेजर द्वारा पथरी तोड़ी जाती है।
उपचार-
• PCNL / MINI PCNL (गुर्दे की पथरी)
• Laser URS
• Laser CLT
Olympus Turis 2.0- Plasma System
Olympus Turis 2.0 द्वारा प्रोस्टेट के आपरेशन की सुविधा
उपचार-
• Plasma TURP (प्रोस्टेट का इलाज)
• TUVP (प्रोस्टेट का वाष्पीकरण)
ट्यूब द्वारा गुर्दे की सर्जरी प्रक्रिया (RIRS)
Kidney
Ureter
Bladder
Urethra
Ureteroscope
Ureteric Stone
बिना चीरा गुर्दे की पथरी का ईलाज
राघव पैथ लैब्स एंड इमेजिंग
क्षेत्र की उन्नत, पूर्णत: ऑटोमेटिक एवं बारकोडिड लैब सीटी स्कैन सहित सभी जाँचों की सुविधा उपलब्ध
RAGHAV PATHLABS
Dr Tushar Pandey
MD Pathology
PGIMER Chandigarh
Raghav Pathlabs and Imaging
Dr. Tanica Pandey
MD Radio Diagnosis
Consultant Radiologist
Raghav Pathlabs and Imaging
•Digital X-Ray •Mammography •HSG, MCU, IVP
•Ultrasound •Color Doppler •Pathology
कपिल कॉम्पलेक्स, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
फोन : 05946-282909, मोबा. 7895095928, 7351119999

एमबी इंटर कॉलेज में हुई रैली में जनता का अभिवादन करते उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, भाजपा उम्मीदवार अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व अन्य। ● अमृत विचार

हिंदू होने पर गर्व करना सांप्रदायिकता है तो हम सांप्रदायिक हैं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय संकल्प रैली में कांग्रेस व गठबंधन के भाजपा के सांप्रदायिक होने के आरोपों का दिया जवाब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा जहां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर विश्वास करती है। वहीं कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन के दल का एक ही लक्ष्य है 'मैं, मेरा परिवार और उनका विकास' है।

शनिवार को एमबी इंटर कॉलेज मैदान में हुई विजय संकल्प रैली में सीएम धामी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण का जहर घोला और सनातन का अपमान किया। कांग्रेस और गठबंधन के दल भाजपा पर सांप्रदायिक होने और लोकतंत्र को खतरा होने का आरोप लगा रहे हैं । यदि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, समान नागरिक संहिता लागू करना, सीएए से पीड़ितों को हक दिलाना, वंदे मातरम गाना और हिंदू होने पर गर्व करना सांप्रदायिक है तो हम सांप्रदायिक हैं लेकिन हम दोगले नहीं हैं। जो वोट बैंक के हिसाब से कभी टोपी और कभी जनेऊ धारण कर लेते हैं। कांग्रेस तुष्टिकरण में इतनी अंधी है की देशहित के हर फैसलों का विरोध किया। इसी घटिया राजनीति के चलते सर्जिकल स्ट्राइक को झूठा करार दिया । राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिन्हें कांग्रेस की सरकार ने तुष्टिकरण की भेंट चढ़ाने का काम किया था। समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई, महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, धर्मांतरण विरोधी व दंगारोधी कानून बनाए। अब हमें तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस को सबक सिखाते हुए राज्य में फिर से कमल खिलाना है।

उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ को उत्तराखंड की टोपी पहनाते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

01 पहली बार हल्द्वानी में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ व सीएम धामी ने हल्द्वानी में की रैली

05 हजार लोग योगी को देखने व सुनने पहुंचे, भीषण गर्मी के बावजूद भी खचाखच भरा था पंडाल

योगी की लोकप्रियता इतनी कि बच्चा-बच्चा बुलडोजर बाबा को जानने लगा

हल्द्वानी : सीएम धामी ने कहा कि महाराज (योगी आदित्यनाथ) उत्तराखंड की माटी के ही लाल हैं। राज्य का प्रत्येक नागरिक उनसे बहुत स्नेह करता है। पूरे देश में महाराज की ओर से उत्तर प्रदेश में किए ऐतिहासिक कार्यों की धमक सुनाई देती है। हर राज्य में योगी आदित्यनाथ की डिमांड रहती है। उनकी लोकप्रियता इतनी है कि आज देश का बच्चा-बच्चा भी बुलडोजर बाबा को जानने लगा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को बीमारु राज्य समझा जाता था लेकिन योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्कृष्ट प्रदेश बन गया है। प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगा और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट का बूम आ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन की ओर अग्रसर है, इनमें उत्तरप्रदेश की अर्थव्यवस्था को योगी एक ट्रिलियन बनाने में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कई वर्ष पूर्व अयोध्या गए थे तब राम लला को टेंट में देखकर बहुत दुख हुआ था। आज प्रधानमंत्री और महाराज के संकल्प से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सपना साकार हुआ है। सीएम ने कहा कि काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए भक्तों को तंग गलियों से होकर गुजरना पड़ता था लेकिन अब काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने से यह समस्या खत्म हो गई।

बोले भाजपा नेता

"प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल से पहले गठबंधन से सरकार बनती थीं, अब विपक्ष बन रहा है। प्रधानमंत्री ने सारा कूड़ा इकट्ठा कर दिया है अब इसे सीमा पार फेंकने की जरूरत है। सांप-नेवले इकट्ठे हो गए हैं। **-बंशीधर भगत**, विधायक कालाढूंगी

"अब की बार 400 पार का संकल्प उत्तराखंड साकार करेगा। एक तरफ स्पष्ट नेतृत्व है, दूसरी तरफ ठगों का मेला है। जब आदमी को सच पता होता है तब झूठ सुनने में बड़ा मजा आता है। देश को बांटने वालों को नहीं विश्वगुरु बनाने को मत देंगे। **-सौरभ बहुगुणा**, कैबिनेट मंत्री

"देश को विश्व की पांचवीं से तीसरी आर्थिक महाशक्ति और वर्ष 2047 तक विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व की जरूरत है। **-प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष नैनीताल

"भाजपा ने नारी वंदन के जरिए महिलाओं को घरों से संसद तक प्रतिनिधिनित्व का मौका दिया है, अब बारी आधी आबादी की है। **-बेला तोलिया**, जिला पंचायत अध्यक्ष

"योगी के सीएम बनने के बाद उप्र में व्यापारी, बहनें सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अपराधियों ने उप्र या दुनिया छोड़ दी है। भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीतेगी क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी इलेक्शन टूरिज्म के लिए आते हैं। **-प्रदीप बिष्ट**, क्लस्टर सह प्रभारी, कुमाऊं

झलकियां

पांच कमल का हार प्रधानमंत्री के गले में डाल दीजिए

पर्वों की धूम है, घर-घर जाइए मोदी का प्रतिनिधि बनकर जाइए। लोगें को आश्वस्त कीजिए कि उन्हें किसी भी चीज की चिंता नहीं करनी है। सब काम सरकार करेगी। बस, एक-एक व्यक्ति को मतदान के लिए प्रेरित करना है कि 19 अप्रैल को वोट देने पहुंचे। उत्तराखंड की पांच सीटें जिताकर पांच कमलों का हार मोदी के गले में डाल दीजिए, फिर पूरा देश अब की बार 400 पार के लिए तैयार बैठा है।

जहां जनता का हित होता है, वहीं खड़ा होता है उत्तराखंड

उत्तराखंड तो राष्ट्रवाद, राष्ट्रधर्म के साथ होता है जहां भारत की जनता के हित में जो होगा उत्तराखंड वहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल देने के लिए संकल्पबद्ध है पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल पहले तीन वर्षों में भारत को तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने, युवाओं को रोजगार देने, महिलाओं की समृद्धि, किसानों की खुशहाली, व्यापारियों की रखवाली के जरूरी होगा।

सिख बंधुओं को बैसाखी की शुभकामनाएं

आज बैसाखी का भी पावन पर्व है, बैसाखी के साथ ही खालसा पंथ का स्थापना दिवस भी है। गुरु गोविंद सिंह ने वर्ष 1699 में हिंदू धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। तब उन्होंने कहा था कि 'इस सकल जगत में खालसा पंथ गाजे जगे भर हिंदू सकल भंड भाजे'। जब धर्म की रक्षा के लिए चार पुत्र का बलिदान हो गया तब उन्होंने कहा था 'देश धर्म के वास्ते वार दिए सुत चार, चार गए तो क्या हुआ जीवित कई हजार'। ऐसी परंपरा को नमन करते हुए सिख बंधुओं को बैसाखी की बधाई देता हूं।

रैली समाप्त होने के बाद पीएम मोदी, सीएम योगी के पोस्टर ले जाती महिला।

कार्यक्रम स्थल में नाच कर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

रैली की वजह से नैनीताल रोड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

एमबी इंटर कॉलेज में विजय संकल्प रैली में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट एवं खिलेंद्र चौधरी, क्लसटर सह प्रभारी प्रदीप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत एवं विकास भगत, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, मंडी बोर्ड के चेयरमैन अनिल कपूर डब्बू, जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्या, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, तरुण बंसल, जिला महामंत्री नवीन भट्ट एवं रंजन बर्गली, भुवन भट्ट, विनोद मेहरा, विष्णु सक्सेना, महेश शर्मा आदि मौजूद थे।

योगी ने बचपन की पीड़ा याद कर कांग्रेस को कोसा

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी पहुंचे तो उत्तराखंडियों को ये एहसास दिलाया कि वह भले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हों, लेकिन पहले उत्तराखंडी हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में उत्तराखंड में बीते अपने बाल्यकाल को याद किया और कांग्रेस को जमकर कोसा। उन्होंने जंगल की लकड़ी से लेकर स्रोत के पानी की बात की और उन दिनों की मजबूरियां गिनाकर उत्तराखंडी माताओं-बहनों की पीड़ा को बयां किया। उनके मुंह से निकले शब्दों में भले ही यहां की महिलाओं के लिए मरहम हो, लेकिन कांग्रेस के लिए जहर लगे तीर से कम नहीं थे।

एमबी इंटर कालेज के मैदान में उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत ही उत्तराखंड की आराध्य मां नैना, मां नंदा देवी, मां शीतला मइया और कड़-कड़ में बसे हर हर महादेव के जयकारों से की। कहा, उत्तराखंड की जिस धरती ने उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत को जन्म दिया हो, जिस धरनी ने पं नारायण दत्त तिवारी और हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे सपूता को जन्म देकर यूपी को यशस्वी नेतृत्व दिया हो, ऐसी देवभूमि को नमन करता हूं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे देवभूमि में आने का अवसर मिला है। बोले, मेरा तो बचपन उत्तराखंड में व्यतीत हुआ है। तब माता-बहनों को दो-दो, तीन-तीन किमी दूर से पानी लाना पड़ता था। चूल्हा जलाने के लिए दूर जंगल से लकड़ी लानी पड़ती थी। कांग्रेस न तो जल दे पाई और न ही चूल्हे के लिए केरोसिन उपलब्ध करा पाई। अब उज्जवला गैस कनेक्शन मिल रहा है। हर घर जल हर घर नल योजना से घर-घर पहुंचा है। कहा, कांग्रेस ने जमरानी को सालों तक सिर्फ मुद्दा बनाए रखा। धामी सरकार आई तो उन्होंने मुझसे बात की। धामी उत्तर प्रदेश आए और हमने मिलकर सालों पुरानी समस्या का पल भर में समाधान निकाल लिया।

उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ का अभिवादन करते राजेंद्र बिष्ट व प्रदीप बिष्ट।

यादें

- **जंगल की लकड़ी से जलते थे चूल्हे, केरोसिन तक नहीं दे पाई कांग्रेस, बोले-जमरानी बांध को भी मुद्दा बनाए रखा**

उत्तराखंड के पानी से उत्तम प्रदेश बना उत्तर प्रदेश

हल्द्वानी : योगी ने कहा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का गहरा नाता है और कोई दोनों को अलग नहीं कर सकता। दोनों एक-दूसरे में रचे-बसे हैं। हां से जब नदियों को पानी आता है तो उत्तर प्रदेश पहुंचता है तो उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में सहायक होता है।

देवभूमि के कंकड़-कंकड़ में शंकर

हल्द्वानी : उत्तराखंड को देवभूमि क्यों कहते हैं, योगी ने ये भी स्पष्ट किया। कहा, देवभूमि के कंकड़-कंकड़ में शंकर हैं। यहां का हर स्थल पवित्रता के भाव से भरा पड़ा है। यही वजह है कि देवताओं को भी उत्तराखंड की पवित्र भूमि पंसद है। अपने भाषण में उन्होंने बाबा केदारनाथ और बद्रीनाथ का भी जिक्र किया।

पीरूमदारा में जनसभा के दौरान मंचासीन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल प्रत्याशी प्रकाश जोशी, अल्मोड़ा प्रत्याशी प्रदीप टम्टा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

पीरूमदारा में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का फूल देकर अभिवादन करतीं कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

केंद्र सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए महिलाओं का गुणगान करती है : प्रियंका

पीरूमदारा के किसान इंटर कॉलेज में हुई जनसभा में अंकिता हत्याकांड, अग्निवीर मुद्दा उठाकर महिलाओं व युवाओं को साधा

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने पीरूमदारा की जनसभा में महिलाओं और युवाओं को कांग्रेस के पक्ष में साधने की न केवल भरपूर कोशिश की बल्कि, गढ़वाल संसदीय सीट से लगे नैनीताल और अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान किए जाने का माहौल बनाया। किसान इंटर कॉलेज में उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उन्होंने सरकार पर तीखे प्रहार किए। कहा कि जिन्होंने उत्तराखंड की बेटी का शोषण किया, उन्हें भाजपा की राज्य सरकार संरक्षण देकर उत्तराखंड की बहू-बेटियों का अपमान कर रही है।

उन्होंने महिलाओं को साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण विधेयक लेकर आई, मगर जिस विधेयक को अभी पांच या छह साल तक लागू ही नहीं होना है तो उसका ढोल पीटकर महिलाओं का क्यों अपमान कर रही है। प्रियंका गांधी बोलीं, उन्नाव में एक लड़की को जिंदा जलाया गया, आज तक उसके परिजनों को न्याय नहीं मिला। महिला पहलवानों का मेडल लाने पर स्वागत और बाद में उनका अपमान किया जाना साबित करता है कि केंद्र सरकार को केवल चुनावी लाभ के लिए महिलाओं का गुणगान करना आता है, बाकि महिलाओं से उसे कोई लेना देना नहीं है। महिलाओं को इस दिशा में सोचना होगा। उन्होंने सेना में अग्निवीर का मुद्दा उठाते हुए युवाओं को भी साधने की कोशिश की। युवाओं से मंच से ही सवाल किया कि बेरोजगारी का जिम्मेदार कौन है। पेपर लीक का मामला, भर्ती में बीस-बीस लाख रुपये के घोटाले आप लोगों को याद हैं ना। सरकार किसकी है दस सालों से यह भी याद है ना। बोलीं, उत्तराखंड के नौजवानों में हुनर है। वह आज विदेशों में जॉब करने को मजबूर हैं जब उनसे पूछती हूं कि अपने उत्तराखंड को क्यों छोड़ा तो तपाक से बोलते हैं कि सरकार के पास रोजगार देने को कुछ नहीं है। सभा के दौरान भीड़ से भरे पंडाल में अंगुलियों से इशारा कर बोलती हैं कि अब समय आ गया है जाग जाओ, अब समय आ गया है परिवर्तन का। इस सरकार के बदले अपने लोगों की सरकार चुनो, नौ जवानों की सरकार चुनो। तभी आपके सपने साकार होंगे।

पीरूमदारा में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी को सुनने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

गढ़वाल लोक सभा सीट के प्रत्याशी गणेश गोदियाल, अल्मोड़ा सीट के प्रत्याशी प्रदीप टम्टा, नैनीताल सीट के प्रत्याशी प्रकाश जोशी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, झारखंड की विधायक दीपिका पांडे, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति गैरोला, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक हरीश दुर्गा पाल, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, विधायक सुमित हृदयेश, भुवन कापड़ी, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, सतीश नैनवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, सतीश नैनवाल, जिलाध्यक्ष नैनीताल राहुल छिमवाल, डॉ. निशांत पपनै, पुष्कर दुर्गापाल, किशोरी लाल, भुवन शर्मा, देशबन्धु रावत, विनय पडलिया, महेंद्र प्रताप बिष्ट, हरिप्रिया सती, तारा सती, बीना रावत, नवीन सुनेजा समेत कई लोग शामिल थे। संचालन पूर्व विधायक रणजीत रावत ने किया।

हिमाचल प्रदेश में सरकार गिराने की हुई साजिश

रामनगर : प्रियंका गांधी ने बताया कि हिमाचल में सरकार को गिराने की पूरी साजिश की गई, 20-20 लाख रुपये की पेशकश की गई। कांग्रेस महासचिव ने पूछा कि क्या केंद्र सरकार का काम भ्रष्टाचार करना, पेपर लीक कराना और दूसरों की सरकारों को गिराना है। बताया कि इसके लिए पूरे साल भाजपा के नेता व्यस्त रहते हैं। चुनाव में जुमलेबाजी शुरू हो जाती है।

किसान धरने पर होते हैं तो प्रधानमंत्री विदेश चले जाते हैं

रामनगर : प्रियंका गांधी ने कहा कि किसानों को सरकार परेशान कर रही है। किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर डटे रहते हैं तो सरकार उनकी बिजली, पानी काट देती है। किसानों से बात तक करने कोई नेता नहीं आते हैं। किसान अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते हैं तो प्रधानमंत्री विदेश के भ्रमण पर चले जाते हैं।

युवाओं की उम्मीदें तोड़ रही सरकार, अब कांग्रेस को मौका दें

रामनगर : पीरूमदारा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लोगों को भाजपा की कमियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं की उम्मीदों को तोड़ने का काम कर रही है। प्रश्नपत्र लीक कराया जा रहा है। रोजगार की सही नीति नहीं होने से युवा बेरोजगार हैं। कांग्रेस महासचिव ने करीब 40 मिनट तक लोगों को संबोधित किया।

फ्री राशन से नहीं बनने वाला भविष्य

रामनगर : प्रियंका गांधी ने भाजपा की फ्री राशन योजना, किसान निधि आदि पर भी हमला किया। कहा कि भाजपा फ्री में राशन तो खिला रही है, लेकिन इससे लोगों का अच्छा भविष्य नहीं बनने वाला है। जीएसटी लगाकर किसानों को आर्थिक चोट दी है। कांग्रेस की सरकार बनी तो खेती करने वाले सभी उपकरण से जीएसटी को हटा दिया जाएगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

NOTICE

My Son KRISHNA DUMRA has passed high school Ubuqe Id- 7831141 Exam of St Mary's School Gadarpur. In it, father's name RAMAN DUMRA has been entered incorrectly by mistake. Whereas The correct name is RAMAN LAL Father's name should be Corrected in the marksheet RAMAN LAL Resident Tejafauja, Gadarpur, District Udham Singh Nagar (Uttarakhand).

हेलीपैड पर प्रियंका गांधी का स्वागत करते प्रत्याशी गणेश गोदियाल, प्रदीप टम्टा व प्रकाश जोशी।

रामनगर से पुराना नाता बताकर पौड़ी गढ़वाल के मतदाताओं से रिश्ता जोड़ गईं प्रियंका

रामनगर,अमृत विचार : कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा व ऊधमसिंह नगर लोकसभा की सीटों पर फोकस रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों में अनुभव की कमी नहीं है, 19 अप्रैल को उन्हें वोट देकर खुद को मजबूत बनाएं। रैली में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत पौड़ी के प्रत्याशी गणेश गौदियाल, अल्मोड़ा के प्रत्याशी प्रदीप टम्टा और नैनीताल ऊधमसिंह नगर के प्रत्याशी जोशी मौजूद रहे। प्रियंका गांधी ने तीन प्रत्याशियों से चुनाव को लेकर गुफ्तगू की। वहीं प्रियंका गांधी ने रामनगर से पुराना नाता बताकर खुद को पौड़ी गढ़वाल का बताया।

केजरीवाल का पोस्टर बना आकर्षण का केंद्र

रामनगर : प्रियंका गांधी की जनसभा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का समर्थक भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जैसे ही मंच पर प्रियंका गांधी ने बोलना शुरू किया तभी दर्शक दीर्घा में हाथ में पोस्टर लिए एक व्यक्ति खड़ा हो गया, जिसमें लिखा था मोदी का सबसे बड़ा डर केजरीवाल, हालांकि उसे देखकर प्रियंका मुस्कुराईं जरूर लेकिन बोली कुछ नहीं। इसी बीच आम पब्लिक की नजर भी पोस्टर पर पड़ी तो कुछ ने प्रतिक्रिया दी कि केजरीवाल समर्थक भी यहां मौजूद हैं।

केजरीवाल का पोस्टर दिखाता समर्थक।

रणजीत ने भीड़ से दिखाया दमखम

रामनगर : प्रियंका गांधी की सभा के लिए भीड़ जुटाने को लेकर आखिरकार रणजीत रावत ने विरोधियों को अपना दमखम दिखाया। उन्होंने सन्देश देने की कोशिश की कि कांग्रेस कार्यकर्ता चुप्पी जरूर साधे हैं मगर वह विपक्षियों से किसी भी मायने में कम नहीं हैं। असल में प्रियंका गांधी की सभा में मालधन में जुटी मुख्यमंत्री धामी की भीड़ से अधिक लोग एकत्र किए जाने की चुनौती जरूर थी। सभा स्थल पर 11 बजे तक पंडाल में गिने चुने लोग ही थे मगर प्रियंका गांधी के सभा स्थल पर पहुंचने से कुछ मिनट पहले ही लोगों का ऐसा रेला उमड़ा कि पंडाल दर्शकों से खचाखच भर चुका था। मंच से भीड़ देखकर सभी नेता गदगद नजर आए।

अब जनता बदलाव का मन बना चुकी है : यशपाल आर्य

रामनगर : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि अब जनता बदलाव का मन बना चुकी है। कहा कि सरकार की नीतियां ठीक नहीं हैं। पौड़ी गढ़वाल सीट के प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही लोगों को रोजगार दिया जाएगा। उच्च स्तर की शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि जिन लोगों को जनता से चुनकर भेजा, उन लोगों ने नैनीताल ऊधमसिंह नगर की जनता के लिए काम नहीं किया। अपना बजट तक विकास के कार्यों में नहीं लगा सके।

...सरकार जवाब नहीं देने वाली, अब जवाब जनता को देना है

रामनगर : कांग्रेस की न्याय रैली में प्रियंका गांधी नए अंदाज में दिखीं। उन्होंने कहा कि लोग उनका राजनीतिक भाषण नहीं बल्कि सच्चाई सुनें। प्रियंका ने बीच-बीच में भाषण रोककर लोगों की बात भी सुनी। कांग्रेस महासचिव ने शुरूआत में ही जनता की नब्ज को पकड़ने का प्रयास किया। जब लोगों ने उनसे सच्चाई सुनने की बात कही तो केंद्र सरकार की विफलताओं को गिनाने से प्रियंका गांधी पीछे नहीं हटीं और 15 मिनट तक उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला किया। भाजपा के नेताओं से प्रियंका ने सीधे सवाल किए। शिक्षा पर आपने क्या किया, जनता को बताएं, महिला सुरक्षा पर क्यों आरोपियों को बचा रहे हैं, जनता को बताएं, संबोधन के आखिरी मिनटों में उन्होंने कहा कि सरकार जवाब नहीं देने वाली। जवाब अब जनता को देना है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो कहा गया है, वह पूरा कराने का काम उनका खुद का होगा।

सरकार आई तो 30 लाख रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाएगी

रामनगर : कांग्रेस की उपलब्धियां और भाजपा की कमियां गिनाने के बाद प्रियंका का संबोधन जनता के लिए रहा। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार होगी तो लोगों का विकास भी होगा। इस बार हो युवाओं की सरकार, किसानों की सरकार होनी चाहिए। अपने बच्चों के भविष्य के लिए दें वोट। कांग्रेस की सरकार आई तो रिक्त 30 लाख पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना सरकार देगी।

प्रियंका गांधी की आरती उतारती महिला कार्यकत्री।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

गदरपुर गुरुद्वारे में सजा दीवान

गदरपुर : बैसाखी पर गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाया गया। मोगा पंजाब से आए ढाढी जत्थे के भाई बलकरण सिंह, बाज सिंह ने गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला। कथा वाचक राजेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने आज के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरुद्वारे में 2000 से ज्यादा लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर, राजेंद्र पाल सिंह, एनएस धालीवाल, सादा सिंह, हरि सिंह चुघ, अजायब सिंह धालीवाल, विनोद भुसरी, प्रथपाल सिंह, पृथ्वी बजाज, ज्ञान सिंह, बलिहार सिंह, कुलबीर सिंह, हरभजन सिंह सैनी, सुखदीप सिंह, जगदीश सिंह संधू, शमशेर सिंह, अवतार सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

गुरुद्वारा साहिब बाजपुर में खालसा साजना दिवस पर कीर्तन सुनती संगत। ● अमृत विचार

खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में ही करूं निवास...

बैसाखी व साजना दिवस पर गुरुद्वारा सिंघ सभा बाजपुर के तत्वावधान में धार्मिक दीवान सजाया, गुरुवाणी का यशगान किया गया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: गुरुद्वारा सिंघ सभा बाजपुर के तत्वावधान में खालसा पंथ के साजना दिवस पर समागम का आयोजन किया गया। पंथ प्रचारकों ने गुरुवाणी का यशगान कर संगत को निहाल किया।

शनिवार को अखंड पाठ के भोग के उपरांत गुरु रामदास दीवान हाल में अमृतसर पंजाब के हजूरी रागी भाई जितेंद्र सिंह के रागी जत्थे ने कीर्तन करते हुए कहा कि खालसा मेरो रूप है खास, खालसे में ही करूं निवास..., अर्थात खालसे की स्थापना के बाद गुरु साहिब ने फरमाया था कि आज के बाद उनका स्वरूप हर खालसे में दिखेगा, वह प्रत्येक सच्चे सिख के हृदय में विराजमान रहेंगे। अमृतसर पंजाब से आई बीबी मंजीत कौर ने कहा कि गुरु साहिब ने हमेशा जुल्म से टकरा कर मजलूम की रक्षा की थी।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा, उत्तराखंड अल्पसंख्यक अयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, पूर्व अध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा, अवतार सिंह सैनी, सतनाम सिंह रंधावा, हरदयाल सिंह, बाज सिंह, कुवरजीत सिंह पूनिया, पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, सरताज सिंह, रघुवीर सिंह सहोता आदि मौजूद थे। गुरुद्वारा साहिब बहादुरगंज में गुरुग्रंथ साहिब की अगुवाई व कमेटी अध्यक्ष हरवीर सिंह गिल के संचालन में बैसाखी पर्व मनाया गया। इसमें दरबार साहिब से आए भाई जितेंद्र पाल सिंह के रागी जत्थे ने गुरुवाणी का यशगान किया। इस मौके पर सुखदेव सिंह नामधारी, हरदयाल सिंह आदि मौजूद रहे।

गुरुद्वारा साहिब बहादुरगंज में कीर्तन करता रागी जत्था।

बाजपुर में गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप को नए भवन में लेकर जाती संगत। ● अमृत विचार

गुरुद्वारे के नए भवन में सुखमणी साहिब का पाठ

बाजपुर : फौजी कॉलोनी की संगत को बैसाखी पर गुरुद्वारा साहिब का नया भवन मिल गया है। नए भवन में शनिवार को गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। इस दौरान गुरु साहिब के स्वरूप को मर्यादा के साथ नए भवन में लाया गया। यहां सुखमणी साहिब के पाठ के उपरांत समागम को समर्पित श्रीगुरुग्रंथ साहिब का पाठ प्रारंभ किया गया। पाठ का भोग 15 अप्रैल को पड़ेगा और इसी दिन विशाल समागम भी होगा। शनिवार को गुरुद्वारा साहिब फौजी कॉलोनी में श्रीगुरुग्रंथ साहिब की अगुवाई में प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भाकियू के प्रांतीय कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा व अजीत सिंह पूनिया आदि गुरुसाहिब के स्वरूप लेकर शोभायात्रा के रूप में भजन-कीर्तन करते हुए नए भवन पहुंचे। इस दौरान जित्थे जाहे बहे मेरा सतगुरु ओहो थान सुहावा होए..., अर्थात जिस स्थान पर भी गुरु साहिब का प्रकाश होता, जहां उनका स्थान होता है वह स्थान सभी के लिए उत्तम होता है। वहीं ज्ञानी नवनीत सिंह द्वारा अरदास करवाई गई। इस मौके पर कुलजीत सिंह, अवतार सिंह, कुलवंत सिंह, सुखदेव सिंह, कुलदीप सिंह, राम सिंह गिल, अमन गिल, सिमरजीत सिंह, गगनजोत सिंह, मनजोत सिंह मौजूद रहे।

जसपुर में श्रद्धालुओं ने छका लंगर

जसपुर : बैसाखी पर गुरुद्वारा सिंह सभा जसपुर में शनिवार को अखंड पाठ का भोग पड़ा। इस दौरान संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अमनप्रीत सिंह, करनैल सिंह, जसवंत सिंह, जगरूप सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत कौर, सतनाम सिंह, बलदेव सिंह, अपार सिंह, रेशम सिंह, गुरमीत सिंह, गुरविंदर कौर, चरणजीत सिंह, बलवीर कौर, कुलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, पलविंदर कौर आदि मौजूद रहे।

नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब में कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

नानकमत्ता गुरुद्वारे में धार्मिक दीवान सजाया

नानकमत्ता : खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा साहिब में संगत ने मत्था टेका। इस दौरान धार्मिक दीवान सजाया गया। गुरुवाणी में शबद कीर्तन सुनकर संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। डेरा कार सेवा की हत्या होने पर गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने शोक में सादगी के साथ पर्व मनाया। इस मौके पर प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरदयाल सिंह, प्रबधक सुखबन्त सिंह भुल्लर, हरबन्त सिंह चीमा, रणजीत सिंह राणा आदि शामिल थे।

सार-संक्षेप

कलश यात्रा से पूर्व मंदिर में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व निकाली कलश यात्रा

रुद्रपुर : ट्रांजिट कैंप में रविवार से श्री राधा गोविंद मंदिर में श्री अखंड महानाम संकीर्तन का आयोजन होगा। इससे पूर्व महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली। रविवार को यह यात्रा मंदिर से प्रस्थान कर कैंप के मुख्य मार्गों से होते हुए फुटबॉल मैदान पहुंची। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश को स्थापित किया गया। समिति के अध्यक्ष परिमल राय ने बताया कि रात्रि आठ बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जाएगी। 14 अप्रैल को सुबह 6 बजे से अखंड महानाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुबीर दास, शंकर विश्वास, सचिव कृष्ण पद विश्वास, पिंटू राय, उप सचिव विजय साना, कोषाध्यक्ष केना मंडल, संरक्षक दिलीप अधिकारी, रानी बाला, नमिता राय, सुशीला देवी, मौती बाला, बुलबुल राय, अंजना, अनीता देवी आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर के दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

कर्मों से ही श्रेष्ठ बनता है मनुष्य : जोशी

दिनेशपुर : चैत्र नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन ब्यास आचार्य किशोर जोशी ने कहा कि मनुष्य कर्मों से श्रेष्ठ होता है। इसके जरिए परमात्मा की अनुभूति होती है। भौतिकवादी युग में मनुष्य प्रभु भक्ति के बजाय भोग विलासिता के कार्यों में समय नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा जब-जब धर्म की हानि होती है, तब- तब भगवान कृष्ण किसी न किसी रूप में अवतरित होकर अधर्म का नाश करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपना कर्म करना चाहिए, फल की इच्छा प्रभु पर छोड़ देनी चाहिए। अनुष्ठान में यज्ञ आचार्य ललित द्विवेदी, मुख्य यजमान सचिन राणा व नीमा राणा, केदार कोश्यारी, श्याम सिंह देऊपा, राजेंद्र सिंह मेहरा, दरपान सिंह देऊपा, गीता बोरा, हंसी जोशी, विमला राणा, कलावती जोशी, मीना पाठक, रेनू कोश्यारी, रजनी पाठक, गीता खोलिया, जानकी देऊपा, रजनी मेहरा, जानकी बिष्ट, दीपा बोरा, मोहन चंद्र पाठक, चंचल सिंह देऊपा, एचएस राणा, दरपान सिंह कोश्यारी, गोविंद सिंह चौहान, धन सिंह नयाल, बबलू रावत आदि मौजूद थे।

घायल गाय ने दम तोड़ा

जसपुर : सड़क दुर्घटना में घायल हुई एक गाय की मौत हो गई। शुक्रवार शाम जसपुर काशीपुर मार्ग स्थित पुराने संधू ढाबे के पास अज्ञात वाहन से टकराकर एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई थी। आसपास के लोगों ने मौके पर डॉक्टर को बुलाकर घायल गाय का उपचार कराया। लेकिन घायल गाय ने रात्रि में दम तोड़ दिया। बताया गया कि यह गाय अपने बछड़े के साथ करीब एक माह से आसपास के क्षेत्र में घूम रही थी।

दिनेशपुर गुरुद्वारा माता साहिब कौर में गुरु की महिमा का बखान करता रागी जत्था।

गुरु की गौरवमयी गाथा का किया बखान

दिनेशपुर : खालसा पंथ के स्थापना दिवस एवं बैशाखी पर्व पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर में तीन दिनी धार्मिक दीवान सजाया गया। अखंड पाठ की लड़ियों के बीच गुरुवाणी के बखान ने संगत को निहाल किया। कथावाचकों एवं कविश्वर व ढाढी जत्थों ने गुरु गोविंद सिंह की जीवन गाथा व शौर्य का गुणगान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलवंत सिंह विर्क ने किया। इस दौरान बाबा गुरदेव सिंह, नपं अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, गुरदीप सिंह, बलकार सिंह, गुरमुख सिंह, कुलवंत सिंह गोराया, गुरनवीर सिंह, गगन सिंह रंधावा, प्रीतम सिंह संधू, सत्येंद्र सिंह मान, केके गावा, विशंभर लाल मिगलानी, सतनाम सिंह चीमा, भोला शर्मा आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई गई बैसाखी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारियों ने बैसाखी पर्व और खालसा पंथ सृजन दिवस धूमधाम से मनाया। आदर्श कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान शबद कीर्तन के जरिए गुरु की महिमा का बखान किया गया।

शनिवार को आदर्श कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की देखरेख में धार्मिक दीवान सजाया गया। जहां सुबह से ही संगत की आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान गुरबचन सिंह, डॉ. मनप्रीत सिंह, ज्ञानी तरसेम सिंह, भाई पवन सिंह, भाई गुरभेज सिंह, भाई कुलदीप सिंह ने शबद कीर्तन के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान जगजीत सिंह, सतवीर सिंह, गगनदीप सिंह, सरदार सिंह, बलविंदर सिंह, प्रितपाल सिंह, पवनदीप सिंह, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर के आदर्श कॉलोनी गुरुद्वारे में सजा धार्मिक दीवान। ● अमृत विचार

आस्था

किच्छा गुरुद्वारे में गुरु की महिमा का किया बखान, लंगर में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

किच्छा में निशुल्क नेत्र जांच हुई, रक्तदान शिविर लगाया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: बैसाखी एवं खालसा साजना दिवस पर नगर स्थित गुरुद्वारों में धार्मिक दीवान सजाया गया। वार्ड नंबर एक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में निशुल्क नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

गुरुद्वारा परिसर में सजाए गए धार्मिक दीवान में बाहर से आए कथावाचकों ने गुरु की महिमा का बखान किया। प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर एवं श्री रामदास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में लगाए गए नेत्र शिविर में दर्जनों लोगों ने निशुल्क जांच कराई। रक्तदान शिविर में दो दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। गुरुद्वारा कमेटी प्रधान सरदार जितेंद्र सिंह संधू ने बताया कि शिविर में गंभीर रोगों से पीड़ित चिन्हित नेत्र रोगियों का प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर के माध्यम से निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। गुरुद्वारे में आयोजित लंगर में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रक्तवीरों एवं प्रभु नेत्रालय की टीम को गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर सुरजीत सिंह, खुशविंदर सिंह, पंडित अनिल शर्मा, सुखविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह डिंपल, राजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, रूपेंद्र कौर, पवनप्रीत कौर, कश्मीर कौर, मंजू शर्मा, सर्वजीत कौर, गुरदेव सिंह विर्क, गुरमेल सिंह धारीवाल, हरविंदर सिंह चुघ, प्रदीप सिंह खालसा, अमनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

इधर नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारे में विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया। हजूरी कथा वाचक भाई सतपाल सिंह एवं भाई प्रीतपाल सिंह ने गुरु की महिमा का बखान किया। गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह गिल, जगरूप सिंह गोल्डी, डॉ. गुलशन पाल, गुरनाम सिंह धारीवाल, प्रभजोत सिंह, देवेंद्र सिंह मंड, निर्मल सिंह हंसपाल, सिमरनजीत कौर, जगजीत में कौर, जोगिंदर सिंह ग्रोवर, तेजपाल सिंह, निशांत सिंह धारीवाल आदि मौजूद रहे।

किच्छा के आजादनगर में रक्त वीरों को सम्मानित करते कमेटी सदस्य। ● अमृत विचार

एक नजर

प्रिंटिंग प्रेस से लाखों रुपये का सामान चोरी

काशीपुर : उमंग फिल्म सिटी व प्रिंटिंग प्रेस से लाखों रुपये के सामान की चोरी हो गई। सिटी स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उमंग फिल्म सिटी के स्वामी विपिन चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बड़े गुरुद्वारे के पास उनका उमंग फिल्म सिटी व प्रिंटिंग प्रेस है। 11 अप्रैल की रात चोरों ने छत पर रखे हुए पांच एसी की कॉपर की पाइप लाइन एवं लगभग एक क्विंटल लोहा चोरी कर लिया। चोरी की जानकारी 12 अप्रैल को उनके वहां पहुंचने पर हुई।

नवरात्र पर मीट की दुकानें बंद करने की मांग

काशीपुर : धर्मयात्रा महासंघ ने चैत्र नवरात्रि के दौरान नगर क्षेत्र में मीट-मछली की बिक्री बंद कराने की मांग की। इसको लेकर उन्होंने एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में मांग की कि 15 से 17 अप्रैल तक नगर क्षेत्र में मीट-मछली व मांसाहारी पदार्थ पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए।

शराब के साथ दबोचा

खटीमा : थाना झनकईया की उपनिरीक्षक सरिता विश्वकर्मा ने चेकिंग के दौरान सफेद बोरी में कुछ लेकर जा रही महिला को रोका। पुलिस ने उसके कब्जे से 42 पाउच करीब 14 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में उसने स्वयं को पकड़िया निवासी राधा अधिकारी बताया।

एनसीईआरटी किताबों के फर्जी कवर छापने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

256 क्विंटल पेपर बरामद, एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर बनाए थे कवर

किताबों के बरामद फर्जी पेपरों के साथ एनसीईआरटी की टीम व पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: फर्जी एनसीईआरटी किताबों के कवर छापने की एक अवैध फैक्ट्री का पुलिस व एनसीईआरटी की संयुक्त टीम ने भंडाफोड़ किया है। मौके से पुलिस ने 256 क्विंटल पेपर बरामद किया है। फर्जी एनसीईआरटी किताबों के छपने से करोड़ों रुपये के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा था। फैक्ट्री में एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर फर्जी कवर बनाए जा रहे थे।

एनसीईआरटी के दिल्ली मुख्यालय की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ रामनगर रोड स्थित एक पेपर मिल में छापा मारा। जहां टीम ने चेकिंग के दौरान अनाधिकृत रूप से एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर बनाए गए कुल 256 क्विंटल अवैध पेपर बरामद किए। टीम ने होलोग्राम बनाने वाली मैश को भी सीज किया। एनसीईआरटी की टीम मामले में पुलिस को एक तहरीर सौंपने की तैयारी कर रही है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि एनसीईआरटी की टीम ने अवैध कागज के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम में एनसीईआरटी, दिल्ली से सीनियर ऑफिसर आर सेलवराज, अंडर सिक्योरिटी अफसर हरीश छपरा, असिस्टेंट प्रोडक्शन ऑफिसर ओम प्रकाश, अभिषेक शामिल रहे।

ओवर रेटिंग की शिकायत पर अंग्रेजी शराब की दुकान पर छापेमारी

सितारगंज : बिज्टी चौराहे स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर ओवर रेटिंग की शिकायत पर तहसीलदार पूजा शर्मा ने छापेमारी की। इस दौरान काफी अनियमितताएं पाई गईं। यहां ओवररेट शराब बेची जा रही थी। साथ ही रेट लिस्ट भी नहीं लगाई गई थी। बिल मांगने पर ग्राहकों को मशीन खराब होने का हवाला दिया जा रहा था। मानकों के विपरीत दुकान के अंदर डिस्पोजेबल गिलास, प्लेट व नमकीन के पैकेट पड़े मिले। इस पर तहसीलदार ने सेल्समैन की जमकर फटकार लगाई। इस दौरान हल्का पटवारी शेखर चंद्र भी मौजूद थे। तहसीलदार पूजा शर्मा ने बताया कि बिज्टी चौराहे स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान की जांच की गई। इसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारी को सौंप दी गई है। मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

ट्रॉली के नीचे दबकर चालक की मौत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कोसी नदी से उपखनिज लेने गए एक युवक की ट्रॉली के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची कुंडेश्वरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

कुंडेश्वरी के ग्राम भीमनगर, बज्जर पट्टी निवासी हरदीप सिंह (24 वर्षीय) पुत्र हरभजन सिंह गुलजारपुर के एक स्टोन क्रशर स्वामी का ट्रैक्टर चलाता था। शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर उपखनिज लाने के लिए बंजारी गेट गया था। नदी से सड़क पर आते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया। इससे वह ट्रैक्टर से गिरकर ट्रॉली के नीचे आ गया। हादसे में हरदीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कुंडेश्वरी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक दो भाइयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था। उसकी तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। उसकी एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

ट्रॉली की चपेट में आकर दो बाइक सवार घायल

काशीपुर : महुआखेड़ा गंज से बादली टांडा जा रहे बाइक सवार दो लोगों को गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौका पाकर फरार हो गया।दभौरा टांडा निवासी कृष्ण व चौखंडी थाना बादली टांडा निवासी कपिल किसी काम से बादली टांडा जा रहे थे। सामने से आ रही गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनको टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। एसआई सोमवीर सिंह ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

बाजपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस अधिकारियों एवं बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। शनिवार शाम कोतवाली के सामने से सीओ अन्नराम आर्य के नेतृत्व में फ्लैग मार्च की शुरुआत की गई, जोकि हल्द्वानी बस अड्डा, मोहल्ला मझरा-प्रभु नहर रोड, पहाड़ी कालोनी, मुंडी झाल, भोना कॉलोनी, भोना-बिराहा रोड के बाद रामराज रोड, चीनी मिल नहर रोड, चूना भट्ठी, मोहल्ला केशवनगर, मुड़िया तिराहा, मुख्यमार्ग, रेलवे क्रासिंग, गुरुद्वारा साहिब, भगत सिंह चौक से होते हुए कोतवाली पहुंचकर संपन्न हुई। फ्लैग मार्च में कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई विनोद फर्त्याल, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह धामी, दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता, सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरि गोस्वामी, एसआई रमेश चंद्र बेलवाल, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल शामिल थे।

बाजपुर में फ्लैग मार्च करते पुलिस और बीएसएफ के जवान। ● अमृत विचार

रीता मौत प्रकरण में पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप में हुए रीता मौत प्रकरण में पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने दामाद पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

रीता।

बाकराबाद थाना मिलक रामपुर यूपी निवासी श्रीति ने बताया कि उसकी बेटी रीता ने चार साल पहले बहेड़ी बरेली के रहने वाले उमेश कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद दामाद बेटी पर शक करने लगा और आए दिन शराब पीकर मारपीट करने लगा। आरोप था कि कुछ माह पहले प्लॉट खरीदने के नाम पर दामाद बेटी से 40 हजार रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर बेटी कई बार मायके आकर भी रहने लगी। इसके बाद दामाद झूठ बोलकर बेटी को अपने साथ थाना ट्रांजिट कैंप आकर रहने लगा।

गुरुवार की सुबह पता चला कि बेटी का शव जिला अस्पताल में पड़ा हुआ है और गले में फंदे के निशान हैं। मृतक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की मौत का दोषी दामाद को ठहराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उधर, थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि विवाहिता का पोस्टमार्टम होने के बाद अभी फाइनल रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

कार्रवाई

- मृतका की मां ने दर्ज करवाया मुकदमा
- आरोपी पति फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश

बिगवाड़ा में बीच बचाव को आई बुजुर्ग महिला घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गांव बिगवाड़ा में सरकारी नल से पानी भरने को लेकर हो रहे विवाद में बीच बचाव करते वक्त एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज में वादाखिलाफी करने पर बुजुर्ग के बेटे ने आरोपी पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव बगवाड़ा निवासी रामबाबू ने बताया कि उसके घर के नजदीक ही सरकारी नल लगा हुआ है और पूरा परिवार उसी नल से पानी पीता है। बताया कि 25 मार्च की सुबह उसकी मां नल से पानी भरने जा रही थी। इस बीच पड़ोसी रामवती व उसका पति भोला, बेटा सुलिंदर व बहू ममता पानी को लेकर किसी से झगड़ा कर रहे थे। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में हाथापाई होने लगी। जिसे देखकर उसकी मां ने बीच बचाव किया। मां को धक्का लगने के कारण वे नल के ऊपर जा गिरी और कूल्हे की हड्डी टूट गई। डॉक्टरों ने मां के आपरेशन में दो लाख रुपये का खर्च बताया है, जबकि आरोपी पक्ष ने महज पंद्रह हजार रुपये ही दिए हैं। समझौते के दौरान इलाज का पूरा खर्च देने का वादा किया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

- सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर हो रहा था विवाद

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122

Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बिजली चोरी के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

काशीपुर : विद्युत विभाग की टीम ने मोहल्ला अल्ली खां में छापामार दो लोगों के घरों पर बिजली चोरी पकड़ी। उपखंड अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने अपनी टीम के साथ मोहल्ला अल्ली खां में छापा मारा। इस दौरान टीम ने अल्ली खां निवासी नशरीन व यहीं के अतीक अहमद के घरों में विद्युत मापक यंत्र से पहले कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने मौके से कई मीटर विद्युत केबिल को भी अपने कब्जे में ले लिया। उपखंड अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 135 विद्युत अधिनियम में केस दर्ज किया है।

पड़ोसियों में कहासुनी व मारपीट

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में कहासुनी व मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से नामजद चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम गोबरा निवासी सुखदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी मोहन सिंह 10 अप्रैल की सुबह 10 से 11 बजे के बीच धारदार कृपाण लेकर घर में घुस गया और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उसका आईफोन घर के आंगन में गिर गिया, जोकि पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। अगले दिन 11 अप्रैल की सायं करीब 4 बजे दुकान से सामान लेने जा रहे कर्मचारी सिपाही लाल को मोहन सिंह ने अपने कर्मचारी सुनील यादव के साथ मिलकर घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए उसे बेरहमी से पीटा गया जिसमें उसके गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मोहन सिंह ने भी तहरीर दी है जिसमें कहा गया है कि 10 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे खेत से घर आते समय सिपाही लाल व भाई सत्ता उर्फ सुखदेव सिंह ने अपने घर के सामने रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की व मारपीट की। किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। इसी रंजिश में 11 अप्रैल की शाम करीब चार बजे उसने सिपाही लाल को शराब पिलाकर घर भेज दिया। जिसने उसकी गैरमौजूदगी में घर में काम करने वाली सीमा के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करते हुए मारपीट की गई।

उधार को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बाजपुर : ब्याज पर उधार लिए गए पैसों को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें देखते ही देखते गाली-गलौज व मारपीट हो गई। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे एक पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कनौरी निवासी मो. शादाब मूल निवासी ग्राम आंगा तहसील काशीपुर रामपुर उप्र ने पुलिस को बताया कि ग्राम मुड़िया कलां निवासी एक व्यक्ति से उसने 4 लाख 40 हजार रुपये छह माह के लिए 5 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से उधार लिए थे। आरोप है कि समयावधि पूर्ण होने से पहले ही 10 अप्रैल को आरोपी उसकी दुकान पर ग्राम कनौरा में पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए पैसों की मांग करने लगा। विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं दुकान पर मरम्मत के लिए आई गाड़ी छीनकर ले गया। अगले दिन 12 अप्रैल को जब वह आरोपी के घर गाड़ी लेने पहुंचा तो उसके साथ फिर से मारपीट की गई।

बाइक को तोड़फोड़ कर नहर में फेंकने का आरोप

बाजपुर: घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट करने तथा बाइक में तोड़फोड़ कर नहर में फेंकने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंची पीड़िता ने अपने भाई के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। ग्राम चकरपुर निवासी आशा पत्नी किशन ने पुलिस को बताया कि उसका भाई बेरिया दौलत में रहता है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ एक पोल्ट्री फार्म में काम करती है और वहीं रहती है। इसी पोल्ट्री फार्म पर उसका भाई भी काम करता है। आरोप है कि 12 अप्रैल की देर रात उसका भाई शराब पीकर उसके घर में घुस गया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

लापरवाही अपने साथ दूसरों की जान भी खतरे में डाल रहे ई-रिक्शा चालक

ई-रिक्शा में ढो रहे ओवरलोड सामान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सवारी ई-रिक्शा में चालक ओवरलोड सामान रख अपने साथ ही लोगों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। ई-रिक्शा में लदा सामान बाहर तक निकला रहता है। वहीं तीन पहिया ई-रिक्शा के ओवरलोड होने के कारण पलटने की संभावना भी बनी रहती है। बीते कुछ माह पूर्व ओवरलोड इन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान भी चलाया था और कई चालकों के चालान भी किए थे। इसके बावजूद यह ई-रिक्शा ओवरलोड सामान के साथ सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं।

चीमा चौराहा-कुंडेश्वरी रोड पर एक ई-रिक्शा ओवरलोड सामान लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। जो मोड़ पर अनियंत्रित होकर मुड़ रहा था। इसके पलटने का खतरा बना हुआ था। उधर, गड्ढे बचाने के चक्कर में यह ई-रिक्शा ओवरलोड सामान के साथ आड़ा तिरछा भी चल रहा था। ओवरलोड यह ई-रिक्शा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाता दिखा। यह तो सिर्फ एक बानगी है, शहर में सैकड़ों ई-रिक्शा ओवरलोड सामान लेकर या फिर मानकों के विपरीत सवारियां ढोते नजर आ जाते हैं। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि ओवरलोड ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। मानकों के विपरीत चलने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चीमा चौराहा-कुंडेश्वरी मार्ग पर ओवरलोड सामान ले जाता ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

मेले को लेकर बनाया रूट डायवर्ट प्लान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तर भारत का ऐतिहासिक चैती मेला शुरू हो चुका है। साथ ही 15 अप्रैल को यहां मां भगवती का डोला पहुंचते ही मेले में भीड़ जुटना शुरू हो जाएगी। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने इस मार्ग पर यातायात पूर्णतया बंद रखने का निर्णय लिया है। यहां से गुजरने वाले वाहन काशीपुर-रामनगर बाईपास, कुंडेश्वरी से बाजपुर रोड होते हुए निकलेंगे।

नौ अप्रैल से चैती मेला शुरू हो चुका है, 15 अप्रैल को मां भगवती का यहां डोला पहुंचेगा। इस दौरान मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचेगे। इसके चलते कुंडेश्वरी तिराहे से चैती चौराहे तक जाम की स्थिति बनी रहेगी। इसको देखते हुए पुलिस ने इस मार्ग को पूर्णतया बंद रखने का निर्णय लिया है और इसको लेकर सूचना भी जारी कर दी है। थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि चैती मेले में लाखों की संख्या में लोग मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। भीड़ के चलते इस मार्ग पर यातायात आवागमन में दिक्कत होती है। ऐसे में इस मार्ग को चैती मेले तक बंद रखा जाएगा और यहां से गुजरने वाले वाहन अन्य वैकल्पिक मार्ग से गुजरेंगे।

चैती मेला

- कुंडेश्वरी तिराहा से चैती मेले तक पूर्णतया बंद रहेगा यातायात
- भीड़ के चलते यहां आवागमन में होती है दिक्कत

सार संक्षेप

भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

जसपुर में जनसंपर्क करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जसपुर : भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, नगर अध्यक्ष भाजपा राजकुमार चौहान, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष अशोक खन्ना, महेश प्रजापति, रोहित तोमर ,नरेश कश्यप, राहुल चौहान, समरपाल सिंह, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, अनीता पवार, ज्योति कश्यप, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

विधायक बेहड़ ने की नुक्कड़ सभाएं

किच्छा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

किच्छा : कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने नगर के कई क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं कर प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 5 रेलवे फाटक, वार्ड नंबर 6 बेदी मोहल्ला, वार्ड नंबर 17 पुरानी मंडी, वार्ड नंबर 5 सैनिक कॉलोनी में नुक्कड़ सभाएं कर जनता की समस्याएं सुनीं। मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप सिंह बिष्ट, गुलशन सिंधी, मेजर सिंह, गुड्डू तिवारी, राजेश प्रताप सिंह, बंटी पपनेजा, जीवन जोशी, सुनीता कश्यप, छोटेलाल कोहली, प्रेमा भट्ट, दीप हंसपाल, निम्मा सिंह, रॉबिन बाला आदि मौजूद रहे।

भाकपा माले करेगी इंडिया गठबंधन का पूर्ण पालन

पत्रकारों से वार्ता करते भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : भाकपा माले के राज्य सचिव कामरेड इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि भाकपा माले का हर कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन का पूर्ण पालन करेगा और भाजपा के खिलाफ खड़े प्रत्याशी का समर्थन करेगा। देश का किसान, जवान और जवानी बर्बाद हो रही है। उसे रोकना बहुत जरूरी है। इसलिए भाजपा मुक्त देश बनाने के लिए सभी को एक मंच पर लाया गया है। शनिवार को प्रेसवार्ता में राज्य सचिव भाकपा माले मैखुरी ने कहा कि एक दशक से सत्ता पर आसीन मोदी सरकार में लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य डॉ. कैलाश पांडेय, जिला सचिव ललित मटियाली, अमनदीप कौर, दिनेश तिवारी, मदन मोहन चमोली, हरीश जोशी, ज्ञानी सुरैन सिंह, प्रकाश चिलवाल, अनीता अन्ना आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस के पूर्व महानगर महामंत्री भाजपा में शामिल

कांग्रेस छोड़कर आए लोगों के साथ विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : भाजपा की रीति नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस के पूर्व महानगर महामंत्री राजीव कामरा अपने समर्थकों संग भाजपा में शामिल हो गए हैं। विधायक शिव अरोरा ने उनको पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान राजीव कामरा के साथ अशोक अरोरा, राजेश कामरा, प्रदीप कैमरा, अजीत सिंह, मनीष कुमार, सक्षम गोस्वामी, रजत चौहान, अनुभव, संदीप सिंह, प्रभु दयाल, सुमित आदि भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेता उपेंद्र चौधरी, राजेश जग्गा, रीना जग्गा, दिलीप अधिकारी, सुशील गाबा, मनोज मदान, किरण विर्क आदि मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

खटीमा के राजीवनगर में जन संपर्क करते भाजपाई। ● अमृत विचार

खटीमा : लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र के राजीवनगर में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान भुवन जोशी, किशोर जोशी, विमला विष्ट, अनिता ज्याला, प्रेमा महर, राजेश कुमार पाण्डेय, संदीप कुमार, लछमन सिंह, किशन मेहरा, रमेश चंद्र, राजेंद्र सिंह, लाल सिंह नेगी, धन सिंह, विमला धामी, मनोज खड़ायत, राजनाथ, देवकी चंद, सूरज धामी मौजूद थे।

भाजपाइयों ने किच्छा के कई क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

किच्छा में जनसंपर्क करते भाजपाई। ● अमृत विचार

किच्छा : किच्छा में दर्जा राज्यमंत्री एवं किच्छा के विधानसभा प्रभारी दिनेश आर्य एवं भारत सरकार खाद्य मंत्रालय के उत्तराखंड सलाहकार समिति सदस्य लवी सहगल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नगर के तमाम क्षेत्रों में डोर टू डोर संपर्क एवं नुक्कड़ सभाएं कीं। इस मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, विस्तारक भुवन पांडे ने लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान भाजपाइयों की टीम ने नगर के हाथी खाना मोहल्ला, सिरौली कला, पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर एक, देवरिया तथा ग्राम दरऊ में जनसंपर्क करते हुए पंपलेट के माध्यम से मतदाताओं को भाजपा सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। मौके पर वरिष्ठ किसान नेता जितेंद्र सिंह संधू, सचिन चावला, अभिषेक सक्सेना सोनू, नितेश बाला, गुरदेव सिंह विर्क, मुकेश राठौर, नरेश कुमार, रामविलास शर्मा, जयदेव विश्वास आदि मौजूद रहे।

रेंडमाइजेशन के बाद अतिरिक्त ईवीएम और वीवीपैट आवंटित

सभी को रखा जाएगा बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम में, सामान्य प्रेक्षक व आरओ ने किया निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आरक्षित ईवीएम मशीनों की व्यवस्था के लिए अनुपूरक रेंडमाइजेशन किया गया। इसके बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र को अतिरिक्त ईवीएम मशीनों व वीवीपैट का आवंटन किया गया।

शनिवार को सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ऊधमसिंह नगर की बैलेट यूनिट 200, कंट्रोल यूनिट 300 व वीवीपैट 300 व नैनीताल की 546 कंट्रोल यूनिट व 3 वीवीपैट का अनुपूरक रेंडमाइजेशन किया गया। ईवीएम को पर्याप्त सुरक्षा प्रबंधों व तय प्रोटोकॉल के अनुसार वेयर हाउस से एआरओ स्ट्रांग रूम बगवाड़ा तक ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के साथ ही 15 अप्रैल को ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग को देखने के लिए भी राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायगा। सभी प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। 125 माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल फिंचाराम चौहान, नोडल अधिकारी ईवीएम टीएस मर्तोलिया, एनआईसी के सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, नैनीताल राजेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते सामान्य प्रेक्षक व रिटर्निंग ऑफिसर।

अधिकारियों को निर्देश देते अभिषेक रुहेला।

सभी ईवीएम की कमीशनिंग पूरी, मतदान के लिए सील

पंतनगर : समन्वयक नोडल अभिषेक रूहेला व नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने पंतनगर के गांधी हॉल में सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। ईवीएम नोडल ने बताया कि सभी ईवीएम की कमीशनिंग पूरी हो चुकी है और सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों ने विधानसभावार ईवीएम मशीनें मतदान के लिए तैयार कर सील कर दी गई हैं। उन्होने बताया कुछ सीयू, बीयू व वीवीपैट कमीशनिंग के दौरान खराब पाई गईं इसलिए रिजर्व मशीनें सहायक निर्वाचन अधिकारी को रेंडमाईजेशन कर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनकी कमीशनिंग 15 अप्रैल को की जाएगी। नोडल लेखन सामग्री भावना जोशी ने बताया कि नौ विधानसभाओं में 1465 बूथ हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग की सूची से मिलान कर 1700 मतदान किट तैयार कर लिए गए हैं। कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए 18 अप्रैल को बगवाड़ा में भी स्टॉल लगाया जाए, ताकि कोई सामग्री कम होने पर तत्काल उपलब्ध कराई जा सकें। सहायक नोडल कार्मिक ने बताया जहां पर पिंक बूथ बनाए गए हैं उन बूथों पर सुरक्षा कर्मी सहित मतदान के लिए महिला कार्मिकों की तैनाती की गई है। इस दौरान आरडी पॉलीवाल, बीएस चलाल, टीएस मर्तोलिया, नरेश चन्द्र दुर्गापाल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, केएस रावत, श्याम आर्या, नफील जीमल, भूपेन्द्र सिंह रावत, चन्द्रशेखर घोड़के मौजूद थे।

432 जवानों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

संवाददाता, रुद्रपुर

- पीएसी 31वीं वाहिनी रुद्रपुर में बनाया गया था सुविधा केंद्र
- सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक हुआ मतदान

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पीएसी 31वीं वाहिनी रुद्रपुर में बनाए गए सुविधा केंद्र में पीएसी के 46वीं व 31वीं बटालियन के साथ ही एसडीआरएफ के 432 से अधिक जवानों ने पोस्टल बैलेट से अपना मतदान किया।

शनिवार को सुविधा केंद्र में सुबह 10 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। इस दौरान करीब 600 मतदाताओं से में 432 से अधिक जवानों ने पोस्टल बैलेट से मताधिकार किया। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, नोडल कार्मिक मनीष कुमार और विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट ने सुबह 11.30 बजे 31वीं बटालियन के ऑडिटोरियम हॉल में बनाए गए सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट 31वीं वाहिनी पीएसी उत्तम सिंह नेगी, सहायक नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट सुभाष गुप्ता, तहसीलदार दिनेश कुटौला व पीएसी के जवान मौजूद रहे।

सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान करते जवान। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय दलों की नीतियां पहाड़ के खिलाफ : ऐरी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी ने भाजपा और कांग्रेस पर राज्य के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी राज्य हित से जुड़े मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में है। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग भी उठाई।

शनिवार को उक्रांद अध्यक्ष ऐरी मुरादाबाद रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। कहा कि इस समय पार्टी के सभी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हैं। पार्टी ने हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से मोहन सिंह असवाल, पौड़ी से आशुतोष नेगी व नैनीताल-ऊधमसिंहनगर सीट से शिव सिंह रावत को प्रत्याशी बनाया है।

टिहरी सीट पर उक्रांद निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पवार और पिथौरागढ़ सीट पर किरण आर्य का समर्थन कर रही है। ऐरी ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद यहां के युवाओं ने पृथक उत्तराखंड राज्य की लड़ाई जीती, लेकिन भाजपा और कांग्रेस की सरकार ने यहां की मौलिक जरूरतों की अनदेखी कर राज्य के संसाधनों को लूटने का काम किया है।

राष्ट्रीय दलों की नीतियां पहाड़ के एकदम खिलाफ हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर उक्रांद चुनाव मैदान में है। प्रेस वार्ता में पार्टी के केंद्रीय संगठन मंत्री हरज्ञाप सिंह, जिलाध्यक्ष जगदीश बौड़ाई, प्रोफेसर जेएस रावत, विनीता बिष्ट व कुसुम लता आदि थे।

उक्रांद अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी।

पश्चिम बंगाल के सांसद शांतनु ठाकुर का किया जोरदार स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री एवं पश्चिम बंगाल के सांसद शांतनु ठाकुर का शहर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बंगाली बाहुल्य इलाकों में नुक्कड़ सभा कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगे।

शुक्रवार को शहर आगमन पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ और दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि ऊधमसिंह नगर की ज्यादातर विधानसभाएं बंगाली बाहुल्य हैं। जहां समाज के लोगों का हमेशा रुझान भाजपा की ओर रहा है।

भाजपा ने भी बंगाली समुदाय को पूरा सम्मान देते हुए ऊंचे ओहदे पर बिठाया है। इस दौरान उन्होंने बंगाली बाहुल्य इलाके आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी, संजयनगर खेड़ा व दिनेशपुर में नुक्कड़ बैठक की और भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया।

केंद्रीय मंत्री एवं सांसद शांतनु का स्वागत करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

डोर टू डोर प्रचार में जुटी भाजपा की टीम

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में प्रचार अभियान चलाया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी और नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अजय भट्ट के समर्थन में आगामी 19 तारीख को वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज बाजवा, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, विश्वनाथ यादव, करण चौहान, नीलू गुप्ता, विमल मंडेला मोहनी पोखरिया, रेनू भंडारी, मनोज गंगवार, करण चौहान किशन सिंह बिष्ट, अशोक बत्रा, किशन बिष्ट, मनीष नरेंद्र कश्यप, मनीष राणा, कृष्णपाल मौजूद रहे।

पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय करेगा मंडुवा पर शोध

पंतनगर : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित जनरल बिपिन रावत पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय ने मंडुवा की प्रजाति विकास पर शोध शुरू कर दिया है। शोध शिक्षणालय के निदेशक डॉ. आनंद सिंह जीना ने बताया कि मंडुवा उत्तराखंड में उगाई जाने वाली एक प्रमुख 'श्रीअन्न' फसल है, जिसके बहुआयामी प्रयोगों को देखते हुए इसका उत्पादन बढ़ाए जाने की अपार संभावनाएं हैं।

विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के निर्देश पर मंडुवा की उन्नत प्रजातियों एवं उत्पादन तकनीकियों के विकास के लिए पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय में शोध प्रारंभ किया गया है। शोध शिक्षणालय के निदेशक ने हाल ही में तमिलनाडू कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित मंडुवा जननद्रव्य दिवस में प्रतिभाग किया था। जहां पर मंडुवा के 12000 जननद्रव्यों का प्रक्षेत्र प्रदर्शन किया गया था। डॉ. जीना ने सभी जननद्रव्यों का आंकलन कर पर्वतीय जलवायु के अनुरूप 450 से अधिक जननद्रव्यों का चयन किया है। निदेशक शोध डॉ. अजीत सिंह नैन ने बताया कि जनरल बिपिन रावत पर्वतीय विकास शोध शिक्षणालय के पर्वतीय कृषि विकास के अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्यों को गति दी जा रही है।

घर-घर पहुंची नगर कीर्तन मंडली

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : गुरुग्राम स्थित शिवतला मंदिर में सोमवार से हरिनाम संकीर्तन आरंभ होगा। इससे पहले मंदिर की नगर कीर्तन मंडली ने गांव के घर-घर पहुंच प्रभु के नाम की अलख जगाई।

बैसाख के आरंभ में गुरुग्राम केस शिवतला मंदिर में दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। संकीर्तन से करीब 15 दिन पहले से ही भक्तों की एक टोली प्रतिदिन मंदिर से भगवान श्री कृष्ण का डोला लेकर गांव के प्रत्येक घर में कीर्तन करते हुए पहुंचती है। संकीर्तन के संचालन के लिए बनी कमेटी में विधान राय अध्यक्ष, कार्तिक मंडल उपाध्यक्ष, संजीत खान सचिव, विष्णु वैद्य उपसचिव, आकाश हालदार कोषाध्यक्ष, रमेन विश्वास ऑडिटर मनोनीत किए गए। रविवार को गंगा पूजन, कलश यात्रा होगी।

शक्तिफार्म के गुरुग्राम में नगर कीर्तन में शामिल लोग। ● अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर में मूर्ति स्थापित

शक्तिफार्म : आनंद नगर के लंका टापू में स्थित शिव मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य कलश यात्रा के साथ पंचम नवरात्रि में मूर्ति स्थापित की गई।

शनिवार को ग्राम सभा तिलियापुर के गांव आनंद नगर में लंका टापू में स्थित मंदिर परिसर से 151 कलशों के साथ कुमाउनी पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं। ढोल एवं छोलिया नृत्य के साथ ग्रामीणों ने आनंद नगर में परिक्रमा के साथ मूर्तियां स्थापित कीं। इससे पूर्व पंडित हरीश तिवारी ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया।

सार संक्षेप

जरूरतमंदों की सहायता ही एकमात्र लक्ष्य : देवेंद्र

सरस्वती शिशु मंदिर रतन फार्म में हाइटेक शौचालय का उद्घाटन करते अतिथि।

सितरगंज : श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह ने नेताजी सरस्वती शिशु मंदिर रतन फार्म विद्यालय में हाइटेक शौचालय का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति प्रधानमंत्री मोदी समय-समय पर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। विद्यालय के व्यवस्थापक महेश मित्तल ने बताया कि पूर्व में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, अध्यक्ष शीतल सिंघल, कोषाध्यक्ष विपिन डालमिया, प्रधानाचार्य निताई चंद मंडल, उपाध्यक्ष शरद जायसवाल, अशोक माली, धीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

गोलीकांड के शहीदों की याद में प्रभातफेरी निकाली

विवि परिसर में प्रभातफेरी निकालते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

पंतनगर : जलियांवाला बाग कांड और वर्ष 1978 में पंतनगर गोली कांड के शहीदों की याद में शनिवार को इंकलाबी मजदूर केंद्र, ठेका मजदूर कल्याण समिति और प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से जुड़े कार्यकर्ताओं ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी बड़ी मार्केट पीपल चौराहे से परिसर के चकफेरी, झा कालोनी व अन्य बस्तियों से होते हुए शहीद स्मारक पर सभा में तब्दील हो गई। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां सुभाष प्रसाद, भरत यादव, अर्जुन सिंह, श्रवण कुमार, पृथ्वीराज गौतम, चंद्रशेखर, राशिद, प्रदीप, विरेन्द्र, माधव प्रसाद, रामानंद यादव मौजूद थे।

आंबेडकर जयंती पर निकाली जाएंगी प्रभात फेरी

काशीपुर : बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर काशीपुर व महुआखेड़ागंज में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र देवांतक ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े पांच बजे नगर निगम काशीपुर से आंबेडकर संदेश यात्रा प्रभात फेरी निकलेगी। उधर, आंबेडकर पार्क समिति के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि विजयनगर स्थित बड़े शिव मंदिर से प्रभात फेरी आंबेडकर पार्क पहुंचेगी।

आस्था | संन्यासियों ने धर्म परीक्षा और भक्ति का दिया अद्भुत परिचय

पीठ में कांटे चुभोकर दिखाए हैरतअंगेज करतब

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : संन्यासियों ने शनिवार को अपनी धर्म परीक्षा और भक्ति का अद्भुत परिचय दिया। संन्यासियों ने अपनी पीठ में लोहे के कांटे चुभोकर, करीब 25 फीट ऊंचे खंभे पर लकड़ी से बनी चरखी पर लटककर कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसे देखने के लिए हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

पवित्र चैत्र माह के अंतिम दिन जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में विशेष चड़क पूजा का आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल से बुलाई गई नौ सदस्यीय टीम ने विधि विधान से चड़क पूजा करवाई।

इसके बाद मुख्य चड़क बाबा प्रदीप सरकार के नेतृत्व में संन्यासियों ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। लगातार बजाए जा रहे पारंपरिक वाद्ययंत्र ढाक की धुन और शिव के जयकारों ने वातावरण को शिवमय बनाया।

पश्चिम बंगाल से विशेष सड़क पूजा के लिए पहुंची नौ सदस्यीय टीम। ● अमृत विचार



पीठ में चुभोए गए लोहे के कांटे।

मौके पर ग्राम प्रधान राजा हालदार, पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मंडल, परेश मंडल, देवाशीष पोद्दार, उज्जवल राय, रंजीत हालदार, संजीत विश्वास, अनंत हालदार, समीर साना, तापस मंडल, सुशांत राय, मिथुन मंडल, दीपक बड़ाल, विक्की बैरागी आदि मौजूद थे।

चड़क पूजा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा

शक्तिफार्म। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शनिवार को जय बाबा तारकनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पर्व, हमारे बंगाली भाइयों की आस्था से जुड़ा पर्व है। अगले वर्ष इस पर्व को और भी भव्यता के साथ आयोजित करेंगे। इस मौके पर रविंद्र विश्वास, जगदीश डालमिया, मयंक अग्रवाल, राघव सिंह, विक्रम सिंह भंडारी आदि मौजूद थे।

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आंबेडकर ने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

डॉ.बी.आर. आम्बेडकर वाकई भारत रत्न हैं। प्रख्यात मनीषी, संविधान सर्जक, व श्रद्धेय राष्ट्र निर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे, अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाङ्.मय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, "यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यो का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यो और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।" (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ.आम्बेडकर की पुस्तक "हू वेयर शूद्राज" (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा "इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए" (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं "जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।" (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे।

डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, "आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।" डॉ. आम्बेडकर की स्थापना है "इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् है, वे श्याम वर्ण के, और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।" आर्यों के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम व श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिन्दू प्राचीन आर्य समाज की ही नई संज्ञा है।

डॉ. आम्बेडकर ने लिखा "हिन्दुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।" (खण्ड 5 पृष्ठ 7) लिखा कि "1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटों के सामने आवेदन पेश किया था-राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी उसमें मुसलमान कुल आबादी का चैथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिन्दू समुदाय से अस्पशर्‌य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिये जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।" (खण्ड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी 4 वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, "ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इन्द्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् है। (8.90.3) इन्द्र वशिष्ठ से कहते हैं-हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भो में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।"

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, "भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं,परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।" डॉ. आम्बेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, "यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता किन्तु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाये रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतान्तरों से ऊपर?" डॉ. आम्बेडकर की आस्था का केन्द्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारतरत्न पर गर्व है।

दिल्ली: केंद्र की किंकर्तव्यविमूढ़ता

> केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संधिधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अधूरे प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 मार्च को शराब घोटाले में जेल भेजे जा चुके हैं,तब से वहीं पर हैं और जन तथा विधायी कार्य देखने की स्थिति में नहीं हैं। वे त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं और वहीं से सरकार चलाने की हठ कर रहे हैं। इस बिंदु पर संविधान में कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हर चीज पर कानून या सांविधानिक प्रावधान हो भी नहीं सकते। व्यवहारिक पक्ष और नैतिकता भी मायने रखती है।

हालांकि आजकल नैतिकता शब्द केवल डिक्शनरी तक सीमित है,व्यवहार में दृष्टिगत नहीं होता है। इसके पहले कई बार पदासीन मुख्यमंत्रियों के जेल जाने की नौबतें आई, तब उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया और जगहंसाई नहीं करवाई। केजरीवाल अद्वितीय निकले। त्यागपत्र तो नहीं ही दे रहे हैं, जेल से सरकार चलाने का भी दावा कर रहे हैं। उनका एक दुर्गुण आज उनके लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वह यह कि उन्होंने अपने पास कोई विभाग ही नहीं रखा जिससे फिलहाल रोजमर्रा के काम नहीं रुक रहे। इस तरह फिलहाल वे चन्द्रमा पर से भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।

दिक्कतें आएंगी, जब उनकी सदन, विधान मंडल दल और जनता में उपस्थिति जरूरी होगी, किंतु तत्काल तो वे समस्याएं पैदा ही कर रहे हैं। देश में एक केंद्र सरकार भी है। उसकी इस प्रकरण पर तीन हफ्ते से तटस्थता आश्चर्यजनक है। जब मुख्यमंत्री को कारागार भेजा है तो परवर्ती परिणामों का भी ख्याल रखना चाहिए था और उपाय कर लेना था। शायद भाजपा ने सोचा होगा कि इस्तीफा तो हो ही जाएगा और फिर विधायकों की तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना लेंगे जिससे दिल्ली व अन्यत्र भी लोकसभाई चुनावों में लाभ मिलेगा। गणित फेल हो गई। अब निरुपाय होकर टुकुर-टुकुर क्या देख रहे हैं? विश्व में एक नमूना कायम हो रहा है,क्योंकि दिल्ली संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजधानी है। विश्व में यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री या उस जैसा कोई अन्य जन प्रतिनिधि अपराधिक मामले में जेल में बंद रहकर भी पद पर बना रह सकता है।

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं। बशर्ते कि वहां संवैधानिक तंत्र चरमरा गया हो। यह शर्त दिल्ली में स्पष्टतया पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री नेता सदन होता है। सदन के प्रति वह उत्तरदायी भी है। क्या जेल से वह सदन में बैठ सकेगा? वह कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता भी करता है। कारागार से कैसे करेगा?

जनता का दुख दर्द समस्याएं सुनना,समझना और निराकरण उसका दायित्व है। आज के हालात में वह यह सब कैसे करेगा? तब फिर केंद्र किस बात इंतजार कर रहा है? जनता की समस्याओं से मुंह क्यों फेरे हैं? शायद चुनावी नफा नुकसान! या सुप्रीमकोर्ट का डर कि कहीं राष्ट्रपति शासन लगाने की उद्घोषणा का न्यायिक पुनरीक्षण न कर ले और स्थगित न कर दे। तब चुनाव बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगे,जो भी हो केंद्र को कदम तो उठाना ही होगा। साहसहीनता आधारित किंकर्तव्य विमूढ़ता ठीक नहीं। दिल्ली प्रांत के लिए संविधान में एक प्रावधान और है,जो राज्य सरकार को निष्क्रिय कर देगा। वह है-अनुच्छेद 239 ए बी। इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। बहरहाल हर हाल में कदम तो बढ़ाना ही पड़ेगा।

आधुनिक भारत के शिल्पी, सर्व समाज के आदर्श बाबा साहेब



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान की रचना करने वाले महामुनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप बनाने का निर्णय लिया,क्योंकि इसी संविधान सभा ने 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था,तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की राष्ट्र निर्माण एवं संविधान निर्माण में अद्वितीय, अतुलनीय और अप्रतिम योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का इससे बेहतर कोई और विकल्प मेरी समझ से हो नहीं सकता था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के नागरिकों में सम्मान की भावना प्रबल करने और नई पीढ़ी को इन मूल्यों के प्रति जागरूक करने लिए के इस दिवस का विशेष महत्व है।

संविधान सभा की प्रारूप समिति में जिन सात लोगों को शामिल किया गया,उनमें कन्हैयालाल मुंशी,मोहम्मद सादुल्लाह,अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर,गोपाल स्वामी अय्यंगार,एन. माधव राव और टीटी कृष्णामचारी थे। इनमें से एक सदस्य बीमार हो गए,दो दिल्ली के बाहर थे,एक विदेश में थे, एक ने बीच में ही इस्तीफा दे दिया और एक सदस्य किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। इस तरह से सात सदस्यों वाली कमेटी में अकेले डॉ. आंबेडकर के कंधों पर संविधान का मसौदा तैयार करने की सारी जिम्मेदारी थी। यह तथ्य ड्राफ्टिंग कमेटी के ही सदस्य टीटी कृष्णामाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी और अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने मसौदा बनाने में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ. आंबेडकर पर आ पड़ा। इससे समझा जा सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मसौदे को तैयार करने में कितनी शक्ति एवं विचार की आवश्यकता रही होगी।

संविधान में सर्व कल्याण की मूल भावना समाहित है,क्योंकि उसमें इस श्लोक के विचार को समाहित किया गया है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।' मंत्र को केंद्र में रखते हुए सर्व समाज के कल्याण एवं हितों का संरक्षण करने वाले संविधान की रचना की। इस मंत्र को साकार करने के लिए संविधान में आर्टिकल 41 एवं 42 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमाओं के अनुसार काम पाने,शिक्षा पाने, बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का प्रभावी उपबंध करेगा। इन्हीं प्रावधानों के करण पिछले 75 वर्षों से देश के सभी नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याण की सुविधाएं प्राप्त हो रही है और इन कल्याणकारी सुविधाओं या योजनाओं में किसी प्रकार का जाति,धर्म, क्षेत्र या वर्ग में कोई भेद नहीं है,ये प्रावधान सर्व समाज के लिए एवं देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं। हमारे आपस में दलगत राजनीति के कारण कितने ही मतभेद क्यों न हों,लेकिन जब भी देश की बात होती है तो सभी लोगों की राय एक ही रहती है कि देश चलेगा तो संविधान से ही,यह भाव इसकी सर्वग्राहता एवं सार्वभौमिकता का द्योतक है। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर सामाज में व्याप्त भेदभाव से वाकिफ थे और इसके निवारण के लिए वे शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर देते थे,उनका स्पष्ट मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। परिवार ने निजी तौर पर कई दुश्वारियां झेली,उनके चार-चार बच्चे काल के गाल में समा गए,लेकिन बाबा साहब इन सबको दरकिनार कर निजी दुख से विचलित हुए बिना देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य को सवांरने की चिंता में लीन राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कल्याण के लिए एक तपस्वी संत की भांति पूर्ण मनोयोग से समर्पित रहे। नित रोज कुछ नया करने एवं सीखने की ललक डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों के करीब ले जाती थी। वे हर दिन घंटों अपने निजी पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, उनके पुस्तकालय में हजारों पुस्तकें थी,उनको लिखने का बहुत शौक था। डॉक्टर आंबेडकर लगभग 65 वर्ष से भी कम समय तक हम लोगों के बीच रहे। इतने कम समय में इतनी पुस्तकों का अध्ययन व रचना करना उनके उच्च अकादमिक कैलिबर के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

एक बार सांसद को संबोधित करते हुए बाबा साहब ने मजाकिया अंदाज में जिक्र किया था कि इस समाज को जब कभी दिशा देने की आवश्यकता पड़ी तो समाज ने हमको चुना। महाभारत काल में मत्स्यगंधा के पुत्र महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना की,त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रची और आधुनिक काल में यह दायित्व डॉक्टर आंबेडकर को मिला। महर्षि वाल्मीकि का चित्र वाला रामायण देश व दुनिया के करोड़ों घरों व देवालयों में स्थापित है। महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत भी करोड़ों घरों और देवालयों में शोभायमान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का स्थान एक समाज के नायक, महान समाज सुधारक,महामुनि और महान तपस्वी संत से अधिक आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पी के रूप में युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

वंचितों के मसीहा डॉ.आंबेडकर

डॉ. सुभाष चन्द्र
सह. पुस्तकालय अध्यक्ष
एमजेपीआरयू, बरेली

भक्ति काल में वंचित एवं पिछड़ी जातियों में अनेक संतों का उदय हुआ था। उनमें मुख्यतः कबीर, रविदास, घाना, पीपा इत्यादि महान संत हुए। इसके इतर सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करने वालों में नारायण गुरु, पेरियार, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि शख्सियतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ण व्यवस्था कई तरह के अन्यायों यथा- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, राजनीतिक अन्याय, धार्मिक अन्याय एवं सांस्कृतिक अन्याय की जननी रही है। हम सभी जानते है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म एक अछूत जाति में हुआ था। बाल्यकाल से ही उन्हें उपरोक्त अन्यायों को सहन करना पड़ा और इन अन्यायों ने जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में उनका पीछा नहीं छोड़ा।

कई बार लोग कहते हैं कि आंबेडकर स्वतंत्रता आंदोलन में कहां थे? वे स्पष्ट कहते हैं कि 'इस देश को आजादी मिलनी चाहिए, जितना आप चाहते हैं, उतना ही मैं भी चाहता हूं,लेकिन मेरे मन में एक प्रश्न है कि देश की आजादी आएगी तो मेरी और मेरे मित्रों और बंधुओं की आजादी या नहीं या वे वैसे ही गुलाम बने रहेंगे'। वे कांग्रेस के नेताओं से पूछते थे कि 'क्या आप मुझे विश्वास दिला सकते हो कि आजादी मिलने के बाद मेरे इन बंधुओं की भी आजादी आ जाएगी, क्या वे स्वतंत्र होंगे'? उस समय हिंदू नारियों की अवस्था भी वंचित तबके के समान ही दयनीय थी। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने जो कानूनी प्राविधान किए थे,वे ऐतिहासिक स्वरूप के हैं।

आंबेडकर ने वंचित समाज के लोगों को एक मंच दिया,मूक लोगों को वाणी दी, जैसा कि 'मूकनायक' नाम के उनके समाचार पत्र को हम जानते हैं। एक अस्तित्व दिया, आधार दिया, उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। उन्होंने अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया,संगठित किया, अनुशासित किया,संघर्ष के लिए तैयार किया। लोगों को स्वाभिमानी बनाया,शिक्षित होने का आह्वान किया,अपने अधिकार लेने के लिए लोगों को एकत्रित किया और कई सफल आंदोलन किए।

डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से ही आजादी के उपरांत वंचित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आरक्षण को एक संवैधानिक प्रावधान के तहत स्वीकार किया गया। आजादी के सतहत्तर वर्षों उपरांत भी यह नीति सरकार,संविधान एवं न्याय पालिका के संरक्षण में क्रियान्वित है। कोई भी व्यक्ति या सरकारी संस्था आरक्षण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर सकती। आरक्षण नीति का समाज के दलित, शोषित, वंचित समाज को बहुत लाभ भी मिला है। अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी विकास हुआ है।

फुले, आंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा स्वतंत्रता, समता,भाईचारे का आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों ने सपना देखा था की जयंती का है। ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को,डॉ. बी.आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को और महापंडित राहुल से सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल 1891 को हुआ। इन तीनों महापुरुषों में व्यक्तित्व, कृतित्व, दर्शन, विचार समान हैं, हिंदुत्ववादी व्यवस्था में संस्कारों, परंपराओं, वर्ण जाति व्यवस्था, पितृसत्ता का समर्थन करने वाले मूल्यों का खंडन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी,डॉ. आंबेडकर ने 'जाति का विनाश' और राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'तुम्हारी क्षय' में वर्ण व जाति व्यवस्था के आधार पर समाज में व्याप्त व्यवस्था पर सच्चाई वर्णित की है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम बहुत बड़े स्तर पर पूरे भारत में मनाए जाते हैं।

बरेली में भी पखवाड़े के रूप में रन फॉर आंबेडकर 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती, जनजागरण के लिए प्रभातफेरी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होते हैं,लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती 9 अप्रैल को होती है। महात्मा ज्योतिराव फुले आधुनिक भारत के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक गुलामी, अवमानना, उपेक्षा, शोषण उत्पीड़न के शिकार शूद्रों, अंत्यजों और स्त्रियों की मुक्ति, शिक्षा, पूर्ण बराबरी का आह्वान किया,फुले की दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' का उन पर बहुत असर था। जाति व्यवस्था में अछूत समझी जाने वाली महार जाति में 14 अप्रैल 1891 को जिस बालक का जन्म रामजी सकपाल भीमाबाई दंपती के यहां हुआ वह आगे चलकर डॉ बी.आर आंबेडकर के नाम से विश्व विख्यात हुए। डॉ.आंबेडकर की पुस्तक जाति का विनाश पढ़कर महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए और कहा आंबेडकर हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है,उन्होंने यह भी कहा कोई भी समाज सुधारक इस किताब की अनदेखी नहीं कर सकता। भविष्य में आंबेडकर को किसी भी विशेषण से जोड़े,परंतु आंबेडकर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें भुला दिया जाए। गांधी जी का कथन पूरी तरह से सही साबित हुआ। आज आंबेडकर पराधीनता और अपमान की आग से झुलस रहे लोगों के लिए शीतल छांव बनकर उभरे और उनके मसीहा बन गए। चाहे राजनीतिक या विविध कारणों से ही सही उनसे नाइत्तेफाकी रखने वाले भी उनका नाम लेने और उन्हें स्वीकार करने को आतुर हैं। भारत की समस्याओं की भीतरी तहों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि भविष्य के किसी भी खूबसूरत भारत की रचना का रास्ता आंबेडकर से गुजर कर जाएगा।

आंबेडकर ने कहा अगर किसी एक चीज ने भारतीय समाज को एक पतनशील समाज में परिवर्तित किया तो वह जाति व्यवस्था है जिसने जिंदा कौम को मुर्दा कौम में तब्दील कर दिया। एक जगह उन्होंने कहा था,लोग जिसे धर्म कहते हैं,वह और कुछ नहीं आदर्शों और प्रतिबंधों की भीड़ है। धर्म बस आदेशों व निषेधों की सहिंता के रूप में ही मिलता है। वास्तविक धर्म वह है जिसमें आध्यत्मिक सिद्धांतों का विवेचन हो,जो वास्तव में विश्व के सभी समुदायों के लिए सर्वजनीन हो हर विषय में उपयोगी होकर तत्व नहीं पाया जाता। इतिहास ने उन्हें यह अवसर दिया जिससे सबके लिए मुकम्मल दस्तावेज लिखा,जिसे भारत का संविधान कहते हैं। संविधान में मूल अधिकार दिए जो किसी व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। नागरिकों के इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर या इसको लागू करवाने के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। अनुच्छेद-14 के मुताबिक समता का अधिकार है। कानून के समक्ष समानता तथा सभी कानूनों से समान सरंक्षण का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है।

अदम्य साहस और इच्छाशक्ति की कहानी



अशोक पांडेय
हल्द्वानी

उसकी स्मृति में यह बात अब तक गड़ी हुई है कि अपनी मां की पहली संतान होने के कारण उसे तब तक घर वालों से अपने हक का वह स्नेह नहीं मिला जब तक कि उसके बाद दो भाई और पैदा नहीं हो गए। पिता टैक्सी चलाते थे। आर्थिक-सामाजिक रूप से बेहद निचली पायदान पर खड़े उसके परिवार के पास उसे देने को तमाम तरह के ढेर सारे कष्ट थे। दुनियाभर की तकलीफों के बीच उसके पास एक मां थी,जो उसे बहुत प्यार करती थी। वही उसका सबसे बड़ा संबल थी। यह और बात कि निर्धनता की हिंसा के बीच बचपन से ही मां को खटते देखने की तमाम स्मृतियां भी उसके जेहन से कभी नहीं गईं।

स्कूल जाती थी,लेकिन उसे बार-बार यह अहसास दिलाया जाता कि वह एक लड़की है जिसके पढ़ने-लिखने का कोई मतलब नहीं। कई बार किताबों के लिए पैसे नहीं होते थे। वह किसी सहपाठी से याचना कर किताब उधार मांग कर लाती थी। कई बार यह भी होता कि उसे स्कूल भेजने के बजाय मां के साथ घास-लकड़ी के लिए जंगल भेज दिया जाता। मां घास ढोने वाली टोकरी में उसकी किताब छिपाकर ले जाया करती। मां काम करती,वह पढ़ने की कोशिश करती,लेकिन उसके आंसू निकल आते थे कि संसार की निगाह में बेटी होना इतना बड़ा अपराध कैसे हो गया। वह बहुत कुछ करना चाहती थी, लेकिन सारे रास्ते या तो बंद थे या बंद करा दिए जाते थे। एक बार उसके दोस्त से उधार मांगी गई किताब आग के हवाले कर दी गई। उसे दोस्त से झूठ बोलना पड़ा कि किताब गुम हो गई। उस शर्मिंदगी की याद भी उसके मन से नहीं गई। जब वह दस साल की हुई, उसकी मां को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल हो गई। घर की अनिश्चित आमदनी में आठ सौ रुपये माहवार की बढ़ोतरी हुई।

विषमतम संभव परिस्थितियों में उसने पिथौरागढ़ जिले के सल्मोड़ा गांव से फर्स्ट क्लास में हाईस्कूल पास करने में सफलता हासिल कर ली। उसे विज्ञान के विषय पढ़ने का मन था,लेकिन गांव के स्कूल में वह सुविधा न थी। उसके लिए पिथौरागढ़ जाना पड़ता-बीस रुपये रोज आने-आने के खर्च करने पड़ते जो नहीं थे। सो वहीं इंटर आर्ट्स में दाखिला ले लिया। घर पर दादी का रुतबा चलता था। उन्होंने कहा लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने की कोई जरूरत नहीं होती और टनकपुर में तैनात एक पुलिस वाले से उसकी शादी तय कर दी। दादी के हठ से किसी तरह उसे पिता ने बचा लिया। सातवीं क्लास से ही उसने एनसीसी में भी दाखिला ले लिया था। एनसीसी का सबसे बड़ा आकर्षण उसमें लगने वाले दो-तीन हफ्तों के कैंप होते थे। घर से बाहर रहना एक बड़ी नेमत हुआ करती थी। जीवन ने उसे यही एक सुअवसर उपलब्ध कराया था जिसे उसने दोनों हाथों से दबोच लिया। जैसे-तैसे इंटर करने के बाद कॉलेज में बीए में दाखिला ले तो लिया पर फिर से शादी का दबाव बढ़ने लगा। यह 2014 का साल था जब अठारह साल की आयु में उसने अपने पिता से तीन साल की मोहलत मांगी कि उसके बाद जो चाहो कर लेना अभी मुझे कुछ कर लेने दिया जाए। उसकी बात मान ली गई।

कॉलेज में भी एनसीसी थी। रुड़की में कैंप लगा जिसमें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बच्चे छांटे जाने थे। कद में छोटी होने के कारण इस परेड के लिए उसका सेलेक्शन न हो सका। उदास होकर घर वापस आना पड़ा। दो माह बाद एनसीसी की तरफ से उसके पास चिठ्ठी आई कि उसका नाम रुद्र गैरा पर्वत पर चढ़ाई करने वाले एक अभियान दल के लिए छांटा गया है। पर्वतारोहण का यह उसका पहला अनुभव था जिसमें उसके साथ पच्चीस हम उम्र लड़कियां थीं। पांच हजार आठ सौ मीटर ऊंची इस चोटी की मुश्किल चढ़ाई चढ़ने में दस दिन लगे। शिखर पर पहुंचने के बाद उसके मन में सबसे पहले जंगल में घास काटती अपनी मां की छवि आई जिसने कैसे-कैसे कष्ट सहते हुए उसे यहां तक पहुंचाने में हरसंभव मदद की थी। उसे यह अहसास भी हुआ कि वह इस जीवन में खुद कुछ कर सकती है। रुद्र गैरा अभियान में उसका प्रदर्शन देखते हुए एनसीसी की तरफ से उसे अन्य अभियानों में शामिल किया गया। 2016 में जब उसका चयन त्रिशूल चोटी के आरोहण के लिए हुआ तो स्थानीय अखबारों ने खबर छापी। पहली बार उसके माता-पिता को अहसास हुआ कि शीतल कुछ ऐसा करती है,जो महत्वपूर्ण है।

त्रिशूल अभियान के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी शीतल को अचानक झटका लगा जब उसका नाम अचानक मुख्य सूची से हटाकर रिजर्व सूची में रख दिया गया और अंततः वह अभियान से बाहर हो गई। उसने हार नहीं मानी और जम्मू कश्मीर में एक एडवांस कोर्स के लिए अप्लाई किया। सात हजार रुपये फीस थी। घर पर इतने पैसे न थे। किस्मत से उन दिनों पिथौरागढ़ में एक डांस प्रतियोगिता हुई,जिसे उसके छोटे भाई ने जीत लिया। उसे इनाम में दस हजार रुपये मिले,जो उसने अपनी दीदी के हाथ में रख दिए।

1996 में जन्मी शीतल की इसके बाद की कहानी एक छोटी सी लड़की के अदम्य साहस और उसकी इच्छाशक्ति की दृढ़ता की कहानी है। शीतल ने मुझे बताया बचपन से ही उसे पहाड़ों में चेहरे दिखाई देते थे। जब उसका मन व्यथा से भर जाता वह अकेली उनसे बात करने लगती थी और अपनी पूरी आत्मा उनके सम्मुख उड़ेल देती थी। कभी वे जवाब देते थे कभी नहीं।

एक नजर

अल्मोड़ा पुलिस का चेकिंग अभियान जारी

अल्मोड़ा : शनिवार को कोतवाली पुलिस के अलावा भतरौंजखान, सल्ट, देघाट, धौलछीना, चौखुटिया, दन्या, लमगड़ा, द्वाराहाट, सोमेश्वर पुलिस ने क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध प्रतीत होने वाले वाहनों और लोगों की चेकिंग भी की। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने, संदिग्ध वस्तुओं व मानक के विपरीत नगदी इधर उधर ले जाने वाले लोगों, अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह है। अगर कोई भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

स्मैक संग युवक गिरफ्तार

बनबसा : पुलिस ने चेकिंग के दौरान 2.05 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसआई जितेंद्र सिंह बिष्ट की अगुवाई में पुलिस ने चेकिंग के दौरान अतुल प्रहरी पुत्र स्व. मनोहर लाल प्रहरी निवासी ग्राम परुड़ा चम्पावत को 2.05 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। टीम में हेड कांस्टेबल भोजेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

बच्चों को विज्ञान और तकनीक की दी जानकारी

अल्मोड़ा : पीएमश्री राजकीय आदर्श इंटर कालेज हवालबाग में अटल टिंकरिंग लैब कम्युनिटी डे का आयोजन किया गया। अमेरिका से यहां पहुंचे डिजाइन इंजीनियर संजय उप्रेती ने स्कूली बच्चों को विज्ञान की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उप्रेती ने स्कूली छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के दैनिक जीवन में प्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न उपकरणों में प्रयोग की जाने वाली चिप्स के बारे में भी जानकारी दी। उप्रेती ने विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब में हो रहे नवाचारों की सराहना की। कहा कि अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी इस लैब का लाभ उठाना चाहिए। प्रधानाचार्य एवं अटल टिंकरिंग लैब के इंचार्ज डा. कपिल नयाल ने बताया कि एटीएल कम्युनिटी डे के आयोजन का उद्देश्य समुदाय के सभी वर्गों के विद्यार्थियों को अटल टिंकरिंग लैब से जोड़ना है। कार्यक्रम में संजय पांडे, प्रदीप सलाल, प्रमोद पांडे रहे।

प्रदेश की पांचों सीटें जीतेगी भाजपा

सीएम धामी ने कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचारी पार्टी, बोले- कांग्रेस के पास न मुद्दा न नेता

बागेश्वर में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को विजयी बनाने की अपील करते सीएम धामी।

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में गरुड़ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य के मूल स्वरूप के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जंगलों व सरकारी जमीनों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धामी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि कांग्रेस के पास न तो कोई मुददा है और नहीं कोई नेता रह गया है। कहा कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर कमल खिलेगा।

रामलीला मैदान में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को जनता ने जिस विश्वास से सत्ता सौंपी उस पर भाजपा ने कार्य किया। हमने वन व सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया। कहा कि देवभूमि के भूगोल के साथ किसी भी संप्रदाय द्वारा की गई छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आज गरीबों को निशुल्क राशन, साल में तीन गैस सिलेंडर, हर परिवार को पक्का मकान की सुविधा आदि योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व में भारत का नाम उंचा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता पर रहते हुए भ्रष्टाचार फैलाया। आज कांग्रेस के पास न कोई मुददा है और न ही कोई नेता। उन्होंने सांसद प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने केंद्र सरकार की उपलब्धि बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता व देश के विकास के लिए तमाम योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने अपनी लोकसभा में यातायात, स्वास्थ्य आदि क्षेत्र में किए कार्यों की उपलब्धियां गिनाईं।

सभा का संचालन जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार ने किया। इस मौके पर शिव सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, विधायक पार्वती दास, जिपं अध्यक्ष बसंती दास, हराशी रावत, मंगल राणा, दीपा आर्या, नीमा धपोला, भगवती धपोला, हेम रावत, त्रिलोक बुटौला रहे।

सीएम ने बाइक रैली के साथ किया रोड शो

टनकपुर/ बनबसा : शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में शनिवार को बनबसा स्टेडियम से बाइक रैली के साथ रोड शो में प्रतिभाग किया। यह रोड शो टनकपुर के गांव मनिहारगोठ से होकर टनकपुर तुलसीराम चौराहा पहुंचा। यहां सभा में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में हर पल देश को समर्पित किया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शिवराज सिंह कठायत, जिला महामंत्री पूरन सिंह मेहरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, संयोजक शंकर पांडे, प्रभारी मोहित पाठक आदि रहे। इधर बनबसा में जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा की अगुवाई मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी मोहित पाठक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्षवर्धन सिंह रावत, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधी प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी आदि मौजूद रहे।

कुलपति ने कम्प्यूटर और योग विभाग का निरीक्षण किया

अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने परिसर के कम्प्यूटर और योग विज्ञान विभाग का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने विभागों की तमाम व्यवस्थाओं को परखा और विभागाध्यक्षों को कक्षाओं का संचालन तय समय पर करने के निर्देश दिए। कहा कि शैक्षणिक कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट ने परिसर के सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर विज्ञान और योग विज्ञान विभाग के कार्यालयों में जाकर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभागों में खराब पड़ी सामग्री का निस्तारण करने, विभाग कार्यालय व कक्षाओं की साफ सफाई दुरुस्त रखने, कक्षाएं तय समय पर शुरू करने, शौचालयों को स्वच्छ रखने व कार्यालय दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने के निर्देश विभागाध्यक्षों को दिए। इस दौरान सुरेंद्र नेगी, विपिन जोशी, डा. पारल सक्सेना, डा. सुभाष चंद्र, छात्रसंघ के आशीष जोशी, राहुल धामी समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड प्रताप सिंह शाह ने शनिवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर निर्वाचन संबंधी कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से मतदान दिवस की तैयारियों की जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी टीम भावना से कार्यों को संपादित करें तथा निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार का संशय होने पर अपने उच्चाधिकारी से समन्वय बनाकर कार्यों को सहज तरीके से सम्पन्न कराएं। उन्होंने वेब कास्टिंग, वाहन व्यवस्था, पोस्टल बैलेट, प्रशिक्षण, बूथों में आवश्यक सुविधाओं समेत अनेक कार्यों के बारे में जानकारी ली और नोडल अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एडीएम सीएस मर्तोलिया, मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत समेत अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

कलक्ट्रेट में बैठक लेते संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

बैलेट मतदान का आज आखिरी दिन

▸▸ अब तक 2015 मतदाताओं में से 1932 ने किया मतदान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों के मतदान का आज अंतिम दिन है। जिले में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 2015 है। इनमें से अब तक 1932 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुके हैं।

जिले के नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया जनपद अल्मोड़ा में 1637 बुजुर्ग एवं 378 दिव्यांग मतदाता हैं जिन्होंने घर से ही वोट करने के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद सभी विस सीटों पर पोलिंग पार्टियों ने घर घर जाकर मतदान कराया।

उन्होंने बताया कि अब तक जिले की छह विधानसभाओं में 1563 बुजुर्ग और 369 दिव्यांग मतदाता मताधिकार को प्रयोग कर चुके हैं। जबकि शेष मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 14 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों शेष मतदाताओं के घर घर तक पहुंचेंगी। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले की सोमेश्वर विधानसभा में सबसे अधिक 365 बुजुर्गों ने वोट डाले हैं।

मतदान से पहले 11 बुजुर्गों की हो गई मृत्यु

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनाव के लिए इस बार जिले में 1637 बुजुर्गों ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा के लिए आवेदन किया। लेकिन इन बुजुर्ग मतदाओं में से 11 मतदाताओं की मतदान से पहले ही मृत्यु हो गई। मतदान पार्टियों के ऐसे आवेदकों के घर तक पहुंचने के बाद इन मृत बुजुर्गों का आंकड़ा सामने आया है।

चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मी 16 तक करेंगे मतदान

टनकपुर : तैनाती स्थल से भिन्न क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी दे रहे पुलिस कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई। यह मतदान 16 अप्रैल तक किया जा सकेगा। तहसील चम्पावत व लोहाघाट में स्थापित सुविधा केंद्र में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कराया जा रहा है।

चैत्र नवरात्र पर भजनों से माहौल हुआ भक्तिमय

अल्मोड़ा : चैत्र नवरात्रों के मौके पर जिले भर में मंदिरों और घरों में भजन कीर्तनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता का पूजन किया और सभी के सुख और समृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय के नंदादेवी, उल्का देवी मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, वन देवी मंदिर समेत बानरदेवी, स्याहीदेवी, कसारदेवी, मानिला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। घरों में भी इन दिनों सुंदरकांड समेत माता के भजनों का भजनों और कीर्तनों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे जिले भर में माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

तीस गांवों में पेयजल का संकट

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ बिजली की कटौती के कारण पंपिंग योजनाएं नहीं हो पा रही संचालित

अमृत विचार : जिले के चौखुटिया विकास खंड में बिजली की अघोषित कटौती के कारण पेयजल पंपिंग योजनाओं के संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण क्षेत्र के तीस से अधिक ग्राम सभाओं में पेयजल की भीषण किल्लत पैदा हो गई है।

सामाजिक संस्था गेवाड़ विकास समिति ने इस संबंध में बिजली और पेयजल विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र बिजली और पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त करने की मांग की है। चौखुटिया के तीस से अधिक ग्राम सभाओं के हजारों ग्रामीणों को रामपुर- भनोटिया, चौखुटिया-नागाड़, चांदीखेत फेज वन और टू व हाटझला पंपिंग पेयजल योजनाओं से पीने का पानी मुहैया कराया जाता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण इन पंपिंग योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में पेयजल की खासी दिक्कत पैदा हो गई है। गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने अब डीएम विनीत तोमर को मामले की जानकारी देने के लिए एक पत्र भेजा है। जिसमें संबंधित क्षेत्रों में पेयजल और बिजली की आपूर्ति सुचारू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाने की मांग की गई है।

समस्याओं को शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया

▸▸ जिलाधिकारी ने सरमोली के जनप्रतिनिधियों संग की बैठक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पिथौरागढ़ के सरमोली क्षेत्र की पच्चीस ग्राम पंचायतों द्वारा लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी देने के बाद जिलाधिकारी रीना जोशी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सेना के अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट में बैठक की और समस्याओं की जानकारी शासन तक पहुंचाने और उनका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि मुनस्यारी क्षेत्र में बलाती फार्म तथा खलियाटॉप क्षेत्र से भारतीय सेना को शिफ्ट करने और सेना द्वारा क्षेत्र विस्तार करने से क्षेत्र की जैव विविधता व पेयजल स्रोत प्रभावित होने लगे हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में केएमवीएन, पर्यटन विभाग, उद्यान विभाग व क्रीड़ा विभाग द्वारा अवैज्ञानिक हस्तक्षेप किए जाने से भी क्षेत्र का पानी और पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है।

जिलाधिकारी रीना जोशी ने सेना के अधिकारियों और संबंधित विभागों से समन्वय बनाने की बात कही और शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की। डीएम ने आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को शासन स्तर पर रखा जाएगा और शीघ्र समाधान भी किया जाएगा।

बैठक में वन विभाग, पर्यटन, उद्यान, क्रीड़ा, कुमाऊं मंडल विकास निगम व भारतीय सैन्य अधिकारियों समेत बलाती फार्म व खलियाटॉप के विभिन्न जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

एनसीसी छात्राओं ने रैली से दिया मतदान करने का संदेश

रानीखेत में मतदान जागरूकता रैली निकालतीं एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : स्व. जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में एनसीसी के सहयोग से स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक तथा रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने किया। रैली महाविद्यालय प्रांगण से हैड़ाखान मार्ग होते हुए चिलियानौला बाज़ार तक निकाली गयी। जिनमें छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगाए।

इसके उपरांत चिलियानौला बाजार में एनसीसी कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। साथ ही स्थानीय लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु प्रेरित किया।

रैली में स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. अभिमन्यु कुमार, सहायक नोडल अधिकारी पूजा, 24 यूके गर्ल्स बटालियन प्रभारी डॉ. रूपा आर्या, 79 यूके बटालियन प्रभारी डॉ. शंकर कुमार, डॉ. पारुल भारद्वाज, डॉ निधि पाण्डे, डॉ. बरखा रौतेला, डॉ. महिराज मेहरा, डॉ. तारा चंद्र आदि सम्मिलित थे।

वर्ग पहेली-39

बाएं से दाएं

1. दुगना, दूना।
3. दे. ऐलबम।
5. रिकार्ड किए संगीत को बजाने का उपकरण (जो उत्कृष्ट स्वर उत्पन्न करता है)।
7. क्षार, खार।
9. 1. संगीन अपराधियों को रखने के लिए कारावास में बनी बहुत छोटी और अँधेरी कोठरी 2. बहुत छोटा और अँधेरा कमरा।

ऊपर से नीचे

2. 1. दस का मान या भाव 2. लिखे हुए अंकों की गिनती के क्रम में दाहिनी ओर से दूसरे स्थान पर आने वाला अंक जिसका मान पहले अंक से दस गुना होता है।
4. 1. शक्तिशाली, ताकतवर 2. महारथी।
6. 1. वह मादा खच्चर जो मिस्र के हाकिम ने मुहम्मद साहब को भेंट की थी 2. मुहर्रम की आठवीं तारीख़ को जुलूस के साथ निकाला जाने वाला वह कोतल घोड़ा जिसके साथ शिया मुसलमान मातम करते हुए चलते हैं।
8. 1. नाम संबंधी 2. केवल नाम मात्र का जिसका वास्तविक तथ्य से कोई संबंध न हो, (नॉमिनल)।



वर्ग पहेली -38 का हल

1 नि	का	ला	■	2 गि	■	■
मे	■	■	3 धु	न	की	■
ष	■	4 ज	क	ना	■	5 उ
■	6 नु	■	धु	■	■	प
7 वै	मा	नि	की	■	■	च
■	इ	■	■	■	■	रि
8 बे	श	र	मी	■	■	त

सुडोकू-118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			7				9	
6		2					7	
9			4			5		
4		7			1	8		
	3						6	
		5	9		6			3
		8			2			7
	9					2	5	
	1				3			

सुडोकू -117 का हल

5	8	1	2	6	7	4	3	9
9	7	4	3	8	1	5	6	2
2	6	3	4	9	5	8	1	7
7	3	9	5	1	8	6	2	4
4	5	6	9	3	2	7	8	1
1	2	8	7	4	6	3	9	5
6	4	7	1	2	3	9	5	8
3	9	2	8	5	4	1	7	6
8	1	5	6	7	9	2	4	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 11.43 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 15 अप्रैल 01.35 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

वृष — आज यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। दिन लिए काफी खर्चीला रहेगा।

मिथुन — आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल सकती है।

कर्क — आज आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिए। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है।

सिंह — आज प्रेमीजन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे।

कन्या — आज पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। मन काफी चंचल रहेगा, लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे।

तुला — आज लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

वृश्चिक — आज व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

धनु — आज काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक संबंध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा। आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे।

मकर — आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिए। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, किंतु आपके चलते हुए कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

कुंभ — आज आपको अपने मान-सम्मान की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। संतान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें।

मीन — आज नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कातिलों के कातिल — दोपहर : 12.00
- मिस्टर नटवर लाल — रात : 08.38

&pictures
- राधे — सुबह : 11.14
- टॉइलेट-एक प्रेम कथा — शाम : 04.57

SONY PIX
- बुलैट ट्रेन — सुबह : 09.34
- द अनहोली — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- रक्षा बंधन — सुबह : 11.30
- खिलाड़ी — रात : 08.30

StarGold SELECT
- मेड इन चाइना — सुबह : 09.30
- बैंग बैंग — शाम : 06.30

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.57 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

108 एंबुलेंस का ब्रेक फेल मरीज और कर्मचारी बचे

पूर्व बीडीसी सदस्य अधिकारी को अस्पताल ले जा रही थी एंबुलेंस

▸▸ चालक ने ब्रेक फेल होने के बाद वाहन को पैराफिट से टकराकर बचाई मरीज व स्टाफ की जान

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

अमृत विचार : मरीज को अस्पताल ले जा रही बाराकोट की 108 आपातकालीन एंबुलेंस का ब्रेक फेल हो गया। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से नया वाहन देने की मांग की है।

शनिवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश सिंह अधिकारी की तबीयत खराब होने पर 108 एंबुलेंस काकड़ से उन्हें हॉस्पिटल को ले जा रही थी। दो किलोमीटर चलने के बाद एंबुलेंस का ब्रेक फेल हो गया। ज्येष्ठ प्रमुख नंदा बल्लभ बगौली ने बताया कि शनिवार को 108 एंबुलेंस मात्र 2 किमी चली ही थी कि उसके ब्रेक फेल हो गए। चालक ने सूझबूझ का परिचय देकर वाहन को पैराफिट से टकराकर जैसे तैसे वाहन को रोका, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

बगौली ने बताया कि पूर्व में भी बाराकोट को जो 108 वाहन वाहन दिया गया था वह लाते ही खराब हो गया था। उसके बदले स्वास्थ्य विभाग ने दूसरा वाहन दिया जो धक्का देकर स्टार्ट होता है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उन्होंने सीएमओ को पूर्व में दे दी गई थी। उन्होंने जल्द स्वास्थ्य विभाग से बाराकोट के लिए नए वाहन देने की मांग उठाई। 108 आपातकालीन के जिला प्रभारी कमल शर्मा ने बताया कि वाहन का ब्रेक पाइप फटने ब्रेक फेल हो गया। वाहन को ठीक करवाया जा रहा है। फिलहाल बाराकोट में अलग वाहन से सेवाएं दी जा रही हैं। वहीं सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को ही जिला प्रभारी ने सभी वाहनों के फिटनेस का सर्टिफिकेट उन्हें दिया है कि सब वाहन सही हैं।

रोडवेज बसें लगी चुनाव ड्यूटी में, यात्री हैं परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रोडवेज बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से बसों का संकट हो गया है। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की खासी भीड़ रही, लेकिन बसों के अभाव में यात्री दिनभर परेशान रहे। ऐसे में अधिकांश यात्री महंगी दरों पर टेक्सियों से गंतव्य को रवाना हुए। उत्तराखंड परिवहन निगम की अधिकांश बसों को चुनाव ड्यूटी पर भेजा गया है। जिससे मैदान से लेकर पर्वतीय रूटों पर चलने वाली बसों का संकट हो गया है।

निगम की नैनीताल, भवाली, भीमताल, बरेली, रुद्रपुर, किच्छा, कानपुर, दिल्ली समेत अन्य रूटों पर चलने वाली बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। हाल ये है कि स्टेशन में खाली बस पहुंचते ही यात्रियों को बस में सीट के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। कई यात्रियों को खड़े-खड़े सफर करना पड़ रहा है।

रोडवेज की 60 बसें और हुई रवाना

रोडवेज बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से नियमित रूटों का संचालन गड़बड़ाने लगा है। शनिवार को रोडवेज की 60 और बसें चुनाव ड्यूटी पर भेजी गईं। जिसके चलते निर्धारित रूटों पर संचालित होने वाली बस सेवा बाधित रही है। बीते शुक्रवार को हल्द्वानी डिपो की 14, काठगोदाम की 13 और रामनगर की 7 बसों को यूपी के रायबरेली, कानपुर और उन्नाव के लिए रवाना किया गया था। वहीं शनिवार को अल्मोड़ा, रानीखेत और भवाली डिपो की 60 बसें अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ लोकसभा के लिए सुरक्षा बलों को लाने के लिए रवाना की गईं।

मतदान बढ़ाने को प्रयास जरूरी

▸▸ 'वोटर जागरूकता में जनसंपर्क की भूमिका' विषय पर पीआरएसआई देहरादून चैप्टर ने की कॉन्फ्रेंस

ब्यूरो, देहरादून

देहरादून में आयोजित कॉन्फ्रेंस में चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : 'वोटर जागरूकता में जनसंपर्क की भूमिका' विषय पर पीआरएसआई देहरादून चैप्टर द्वारा शनिवार को राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

इसमें उत्तराखंड में अपेक्षाकृत कम वोट प्रतिशत के कारणों और इसे बढ़ाने के तरीकों पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता अनूप नौटियाल ने उत्तराखंड में पिछले लोकसभा चुनावों में वोट प्रतिशत के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि पहले की अपेक्षा उत्तराखंड में लोकसभा चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ा है, परंतु हम अभी भी राष्ट्रीय औसत से कम हैं। इस गैप को कम करने के लिए दीर्घकालीन योजना पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। इसे एक सामाजिक दायित्व की तरह लेना होगा। युवा वर्ग को विशेष रूप से प्रेरित करना होगा। उपनिदेशक सूचना और निर्वाचन में नोडल मीडिया रवि बिजारनिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी. पुरुषोत्तम के निर्देश पर मतदान शपथ का अभियान चलाया गया। युवाओं को प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया पर खास तौर पर फोकस किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की सोशल मीडिया एक्टिविटीज की भारत निर्वाचन आयोग ने भी सराहना की है। कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि वोटर आईडी न होने पर आधार कार्ड सहित 12 अन्य पहचान पत्रों से मतदान किया जा सकता है। हुडको के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय भार्गव ने कहा कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में हम सभी को सामाजिक भागीदारी निभानी होगी। कार्यक्रम का संचालन पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के सचिव अनिल सती ने किया। इस मौके पर पीआरएसआई के कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र भट्ट, अनिल वर्मा, वैभव गोयल, डॉ. मनोज गोविल, संजय सिंह, आकाश शर्मा, संजय बिष्ट, पुष्कर सिंह नेगी रहे।

पेट्रोल पंप पर ठोका 10 हजार जुर्माना

नैनीताल : क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय जोशी एवं पूर्ति निरीक्षक सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने नैनीताल स्थित दुर्गा स्टोर्स पंप का औचक निरीक्षण किया। जहां निःशुल्क पेयजल, हवा एवं शौचालय की सुविधा नहीं मिलने पर टीम ने मैसर्स दुर्गा स्टोर्स पंप तल्लीताल पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया।

निरीक्षण में हवा भरने वाली मशीन का कक्ष बंद मिला। परिसर में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं मिली। पंप परिसर में पेयजल की व्यवस्था भी नहीं मिली। पानी की मशीन कार्यालय के भीतर रखी मिली। इस पर पूर्ति निरीक्षक एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नैनीताल की संस्तुति तथा उपरोक्त अनियमितताओं के दृष्टिगत मैसर्स दुर्गा स्टोर्स पंप तल्लीताल के खिलाफ 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

स्यालीधार के जंगल में धधकी आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाई

स्यालीधार के जंगल में लगी आग को बुझाती फायर सर्विस की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : शनिवार को जिला मुख्यालय के स्यालीधार के पास स्थित बिजली के सब स्टेशन से लगे जंगल में भीषण आग लग गई।

आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और बिजली के सब स्टेशन की ओर बढ़ने लगी। आनन-फानन में इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में फायर की टीम मौके की ओर रवाना हुई। फायर विभाग की टीम ने फायर टैंकर से पंपिंग कर एक होजरील की मदद से एक तरफ से आग को बुझाना शुरू कर दिया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने जंगल की आग पर काबू पाया। इधर जिले के सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, द्वाराहाट, सोमेश्चर, धौलादेवी और भैंसियाछाना में जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। जिस कारण प्रतिदिन लाखों रुपये की वन संपदा के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।

पोस्टल बैलेट से 94.73 फीसदी मतदान

▸▸ इस लोकसभा चुनाव में हुए पोस्टल बैलेट मतदान ने तोड़ा विधानसभा चुनाव का रिकॉर्ड

ब्यूरो, देहरादून

प्रेस ब्रीफिंग करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि अब तक 94.73 प्रतिशत मतदान पोस्टल बैलेट से हो चुका है। यह प्रतिशत अभी और बढ़ेगा। अभी तक पोस्टल बैलेट से विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 से अधिक मतदान प्रतिशत हो चुका है।

अभी तक 85 वर्ष से अधिक 9376 मतदाताओं और 2806 दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है। 505 आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन दिया है। वे 14 और 15 अप्रैल को मतदान करेंगे। सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल एप के माध्यम से कार्यवाही में उत्तराखण्ड देश में तीसरे स्थान पर है। राज्य में सी विजिल से 19 हजार 532 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिनका त्वरित निस्तारण किया गया है। नेशनल ग्रीवेंस एड्रसल पोर्टल से लगभग 2 हजार शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 5 शिकायतों पर कार्यवाही गतिमान हैं। अन्य सभी शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। राजनीतिक पार्टियों द्वारा 2666 अनुमतियां मांगी गई, सभी अनुमतियां 6 से 7 घण्टे में दी गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसके लिए 48 से 72 घण्टे का समय दिया जाता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों की सुविधा के दृष्टिगत राज्य में अनेक प्रयास किये गये हैं। राज्य में पहली बार बीएलओ ड्यूटी में लगे कार्मिकों को मतदाताओं से संपर्क करने के लिए फोन कॉल के लिए एक-एक हजार रुपये प्रदान किए गये हैं। वेब कास्टिंग टीम में लगे कार्मिकों को प्रतिदिन 300 रुपये का मानदेय दिया जा रहा है। पोलिंग पार्टियों को रहने और बिस्तर की व्यवस्था करने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये गये हैं। राज्य में 60 लाख मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई है। मतदान के लिए सामान ले जाने में किसी भी प्रकार से परेशानी न हो, इसके लिए सभी पोलिंग पार्टियों को बैग दिए गए हैं। राज्य में पहली बार पोलिंग बूथों पर बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान बनाया गया है। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में पीठासीन अधिकारी सीधे संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र और डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए उनके पास पूरा विवरण पहले से रहेगा।

डॉ. अंबेडकर को पढ़ने व व्यवहार में उतारने पर जोर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 जयंती की पूर्व संध्या पर ज्योतिबाफुले सायंकालीन स्कूल पुछड़ी में उनको याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता नंदराम आर्य ने कहा कि उन्होंने सफलता के तीन मंत्र दिए थे–'शिक्षित हों, संगठित हों, संघर्ष करो'। रचनात्मक शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल ने कहा कि अंबेडकर को पूजने की नहीं पढ़ने और व्यवहार में उतारने की जरूरत है। उन्होंने दलितों के साथ-साथ मजदूर वर्ग एवं महिलाओं के मानवीय अधिकारों के साथ समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्ष किया। इस मौके पर बाबा साहेब तुम्हें प्रणाम और लोगों को दिया समानता का अधिकार कविता का पाठ भी किया गया।

बच्चों ने उनका चित्र बनाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अंत में सभी से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करने की अपील की गई। इस मौके पर मो. ताहिरनवेंदु मठपाल, नंदराम आर्य, सुजल कुमार, शबनम, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, हेमन्त कुमार, महेंद्र आर्य मौजूद रहे।

पांचवें दिन भी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रुद्रपुर : नवरात्रि के चौथे दिन भी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तनों का दौर चलता रहा। शनिवार की सुबह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने आना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई।

बूथों में वेब कास्टिंग के लिए ऑपरेटर्स को सिखाईं बारीकियां

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव–2024 में बूथों की वेब कास्टिंग के लिए बूथ ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए प्रशिक्षण में बूथ ऑपरेटर्स को वेब कास्टिंग के अंतर्गत कैमरा, पॉवर बैंक, सिम कार्ड और सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई। बूथ में कैमरे लगाने के लिए दिशा, स्थान वगैरह की बारीकियां भी सिखाई गईं। वेब कास्टिंग नोडल अधिकारी मोहित जोशी ने बताया कि सभी बूथ संचालकों को 14, 17 और 18 अप्रैल को बूथों में वेब कास्टिंग का परीक्षण करना होगा। इससे 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में बिना किसी समस्या, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और गोपनीय ढंग से मतदान सम्पन्न हो सकेगा। बताया कि प्रत्येक बूथ में तीन पोस्टर लगाने अनिवार्य हैं। सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी आदि का विवरण दिया गया है। बूथ में पोलिंग पार्टियों के एजेंट की उपस्थिति भी दर्ज करानी होगी। इस अवसर पर 340 बूथ ऑपरेटर्स शामिल रहे।

एथेनॉल प्लांट के विरोध में चुनाव बहिष्कार का ऐलान

कालाढूंगी : चकलुवा में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों ने इस बार चुनाव का बहिष्कार कर वोट नहीं डालने का फैसला लिया है। ग्रामीणों ने पहले ही चुनाव बहिष्कार का ज्ञापन जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग को दे दिया है। शनिवार को ग्रामीणों ने गांव बचाओ संघर्ष समिति बैनर तले ऐथनॉल प्लांट बंद करो, ग्रामीण एकता जिंदाबाद व प्लांट बंद नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। बताते चलें कि विगत ढाई साल से चकलुवा क्षेत्र में ग्राम रामपुर सूरपुर में एथेनॉल प्लांट स्थापित किया जा रहा है। स्थानीय काश्तकार एवं क्षेत्रवासी प्लांट को यहां नहीं लगाने की गुहार लगा रहे हैं। अब संघर्ष समिति ने ग्रामसभा रतनपुर के अंतर्गत ग्राम देवीपुरा, रतनपुर, नरीपुरा, हरिपुर, करमपुर, सगतपुर के किसानों ने उनके क्षेत्र के बूथ संख्या 52 एवं 53 में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत मतदान से स्वयं को दूर रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान ग्राम प्रधान सर्वजीत कौर, क्षेपंस तारा चंद्र, प्रशांत रस्तोगी, त्रिभुवन कन्याल, गुड्डू चौहान रहे।

उत्तर प्रदेश

रुद्रपुर ले जाकर किशोरी से तीन दिन तक किया सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ चार अप्रैल को दर्ज हुआ था अपहरण का मामला, एक आरोपी था नामजद

अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र की किशोरी को रुद्रपुर ले जाकर किराए के कमरे में तीन दिन रखकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

हालांकि, इस मामले में किशोरी के लापता होने के अगले दिन पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने 4 अप्रैल को एक आरोपी के विरुद्ध अपहरण के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज की थी। लेकिन, नामजद की गिरफ्तारी न होने पीड़ित पक्ष शनिवार को मुरादाबाद आकर एसएसपी के सामने पेश हुआ। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अन्य आरोपों के तहत एफआईआर में धाराओं की वृद्धि करने की मांग की है। तीन लोगों पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है।

पीड़िता के भाई ने एसएसपी को बताया है कि उसकी बहन की आयु 15 वर्ष है। उसे 3 अप्रैल की दोपहर 2 बजे गांव का ही शोएब पुत्र खुर्शीद बहला-फुसला कर ले गया था। बहन के बारे में जब काफी देर तक पता नहीं चला तो उन्होंने तलाश शुरू की। लेकिन, उसके बारे में कोई पता नहीं चला तो आरोपी शोएब के घर वालों से संपर्क किया। लेकिन, वे कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे। ऐसे में पीड़िता के भाई ने मूंढापांडे थाने में आरोपी शोएब के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को पीड़िता का भाई एसएसपी के सामने पेश हुआ था। उसका कहना है कि उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने में नामजद अभियुक्त शोएब की मां व दो अन्य लोगों का भी हाथ है। बहन ने बताया है कि शोएब और उसके साथियों ने उसे रुद्रपुर ले जाकर किराए के कमरे में तीन दिन तक रखा। वहां नामजद अभियुक्त शोएब व दो अन्य ने तीन दिन तक उसके साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया।

दो साल के बच्चे को कुत्तों के झुंड ने नोचा

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा थाना क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में दो साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। बच्चा खेत पर मां के साथ गया था। घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भगवंतपुर गांव निवासी पूजा शनिवार को खेत पर गेहूं काटने के लिए गई थीं। वह अपने साथ दो साल के बेटे वंश को भी लेकर गई थीं। पूजा ने बताया कि वह गेहूं काट रही थीं और बेटा पास में ही खेल रहा था। इसी बीच कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। वंश के रोने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे अन्य लोगों ने कुत्तों को भगाया और बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शहर से लेकर देहात तक आवारा कुत्तों के हमलों के मामले सामने आ रहे हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से फल कारोबारी की मौत

संवाददाता, टांडा(रामपुर)

▸▸ पांच दिन में इस मार्ग पर यह तीसरा हादसा

अमृत विचार : सड़क पार करते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से फल कारोबारी की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके चलते मार्ग के दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी है। लोगों ने पुलिस-प्रशासन से मार्ग पर दिन के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है। पांच दिन में इस मार्ग पर यह तीसरा हादसा है।

नगर के मोहल्ला रांड निवासी कबीर (35) पुत्र अमीर अहमद पूर्वाह्न 11:30 बजे जरुरी काम से बाजार गया था। वह मुख्य मार्ग पर नेता अकील के घर के सामने पहुंचा तो सड़क पार करते समय पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पिछले पहिये के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई।

इसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर नेता अकील सहित पालिकाध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम, सभासद के पति मास्टर सगीर, नेता नसरीन आदि मौके पर पहुंच गए। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

पुलिस सिपाही की इलाज के दौरान मौत

रामपुर, अमृत विचार : बीमारी के चलते बिजनौर के सिपाही की मुरादाबाद में मौत हो गई। सिपाही की पुलिस लाइन में तैनाती थी। सिपाही काफी दिनों से मुरादाबाद के एक अस्पताल में भर्ती था।

मुरादाबाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि बिजनौर के किरतपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर साहू गांव निवासी अजय भारती वर्ष 2011 में पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। जिसके बाद उनकी तैनाती रामपुर जिले में हुई थी और वह पुलिस लाइन में तैनात था और 22 मार्च को सिपाही अजय भारती अनुपस्थित हो गया था। करीब सात दिन पहले उसको परिवार के लोगों ने मुरादाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार को मुरादाबाद में ही सिपाही की मौत हो गई।

आरआई हरेंद्र कुमार ने बताया कि सिपाही की मौत हुई है। परिजनों ने उसके लीवर और फेफड़े में परेशानी होने की बात बताई है।

भाजपा के मददगारों से सतर्क रहने की है जरूरत : अखिलेश

संवाददाता, नहटौर (बिजनौर)

▸▸ जेवीएम इंटर कॉलेज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जनसभा को किया संबोधित

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडी गठबंधन का सहयोग करना आवश्यक है। कुछ लोग भाजपा की मदद करने के लिए आए हैं। उनसे चौकस रहने की जरूरत है। भाजपा उन्हें सिक्योरिटी उपलब्ध करा रही है। इस सिक्योरिटी के चक्कर को समझना होगा।

वह जेवीएम इंटर कॉलेज में सपा-कांग्रेस गठबंधन की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि गठबंधन की शुरुआत आपको करनी है। सपा ने समय-समय पर गठबंधन के लिए काम किया है। 2022 में हम हारे नहीं, हमें हराया गया। इस बार जनता का चुनाव है और उसके बीच बुनियादी सवालों का इस सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। सामाजिक न्याय की लड़ाई गठबंधन लड़ रहा है। संविधान के अधिकारों की लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी। आजादी के बाद हमें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह यह सरकार नहीं दिला पाई है। लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश हो रही है। इस देश की आजादी में हिंदुओं के साथ-साथ मुसलमानों ने भी कंधा मिलाकर साथ दिया था। उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी चरम पर है। सरकार विश्व में भारत को सबसे आगे बढ़ने का सपना दिखा रही है, जबकि युवा आत्महत्या कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। कोई भी ऐसी परीक्षा नहीं है, जिसका पेपर लीक नहीं हुआ। यदि पहली परीक्षा में कार्रवाई होती तो किसी की हिम्मत नहीं थी कि अगली परीक्षा का पेपर लीक होता। पेपर लीक नहीं हो रहे, कराए जा रहे हैं। भाजपा से होशियार पार्टी, कोई नहीं है। साजिश रचने में माहिर है। उनकी साजिश से बचाना है। दबाव बनाकर चंदा एकत्रित किया जा रहा है। इसमें ईडी व सीबीआई का इस्तेमाल भी खूब हो रहा है। महंगाई भाजपा की चंदा वसूली नीति है। जिन लोगों से चंदा लिया जा रहा है, उन्हें खुली छूट दे जा रही है।

यह वे लोग हैं जो कानून और संविधान की कोई चिंताएं नहीं रखते है। उनकी पार्टी के खिलाफ जो कोई आवाज उठाता है, उसे झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेज देते हैं। कई विधायकों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। लालच देकर इंडिया गठबंधन को तोड़ने का प्रयास भी किया गया है।

प्रधानाध्यापक का स्थानांतरण नहीं होने से नाराज शिक्षिकाओं ने शुरू किया अनिश्चितकालीन अवकाश

बिलासपुर, अमृत विचार : बिलासपुर स्थित एक गांव में प्राइमरी विद्यालय में शुक्रवार को करीब आधा दर्जन से अधिक शिक्षिकाओं ने अपने परिजनों के साथ हंगामा किया था। उनका आरोप था कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक उनके साथ छेड़खानी और अश्लील टिप्पणियां करते हुए लम्बे समय से मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। स्कूल की शिक्षिकाएं जब इसका वह विरोध करती हैं, तो उनसे अभद्रता, मारपीट व जान से मारने की धमकी देता है। शुक्रवार को कई घंटे तक विद्यालय में चले हंगामे के बीच पहुंची पुलिस ने आक्रोशित शिक्षिकाओं और उनके परिजनों को शांत कराया था। उप्र शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह के साथ सभी लोग कोतवाली पहुंचे थे। प्रधानाध्यापक के विरुद्ध तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की थी। वहीं देर–रात पुलिस ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। शनिवार को पीड़ित शिक्षिकाएं अनिश्चितकालीन अवकाश पर रहीं जबकि प्रकरण में वादी शिक्षिका का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया।

कार सवार युवकों ने ठेले वाले को बंधक बनाकर पीटा

अमरोहा, अमृत विचार : बंबूगढ चौराहे पर कार सवार युवकों ने मोमोज का ठेला लगाने वाले युवक को रुपये मांगने पर बंधक बनाकर पीटा। आरोपी उसे कार में डालकर ले गए और सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में बंबूगढ़ चौराहे के पास रहने वाला योगेश सैनी मोमोज का ठेला लगता है। आरोप है कि शुक्रवार देर रात उसके पास एक कार आकार रुकी। कार में से 5–6 युवक उतरकर उसके पास आए। युवकों ने 30 रुपये के मोमोज ले लिए और चल दिए। योगेश ने उनसे मोमोज के रुपये मांगे तो आरोपी भड़क गए और उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने उसे अपनी कार में डाल लिया और अपने साथ ले गए। कार सवार युवक ठेले वाले को दो किलोमीटर दूर कैलसा बाईपास रोड पर सड़क किनारे फेंक गए। मारपीट से ठेले वाला घायल हुआ है। उसकी आंख पर चोट लगी है। बाद में वह थाने पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने 5–6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

उत्तराखंड में चुनौती तो दूर प्रचार से ही बाहर नजर आ रही कांग्रेस

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। ऐसा पहली बार है कि मतदान में सिर्फ एक हफ्ता बचा है, लेकिनर विपक्षी दल कांग्रेस का प्रचार कहीं नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो जनसभाएं रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के दौरे भी हो गए हैं। 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी आ रहे हैं। इसी दिन कांग्रेस के पक्ष में स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा की रामनगर में जनसभा प्रस्तावित है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उभरती युवा सनातनी नेता की छवि ने मतदाताओं के बीच मोदी-धामी का 'मैजिक' प्रभावी बना दिया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार की लाभार्थी योजनाएं तो चल ही रही हैं साथ ही मोदी सरकार ने यहां एक लाख 25 हजार करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी हैं, जिनमें चार धाम की विकास, ऑल वेदर रोड, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल प्रोजेक्ट, मानसखंड प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को शंख भेंट करते मुख्यमंत्री धामी। फाइल फोटो

आचार संहिता से पहले हर सीट का दौरा कर चुके सीएम धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, लैंड जिहाद पर प्रभावी कारवाई करने, धर्मांतरण कानून लागू करने, दंगा विरोधी कानून लाने, गो हत्या, गो तस्करी के खिलाफ गैंगस्टर लगाने जैसे कार्यों उनकी छवि को सनातनी बनाने के साथ छवि जनता में सख्त हिंदू प्रशासक की भी बना दी है। भाजपा को इस छवि का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। युवाओं के लिए नकल विरोधी कानून लाकर नौकरियों में पारदर्शिता लाने से भी भाजपा को फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी हर रोज तीन जनसभाएं कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले वह सभी विधानसभाओं के दौरे कर चुके थे। वहीं कांग्रेस, वामपंथी दल और क्षेत्रीय नेता एकजुट होकर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर नहीं कर पाए हैं।

1.25

लाख करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी मोदी सरकार ने

- मोदी-धामी मैजिक से राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद
- प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी दो सभाएं
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हर रोज कर रहे हैं तीन जन सभाएं
- कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई रैली या सभा नहीं हुई

नैनीताल सीट

नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दूसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके प्रकाश जोशी से है। इस सीट से पूर्व में कृष्ण चंद्र पंत, नारायण दत्त तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे बड़े नेता सांसद बन चुके हैं। यहां कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को 3,39,096 वोटों से धूल चटाई थी। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर के बजाय ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। लेकिन कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने अख्तर अली को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां जनसभा हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा नेता अभी नहीं आया है।

अल्मोड़ा (सुरक्षित) सीट

इस आरक्षित सीट पर एक बार फिर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा के बीच मुकाबला है। 2019 चुनाव में भाजपा के अजय टम्टा को 4,44,651 और कांग्रेस को 2,11,665 वोट मिले थे। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत व बागेश्वर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली इस लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव घोषित होने से पहले ही चार बड़ी जनसभाएं करके भाजपा की राह आसान कर दी। कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिथौरागढ़ व्यास घाटी आदि कैलाश व जागेश्वर में शिव आराधना कर सभा कर गए हैं। कांग्रेस प्रचार से बाहर नजर आ रही है।

पौड़ी गढ़वाल सीट

भाजपा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर अपने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल से हो रहा है। अनिल बलूनी नया युवा चेहरा हैं।पिछली बार 2019 में यहां भाजपा को 5,06,980 और कांग्रेस के मनीष खंडूरी को 2,04,311 वोट मिले थे। मनीष खंडूरी अब भाजपा में हैं उनके अलावा बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी और तीन पूर्व विधायक भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां कुल 13 प्रत्याशी हैं। एक सीट है, जहां कांग्रेस चुनाव प्रचार में ताकत लगाए है।

टिहरी सीट

इस सीट पर टिहरी राज परिवार का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी महारानी माला राज लक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। टिहरी राज परिवार ने यहां से 12 बार लोकसभा चुनाव जीता है। 2019 में यहां महारानी को 5,65,333 कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 2,64,747 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने यहां जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। टिहरी राजघराने के प्रति जनता में आदर भाव रहता आया है। राजमहल से ही भगवान बद्री विशाल के द्वार खुलने और बंद होने की तिथि घोषित होने की परंपरा है। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है।

हरिद्वार सीट

यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। कांग्रेस में अंर्तकलह के चलते कई नेता व कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां से खानपुर के विधायक उमेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मौलाना जमील अहमद को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को 6,65,674 वोट मिले थे, कांग्रेस को 4,06,945 और बसपा को 1,73,528 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों की संख्या भाजपा के लिए थोड़ा चिंता का सबब है। हरिद्वार से कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

बारामती लोकसभा सीट

ननद सुप्रिया की जीत का चौका भाभी सुनेत्रा बनाने में लगीं कैच का मौका

मुंबई। महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट इस बार पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले 2009 से लगातार तीन चुनाव इस सीट से जीत चुकी हैं और वह इस बार चौका लगाने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन उनकी राह में उनके चचेरे भाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा ही दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। सुप्रिया जहां एनसीपी शरद पवार गुट से मैदान में हैं तो अजित पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार ननद सुप्रिया के सामने उनकी भाभी कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। सुप्रिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए शरद पवार जहां मतदाताओं से वर्षों पुराने रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं तो उनकी बहू सुनेत्रा पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रही हैं। भाजपा के साथ ही शिवसेना शिंदे गुट भी सुनेत्रा की जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। फिलहाल शरद पवार के लिए इस बार उनकी पारंपरिक सीट बारामती में सियासी राह कठिन नजर आ रही है। शरद पवार पार्टी और सिंबल पर अधिकार की लड़ाई में भतीजे अजित पवार के हाथ पहले ही शिकस्त खा चुके हैं, अब वह बारामती में बेटी की शकस्त झेलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके सामने बहू के खिलाफ चुनाव लड़ रही बेटी को जिताना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।

यूं ही नहीं कोई शहर बीजेपी के लिए बुलंद बन जाता है

भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए हाथी को जहां पहली जीत की तलाश, वहीं अर्से बाद हाथ बाजी पलटने को दिख रहा तैयार

मनोज त्रिपाठी

बुलंदशहर यानी भाजपा का मजबूत गढ़। 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे नरेंद्र मोदी ने यहीं से अपने चुनावी अभियान का शंखनाद किया था, तो 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुलंदशहर से ही 400 पार की हुंकार भरते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे प्रधानमंत्री ने इससे पहले जिले में 19,000 करोड़ से ज्यादा की तमाम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर एनसीआर और हरियाणा तक की दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर राम का नाम और मोदी के काम का चुनावी संदेश फैला दिया।

बुलंदशहर वह जगह है, जिसे भाजपा चुनावी बिगुल के लिए शुभ मानती है। 2014 में यहां से अभियान शुरू करने पर पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बाहुल्य समेत सभी 14 सीटों पर क्लीन स्वीप किया था, जबकि 2019 में सहारनपुर से प्रचार शुरू करने पर भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार यूपी में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा क्या इस बार भी 2014 की तरह बुलंदशहर के तीर से पश्चिम यूपी की सभी सीटों पर कमल खिला पाएगी।

भोला सिंह, भाजपा।

गिरीश चंद्र, बसपा।

शिवराम, कांग्रेस।

2009 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	वोट प्रतिशत
सपा	कमलेश कुमार	2,36,257	35.34
भाजपा	अशोक प्रधान	1,70,192	25.46
बसपा	राजकुमार गौतम	1,42,186	21.27

नगीना के सांसद यहां से मैदान में

बुलंदशहर लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और वह यहां इस बार चुनावी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। मुकाबले में छह प्रत्याशी हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी डा. भोला सिंह को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि, बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे सांसद गिरीश चंद्र के अलावा ऋषिवादी कर्मशील युवा परमार्थी पार्टी के राजेश तुरैहा समेत निर्दलीय सोनम भारती व प्रदीप कुमार चुनौती दे रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम, दलित, जाट, ब्राह्म बहुल गिनी जाती है। हालांकि वैश्य, त्यागी, गुर्जर, राजपूत के अलावा अन्य ओबीसी मतदाता अच्छी संख्या में हैं। सीट आरक्षित होने के बाद जहां पिछले तीन चुनावों में सपा एक बार यहां से जीत चुकी है, वहीं बसपा का खाता नहीं खुला है। जीत की तलाश में ही बसपा ने इस बार यहां नगीना सुरक्षित सीट के सांसद गिरीश चंद्र जाटव को मैदान में उतारा है।

2014

में नरेंद्र मोदी ने यहीं से किया था चुनावी अभियान का शंखनाद तो 2024 में बुलंदशहर से ही भरी 400 पार की हुंकार

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था

भाजपा का कमल

- बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें अनूपशहर, बुलंदशहर, डिबाई, शिकारपुर और स्याना शामिल हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। किसान आंदोलन के बावजूद भी सपा-रालोद का गठबंधन यहां फेल साबित हुआ था।

भाजपा के बाद बसपा लगातार बढ़ा रही अपना प्रभाव

- बुलंदशहर में सपा ने 2009 में जीत भले दर्ज की हो, लेकिन जिले की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी का वर्चस्व बढ़ता हुआ नजर आता है। दरअसल, मुस्लिम और दलित मतदाताओं का गठजोड़ जहां बसपा के पक्ष में खड़ा दिखता रहा है, वहीं ठाकुर, लोध, ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के साथ लामबंद है। कांग्रेस अब यहां चौथे नंबर की पार्टी बन चुकी है। कल्याण सिंह के बाद यहां किसी नेता का ऐसा कोई आधार नहीं रही कि वह वोट किसी के पक्ष में ट्रांसफर करा सके। जातीय आधार पर जरूर वोट इधर से उधर होते रहे हैं। दो-तीन विधानसभा क्षेत्रों में रालोद का अच्छा असर है। वह इस बार भाजपा को समर्थन देकर उसकी जीत की राह आसान कर रहा है।

2019 लोकसभा जनादेश

भाजपा	बसपा	कांग्रेस
60.64 %	34.82 %	02.63 %
6,81,321 मत	3,91,264 मत	29,465 मत
डॉ. भोला सिंह	योगेश वर्मा	बंशी सिंह

2014 का जनादेश



दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	डॉ. भोला सिंह	6,04,449
बसपा	प्रदीप कुमार जाटव	1,82,476
सपा	कमलेश	1,28,737

चार लाख से ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय पर ओबीसी-दलित लिखते हार-जीत की पटकथा

- बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या 18 लाख के करीब है। इनमें पुरुष मतदाता 9 लाख 50 हजार और महिला मतदाता साढ़े आठ लाख हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 127 हैं। इस लोकसभा सीट पर ओबीसी और अनुसूचित जाति के मतदाता जीत-हार का फैसला करने में आगे रहते हैं। जातीय आधार पर आकलन के मुताबिक इस लोकसभा क्षेत्र में 3.10 लाख मुस्लिम मतदाताओं के बाद 2.20 लाख ब्राह्मण, 2 लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। जाटव बिरादरी के 2.25 लाख और लोध बिरादरी के दो लाख मतदाता हैं। जाट मतदाताओं की संख्या करीब 1.65 लाख है। इनके अलावा खटिक, वाल्मीकि, गुर्जर, त्यागी, कश्यप, प्रजापति, पाल जाति के मतदाताओं की संख्या चार लाख के आसपास है।

भाजपा के छत्रपाल लगातार चार बार जीते

वर्ष 1952 से 1971 तक यहां हुए पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का कब्जा रहा। लेकिन साल 1971 के बाद मतदाताओं ने अलग-अलग पार्टियों को चुना। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 के चुनाव में जनता दल के जीत दर्ज करने के बाद 90 के दशक में राम लहर के दौरान राजनीति बदल गई और वर्ष 1991 से लेकर 2004 तक हुए पांच चुनावों में बुलंदशहर सीट पर लगातार भारतीय जनता पार्टी ही जीत दर्ज करती रही। भाजपा के छत्रपाल सिंह लोधा ने 1991 के बाद 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत का चौका लगाया। वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को यहां से चुनावी मैदान में उतारा। कल्याण सिंह अलीगढ़ को अपनी जन्म भूमि तो बुलंदशहर को कर्म भूमि मानते थे। उन्होंने बुलंदशहर में भाजपा की लगातार पांचवीं जीत सुनिश्चित कर दी। 2009 लोकसभा चुनाव से पहले इस सीट का परिसीमन बदल गया और यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गया। परिसीमन के बाद हुए 2009 के पहले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कमलेश वाल्मीकि ने जीत हासिल करके भाजपा को जीत का छक्का लगाने से रोक दिया। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के डा. भोला सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की और 2019 में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं।

मंडी का रणक्षेत्र | कांग्रेस ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारा

कांग्रेस के विक्रमादित्य रोकेंगे कंगना की जीत का 'बेताल'

महेश शर्मा, नई दिल्ली

अमृत विचार: हिमाचल प्रदेश का मंडी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के टिकट पर कंगना रनौत के मैदान में आने के बाद चर्चा में आ गया है। कांग्रेस ने यहां से हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह किसी भी सूरत में तीन सौ से ज्यादा मंदिरों वाले मंडी लोकसभा क्षेत्र को कंगना का अंगना न बनने दे। अब पार्टी ने विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

कांग्रेस के दबदबे वाली मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास में 13 बार कांग्रेस जीत दर्ज करा चुकी है। ब्राह्मण और राजपूत बहुल इस सीट से ब्राह्मण और राजपूत प्रत्याशी ही जीतकर संसद पहुंचता रहा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.वीरभद्र सिंह के परिवार लोग यहां से छह बार जीते हैं। कांग्रेस के सुखराम भी तीन बार जीत चुके हैं। 2019 में रिकार्ड वोटों से जीते भाजपा के रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु होने से यहां पर 2021 में उपचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब कंगना के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह का नाम तय कर दिया है। तीन उपचुनाव मिलाकर मंडी लोकसभा सीट पर 19 चुनाव हुए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा ने 68.75 फीसद रिकार्ड वोट पाए थे। कांग्रेस को 25.68 फीसद पर ही संतोष करना पड़ा था। 2021 में भाजपा सांसद शर्मा का निधन के बाद उपचुनाव में प्रतिभा सिंह आठ हजार वोटों से जीती थी। यहां पर 2004 में हुए चुनाव से देखें तो प्रतिभा सिंह कांग्रेस से जीती थी पर 2009 में खुद वीरभद्र सिंह मैदान में आए और जीत गए। 2013 में उपचुनाव में फिर प्रतिभा सिंह जीतीं। 2014 और 2019 में भाजपा जीती पर 2021 में उप चुनाव हारी।



33 फीसदी राजपूत, 28 फीसदी दलित और 21 फीसदी ब्राह्मण मतदाता

- जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 33.6 फीसद राजपूत आबादी है। 21.4 फीसद ब्राह्मण मतदाता हैं। मंडी में दलित 29.85 फीसद हैं। फिर भी सिर्फ एक बार ही दलित सांसद गोपीराम 1052 में लोकसभा पहुंचे थे। मंडी लोकसभा क्षेत्र में 17 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें 12 पर भाजपा काबिज है।

भाजपा अलर्ट, कंगना की जुबान न फिसल जाए

- विवादित बयानों से चर्चा में आयीं कंगना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधान मंत्री बनाया तो ट्रोल हुईं। असम के सीएम हेमंता विस्व सरमा को उनके बचाव के लिए एक्स पर आना पड़ा। कंगना पीएम नरेंद्र मोदी को राम का अंश बता चुकी हैं। कांग्रेस का आईटी सेल कंगना की जुबान फिसलने का इंतजार कर रहा, जुबान फिसली नहीं कि उसने मुद्दा बनाया।

जीतेंगे बाजी मुजफ्फरनगर में समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की रैली में समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,244.90	22,519.40
गिरावट	793.25	234.40
प्रतिशत में	1.06	1.03

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, रविवार, 14 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	84900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74250
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55300-55500

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	74,250
सोना रवा	74,100
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	82,100
चांदी (999)	82,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73500
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72500
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,600
चांदी आभूषण	82,300

बिजली की बढ़ी मांग गैस संयंत्रों को दो माह चालू रखने के निर्देश

नई दिल्ली। सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है।

गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी में 260 गीगावाट अधिकतम मांग का अनुमान लगाया है। यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं।

दालों की जमाखोरी पर सख्त हुई सरकार

खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भंडारन में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गई।

उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी। यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की श्रृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों जैसे कि संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों द्वारा रखे गए स्टॉक के मद्देनजर आयात की कीमतें पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी 2024 से रुपया क्यात निपटान तंत्र चालू किया गया है। मंत्रालय के अनुसार सेंट्र बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी 2024 को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।



म्यांमा से दालों का आयात भुगतान को सरकार ने बनाया सरल

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

एशिया में सबसे अधिक जीवन यापन की लागत पाकिस्तान में : एडीबी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिक है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की मनीला में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था 1.9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास परिदृश्य ने अगले वित्त वर्ष के लिए एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, और इस दौरान 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर और 2.8 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है।

एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। इस तरह एशिया में सबसे अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। पाकिस्तान लंबे समय से मुद्रास्फीतिजनित मंदी के दौर में है और विश्व बैंक ने भी पिछले सप्ताह कहा था कि महंगाई के कारण यहां एक करोड़ लोग गरीबी के जाल में फंस सकते हैं।

आशियाना हाउसिंग गुरुग्राम के 15 मिनट में बिके 224 फ्लैट

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग ने गुरुग्राम में परियोजना शुरू करने के 15 मिनट के भीतर 224 लग्जरी फ्लैट 440 करोड़ रुपये में बेच दिए। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 93 में स्थित है।

कंपनी ने शनिवार को कहा कि उसने अपनी प्रतिष्ठित परियोजना 'आशियाना अमराह' के चरण-3 के सभी फ्लैट को 15 मिनट के भीतर बेच दिया। आशियाना हाउसिंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक अंकुर गुप्ता ने कहा कि हम आशियाना अमराह चरण-3 को मिली अविश्वसनीय प्रतिक्रिया से बहुत खुश हैं। हमने सुबह 11 बजे पंजीकरण शुरू किया और हमें 11.15 बजे तक 224 इकाइयों के लिए 800 चेक मिल गए थे। शुरुआती 15 मिनट में ही यह चार गुना राशि मिल गई। उन्होंने इसके लिए कंपनी की प्रतिष्ठा और पिछले रिकॉर्ड को श्रेय दिया। आशियाना हाउसिंग भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में एक है।

रियल एस्टेट में विदेशी निवेश की भारी गिरावट जनवरी-मार्च में आए सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया।

रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

पुणे में जीसीसी का ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

नई दिल्ली। स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीजोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीजोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिजोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स में काम करने वाले 200 से अधिक कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है।

पेट्रेगैज इंडिया ने एलपीजी आयात भंडारण टर्मिनल किया चालू

चेन्नई, एजेंसी

पेट्रेडेक समूह की अनुषंगी कंपनी पेट्रेगैज इंडिया ने अपना नया अत्याधुनिक एलपीजी आयात और भंडारण टर्मिनल चालू किया है। कंपनी ने शनिवार को कहा कि इसे 600 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है।

आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम में अडाणी कृष्णापट्टनम निजी बंदरगाह के भीतर स्थित नई इकाई से निजी विपणनकर्ताओं के साथ-साथ आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और वाहन क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लाभ होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि यह इकाई पेट्रेगैज को एलपीजी विपणन के लिए लागत प्रभावी और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इस इकाई की वार्षिक क्षमता 15 लाख टन से अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

हिमाचल प्रदेश: चार माह बाद खुले चूड़धार मंदिर के कपाट, यात्रा प्रारंभ

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में 11 हजार 965 फीट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार मंदिर के कपाट शनिवार से भक्तों के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही सर्दियों में करीब चार महीने बंद रहने के बाद चूड़धार की यात्रा आज से प्रसाशनिक तौर एक बार फिर शुरू हो चुकी है। आज वैशाखी की संक्रांति होने के चलते बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचे है। बता दें कि हर साल देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली कही जाने वाली चूड़धार चोटी की यात्रा पर दिसंबर माह में आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फबारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है, वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। जिसके बाद अप्रैल माह में वैशाखी की संक्रांति पर मंदिर के कपाट विधिपूर्वक पूजा-पाठ के साथ खुल जाते हैं।

गर्मी के मौसम में रेलवे देगी स्टेशनों पर पेयजल उपलब्धता की गारंटी

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने देश के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने की गारंटी के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने गर्मी के मौसम और संभावित लू की आशंका को लेकर स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा की है और सभी रेलवे जोन को स्थापित मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यात्मक रहें और यात्रियों की मांग को पूरा करें, मौजूदा आपूर्ति की पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर तैनात करें और सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए स्टेशनों पर नियमित जांच करें।

डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, पिता पर मुकदमा दर्ज

सोनीपत। सोनीपत के लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में बच्चे के पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां एवं दादा ने पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गोहाना सदर थाना पुलिस ने जांच अधिकारी के बयान के आधार पर बच्चे के पिता के खिलाफ हत्या की कोशिश व शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गोहाना सदर थाना में तैनात एएसआई नीरज ने पुलिस को बताया कि 12 की रात को जानकारी मिली थी कि लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे अयांश पुत्र अजय को गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वह पुलिस दल के साथ अस्पताल पहुंचे और बच्चे की मां हिमांशी और दादा जोरा सिंह से पूछताछ की लेकिन उन्होंने कोई बयान देने से इनकार कर दिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बच्चे को घर में ही गोली लगी और पिता अजय ने ही गोली चलाई थी।

सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की खोल दी है पोल : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सी.एस.डी.एस. के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार का पोल खोलकर रख दी है। प्रदेश संगठन महासचिव ने कहा कि लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गोन रहे। खलखो ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं।

भारत-सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन

नवोन्मेष की अगली सीमा है एआई : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि आधुनिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से ऐसे जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनकी व्यापक समीक्षा की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृत्रिम मेधा 'नवोन्मेष की अगली सीमा' तक ले जाती है तथा अदालती निर्णय प्रक्रिया में उसका इस्तेमाल अवसर और चुनौतियों दोनों ही पेश करता है जिनपर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कृत्रिम मेधा अप्रत्याशित मौके प्रस्तुत करती है लेकिन साथ ही, वह खासकर नैतिकता, जवाबदेही और पक्षपात से संबंधित कई चुनौतियां भी खड़ी करती है तथा इन चुनौतियों के समाधान के लिए भौगोलिक और संस्थानों की सीमाओं से परे वैश्विक पक्षों द्वारा ठोस प्रयास की जरूरत है। वह भारत एवं सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद विषयक दो दिवसीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरीष मेनन तथा कई अन्य न्यायाधीश एवं विशेषज्ञ इस सम्मेलन में मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भी, कानूनी शोध से लेकर मामला विश्लेषण तक और अदालती कार्यवाही की कार्यकुशलता तक, जिस तरह कानूनी पेशेवर काम करते हैं, उनमें बदलाव लाने में कृत्रिम मेधा में विपुल संभावना है।

उन्होंने कहा कि कानूनी शोध के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा पासा पलटने वाले के रूप में उभरी है तथा उसने कानूनी पेशेवरों को असाधारण कार्यकुशलता एवं सटीकता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि चैटजीपैट के आने से यह चर्चा होने लगी है कि किसी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने में कृत्रिम मेधा पर भरोसा किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं दर्शाती हैं कि हम अदालती निर्णय प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के प्रश्न को टाल नहीं सकते। अदालती कार्यवाही समेत आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई के इस्तेमाल से ऐसे नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनपर व्यापक परीक्षण की जरूरत है।



नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रौद्योगिकी और न्यायिक संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ (बाएं) कार्यक्रम में मौजूद भारत के सर्वोच्च न्यायालय और अन्य अदालतों के न्यायाधीश।

कोलकाता में भीषण आग, 50 झुग्गियां राख

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दमदम रोड पर छाता कोल के पास मेला ग्राउंड में स्थित झुग्गी बस्ती में शनिवार को आग लगने से लगभग 50 झुग्गियां जल कर खाक हो गयीं।

दमदम निर्वाचन क्षेत्र के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पास के पशुशाला में कई मवेशियों की जलकर मौत हो गई।पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि आग की बढ़ती लपटों पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि संकीर्ण गाली और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण अग्निशमन वाहनों को आग के स्रोत का पता लगाने में कठिनाई हुई। बोस ने कहा कि उनका पहला काम आग की लपटों पर काबू पाना और फिर संपत्ति के नुकसान का आकलन करना था। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को देखेगी। माकपा नेता एवं दमदम उम्मीदवार सुजन चक्रवर्ती ने भी इलाके का दौरा किया और लोगों से बात की।

राजद का वादा, एक करोड़ युवाओं को नौकरी

पटना, एजेंसी

- राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र का दिया है नाम, जनता से किए 24 वादे

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा किया है। राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद ने जनता से 24 वादे किए हैं।

यादव ने कहा कि हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी । रक्षाबंधन के मौके पर गरीब परिवारों की बहनों को सालाना एक लाख रुपये देना शुरू करेंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा किया। 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, पांच वर्षों में बिहार में चौमुखी विकास के लिए एक लाख 60 हजार करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता दिए जाने, देश भर में जातिगत गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढाकर 75 प्रतिशत करने की बात कही गई है।

शिअद ने जारी की 7 नामों की सूची

चंडीगढ़, एजेंसी

- शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के चुनावी मैदान में उतारे उम्मीदवार

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के लिए शनिवार को सात उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। शिअद ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा को आनंदपुर साहिब से और दलजीत सिंह चीमा को गुरदासपुर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा शिअद ने पूर्व विधायक एन के शर्मा को पटियाला, पूर्व मंत्री अनिल जोशी को अमृतसर, बिक्रमजीत सिंह खालसा को फतेहगढ़ साहिब, राजविंदर सिंह को फरीदकोट और इकबाल सिंह झूंदा को संगरूर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

शिअद के नेता दलजीत सिंह चीमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने संसदीय चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों के रूप में पार्टी के सात वरिष्ठ नेताओं की सूची की घोषणा की है। 'खालसा सृजन दिवस' के ऐतिहासिक एवं पवित्र अवसर को प्रत्याशियों की घोषणा के लिए सबसे उपयुक्त दिन के रूप में चुनते हुए, उन्होंने पहली सूची जारी की है। शिरोमणि अकाली दल 1996 के बाद पहली बार अपने दम पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगा। शिअद ने 1996 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों को लेकर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ दिया था।

दिल्ली में बिजली, पानी और बस यात्रा सब्सिडी रहेगी जारी : सक्सेना

- दिल्ली के उपराज्यपाल बोले- झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से न लें

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त किया है कि गरीबों को मिलने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से निहित राजनीतिक स्वार्थ के चलते दिए जा रहे बयानों और अफवाहों पर ध्यान न देने के अपील की है।

राज निवास की ओर से जारी एक बयान में शनिवार को कहा गया है कि सक्सेना ने एक विशेष पार्टी के सदस्यों और सरकार के मंत्रियों द्वारा जानबूझकर दिए जा रहे झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरी तरह से खारिज किया है। इन बयानों में प्रचार किया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार की फ्री बिजली, पानी और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार और उपराज्यपाल इन योजनाओं को रोक देंगे। सक्सेना ने आश्वस्त किया है कि गरीबों को लाभ मिलने वाली सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

भारत माता की जय बोलने की झिझक पर भाजपा ने उठाए सवाल

कलबुर्गी, एजेंसी

- कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी के खड़गे की अनुमति के बिना भारत माता की जय न बोलने से गहराया राजनीतिक विवाद

कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी द्वारा पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति के बिना 'भारत माता की जय' बोलने में झिझकने की घटना लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु बन गई है। कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा ने इस घटना का फायदा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की और खुद को देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के सच्चे चैंपियन के रूप में स्थापित करने की कोशिश की।

विजयेंद्र की टिप्पणियों ने भाजपा की इस कहानी पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस में देशभक्ति के उत्साह की कमी है और वह राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित है। घटना को इस तरह से प्रस्तुत करके भाजपा ने राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को कांग्रेस की दुविधा या झिझक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की। इस घटना पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया विशेषकर सोशल मीडिया पर जहां वीडियो वायरल हुआ, ने भी कई लोगों को प्रभावित किया, जिससे घटना का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया। घटना के इर्द-गिर्द गहन जांच और बहस ने कर्नाटक में चुनावी चर्चा को आकार देने में देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के मुद्दों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा की तुलना में कांग्रेस में देशभक्ति और राष्ट्रवादी उत्साह की कमी है। उन्होंने निराशा व्यक्त की और भारत माता की जय बोलने में सावदी की झिझक को चित्रित किया। उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी के रूप में चित्रित किया जो देशभक्ति की भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित या यहां तक कि झिझकती है। उन्होंने कहा कि यह जानना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है कि लक्ष्मण सावदी जैसे वरिष्ठ नेता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने कांग्रेस के मंच पर खुलेआम 'भारत माता की जय' का नारा लगाने से हिचकिचाते हैं।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	266
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है।

मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये। वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले। दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

टी20 विश्वकप के आधिकारिक गान के लिए तैयार पॉल व केस

दुबई। ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है।

खेल डायरी

कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय दौड़ में बरकरार

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाशिच को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाशिच 4 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं।

भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वहीं टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वीं बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

राधिका को रजत, शिवानी को कांस्य पदक मिला

बिश्केक (किर्गिस्तान)। एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

बिली जीन किंग कप: भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हारा

चांगशा (चीन)। अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं। जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से 1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरुआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गयी।

मुक्केबाजी में अमित पंघाल भारतीय टीम में

नयी दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप विजेता शिवा थापा (63 .5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को जगह नहीं मिली है।

गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

नयी दिल्ली। भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैंड में ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैंड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका में शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैंपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की 'हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन' चला रहे थे। रैली के 16 चरण में से पहले दिन ड्राइवरों ने आठ विशेष चरणों से होकर गुजरना था। गिल पांचवें चरण में एक गलती कर बैठे जिससे उन्होंने 15 सेकंड गंवा दिया। एपीआरसी के तीन बार के चैंपियन गिल चौथे, सातवें और आठवें चरण को जीतकर खिताब की दौड़ में बने हुए है।

राजस्थान के हेटमायर ने पंजाब से छीनी जीत

पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराया, राजस्थान रॉयल्स के आवेश और महाराज ने दो-दो विकेट झटके

शिमरोन हेटमायर

मुल्लापुंर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। पंजाब की पारी को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 39 रन का योगदान दिया। शिमरोन हेटमायर ने आखिरी ओवरों में 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा और सैम करेन ने दो-दो विकेट लिये।

केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया था। महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्हें आवेश खान (दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट), युजवेंद्र चहल (एक विकेट) और कुलदीप सेन (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला था। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (31 रन), जितेश शर्मा (29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आये अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम करेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। शशांका हालांकि नौ रन बनाकर सेन की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच देकर पवेलियन लौट गये। जितेश ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ छक्का जड़ा जबकि अगले ओवर में उन्होंने सेन के खिलाफ गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। इसी ओवर का अंत लिविंगस्टोन ने चौका और छक्का से किया। आवेश के खिलाफ 17वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जितेश रियान पराग को कैच थमा बैठे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर क्रीज पर आये आशुतोष ने चहल के खिलाफ शानदार छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर संजू सैमसन के शानदार प्रयास से लिविंगस्टोन रन आउट हो गये। आशुतोष को आवेश की गेंद पर 19वें ओवर में जीवनदान मिला।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
लखनऊ	5	3	2	6	+0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

पंजाब 147/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अथर्व तायडे का सेन बो आवेश	15	12	2/0
जॉनी बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज	15	19	1/0
प्रभसिमरन सिंह का जुरेल बो चहल	10	14	1/0
सैम करेन का जुरेल बो महाराज	06	10	0/0
जितेश शर्मा का पराग बो आवेश	29	24	1/2
शशांक सिंह का जुरेल बो सेन	09	09	1/0
लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान/सैमसन)	21	14	2/1
आशुतोष शर्मा का महाराज बो बोल्ट	31	16	1/3
हरप्रीत बराड़ नाबाद	03	03	0/0

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-22-1, कुलदीप सेन 4-0-35-1, आवेश खान 4-0-34-2, युजवेंद्र चहल 4-0-31-1, केशव महाराज 4-0-23-2

राजस्थान 152/7

19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 3

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का हर्षल बो रबाडा	39	28	4/0
तनुष कोटियान बो लिविंगस्टोन	24	31	3/0
संजू सैमसन पगबाधा रबाडा	18	14	1/1
रियान पराग का रबाडा बो अर्शदीप	23	18	1/1
ध्रुव जुरेल का शशांक बो हर्षल	06	11	0/0
शिमरोन हेटमायर नाबाद	27	10	1/3
रोवमैन पोवेल का जितेश बो करेन	11	05	2/0
केशव महाराज का लिविंगस्टोन बो करेन	01	02	0/0
ट्रेंट बोल्ट नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : अर्शदीप 3 .5-0-45-1, रबाडा 4-0-18-2, करेन 4-0-25-2, लिविंगस्टोन 3-0-21-1, हर्षल 2-0-21-1, बराड 3-0-22-0

चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

मुंबई, एजेंसी

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी।

नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं ।मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। **चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, सूपड़ा साफ

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4, 1-2, 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया।

बॉलीवुड हलचल

परिणीति ने अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ' ' अमर सिंह चमकीला' ' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ' ' अमर सिंह चमकीला' ' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया,किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया ।इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। ये बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।

एकता कपूर की फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ' 'एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी ।राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं। एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत "मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है।" डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा ।बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

आतंक के खात्मे को कोई नियम-कानून नहीं

पुणे, एजेंसी

- जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को घेरा, कहा- जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता।

जयशंकर ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर बोलते हुए कांग्रेस की तत्कालीन यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बहुत विचार-विमर्श के बाद भी उस समय कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' नामक एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि अगर अब इसी तरह का हमला होता है और कोई उस पर प्रतिक्रिया नहीं करता है, तो आगे ऐसे हमलों को कैसे रोका जा सकता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से देश की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन देशों के बारे में पूछे जाने पर जिनके साथ भारत को संबंध बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लगता है, जयशंकर ने कहा कि भारत को सवाल करना चाहिए कि क्या उसे कुछ देशों के साथ संबंध बनाए रखना चाहिए।

जयशंकर ने उत्तर देते हुए कहा कि एक देश तो हमारे बगल में ही है और ईमानदारी से कहूं तो पाकिस्तान के साथ रिश्ता रखने के लिए हमें केवल आत्मनिरीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरू से ही स्पष्ट होता कि पाकिस्तान आतंकवाद में लिप्त है, जिसे भारत को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करना चाहिए, तो देश की नीति बहुत अलग होती।

वैसाखी उत्सव को सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाक रवाना

अमृतसर। भारत के करीब 2400 सिख तीर्थ यात्री वैशाखी के अवसर पर शनिवार को पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तानी पंजाब के पहले सिख मंत्री सरदार रामश सिंह अरोरा, इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वाघा बॉर्डर पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। ईटीपीबी प्रवक्ता अमीर हाशमी ने बताया कि गुरुद्वारा पुंजा साहिब में आयोजित वैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारतीय यहां आए हैं। उन्हें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने तीर्थयात्रियों को 2,975 वीजा जारी किए थे लेकिन यहां सिर्फ 2400 यात्री ही आए हैं।

एनपीएस में मिलेगा पीपीएफ के मुकाबले ज्यादा टैक्स फायदा

जो लोग सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में नहीं आते, उनके लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) खुशहाल रिटायरमेंट के अच्छे विकल्प हैं। लेकिन, टैक्स बेनिफिट के मामले में एनपीएस बेहतर है। नेशनल पेंशन सिस्टम में सरकारी कर्मचारी और सामान्य नागरिक दोनों निवेश कर सकते हैं। यहां 18 से 60 साल तक की उम्र के लोग निवेश कर सकते हैं। देश के करीब सभी सरकारी और निजी बैंकों में जाकर इस योजना के तहत खाता खुलवाया जा सकता है। जानते हैं कैसे...

- एनपीएस बनाम पीपीएफ पीपीएफ सरकार समर्थित इन्वेस्टमेंट स्कीम है। ये गारंटीड रिटर्न देती है। एनपीएस पीएफआरडीए द्वारा रेगुलेटेड मार्केट लिंक्ड इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसमें बाजार से जुड़ी एसेट्स के डाइवर्सिफाई पोर्टफोलियो से ऊंचा रिटर्न देने की क्षमता होती है।

पीपीएफ की 7.1 फीसदी है ब्याज दर

- पीपीएफ के बेनिफिट्स 15 साल के लॉक-इन पीरियड और गारंटीड ब्याज दरों के साथ, पीपीएफ एक विश्वसनीय सेविंग स्कीम है। जोखिम से बचने वाले लोग अक्सर पीपीएफ में निवेश करते हैं। अभी इसकी ब्याज दर 7.1 फीसदी है।
- एनपीएस के बेनिफिट्स इस मार्केट लिंक्ड रिटायमेंट स्कीम में इक्विटी और डेट, दोनों के लाभ मिलते हैं। एनपीएस के लिए न्यूनतम योगदान टियर-1 में 500 रुपए और टियर-2 खातों में 1,000 रुपए तय है। निवेश की अधिकतम निवेश सीमा तय नहीं है। 18 से 60 वर्ष की उम्र तक इसमें खाता खोला जा सकता है।

दोनों में क्या हैं टैक्स लाभ

दोनों निवेश योजनाएं आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कटौती लाभ के लिए योग्य हैं। हालांकि, टैक्स बचत के मामले में एनपीएस, पीपीएफ से ज्यादा फायदेमंद है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि इसमें धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपए से अधिक की कटौती के अलावा धारा 80 सीसीडी (1बी) के तहत भी 50 हजार रुपए तक अतिरिक्त छूट मिल सकती है।

- रिटायरमेंट के बाद भी आपको नियमित आमदनी होती रहे, इसके लिए रिटायरमेंट प्लानिंग बहुत जरूरी है। अलग-अलग जगह निवेश कर आप अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिहाज से निवेश का एक अच्छा ऑप्शन नेशनल पेंशन स्कीम भी है।
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ के शानदार रिटर्न और टैक्स छूट के चलते यह हर किसी का फेवरेट बनता जा रहा है। इसके तहत जो प्रिंसिपल अमाउंट निवेश किया जाता है, उस पर 80सी के तहत टैक्स नहीं लगता है। वहीं इस पर जो ब्याज मिलता है वह भी सेक्शन 10 के तहत टैक्स के दायरे से बाहर रहता है।

एक नजर

आज नौसेना के जवान होंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नौसेना प्रमुख रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कारों में नव सेना पदक (वीरता), नव सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। सीएनएस उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल और हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा।

पाकिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका, तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ है। इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में एक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना आदिवासी दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना शहर में उस समय हुई, जब बच्चे मंडोकाई इलाके में वॉलीबॉल मैच देखने जा रहे थे। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे मंडोकाई इलाके में दो स्थानीय टीमों के बीच वॉलीबॉल मैच देखने जा रहे थे। इस दौरान उनमें से एक बच्चे का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिसके कारण यह धमाका हुआ। उन्होंने बताया कि इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

भूकंप से दहली चीन की धरती, 5.7 की तीव्रता से लगे झटके

बीजिंग। चीन में भूकंप के तेज झटके लगे है। पड़ोसी मुल्क के जिजांग प्रांत में ये झटके महसूस किए गए हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया है कि, चीन में आए भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 5.7 आंकी गई है। एजेंसी ने कहा कि भूकंप 10 किमी (6.2 मील) की गहराई पर था। भूकंप से फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

नेपाल ने धूमधाम से मनाया नववर्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए पर्यटक

काठमांडू। नेपाल ने परंपरागत विक्रम संवत के कैलेंडर के अनुसार शनिवार को नववर्ष का जश्न खूब धूमधाम से मनाया और इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक एवं तीर्थयात्री हिमालयी राष्ट्र के दर्शनीय स्थलों एवं मंदिरों में पहुंचे। विक्रम संवत का नाम भारतीय राजा विक्रमादित्य के नाम पर रखा गया है और यह नेपाल में आधिकारिक कैलेंडर है। देशभर के लोगों ने नेपाली कैलेंडर के अनुसार वैशाख के पहले दिन शनिवार को नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया।

इजराइल पर हमले की ताक में ईरान अमेरिका ने तीन देशों से मांगी मदद

ईरान से टकराव टालने में जुटा अमेरिका, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से दो हजार किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं।

नेतन्याहू ने ईरान के हमले की आशंका के बाद शुक्रवार देर रात सुरक्षा की समीक्षा के लिए वॉर कैबिनेट और रक्षा प्रमुखों साथ बैठक की। उधर, ईरान समर्थित हिजबुल्ला गुट ने लेबनान से देर रात इजराइल में रॉकेट 2 और ड्रोन से विस्फोटक दागे। इजराइली सेना का दावा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने न 40 से रॉकेट और दो ड्रोन को मार गिराया। बता दें, इजराइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है।

एक यूएसएस कार्ने भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इजराइल भेजा है।

अमेरिका के शीर्ष कमांडर एरिक इजराइल पहुंचे



इससे पहले, अमेरिका ने हाई अलर्ट जारी किया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी न ब्लिंकन ने सऊदी अरब, तुर्की, चीन और न यूरोपीय देशों के अपने समकक्षों से ईरान को ई इजराइल पर हमला रोकने में मदद मांगी है। ने अमेरिका, रूस समेत 5 देशों ने अपने न नागरिकों को सलाह दी है कि वे इजराइल और मिडिल ईस्ट न जाएं। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों से कहा है कि वे तेल अवीव, - यरूशलम और बेर्शेबा से बाहर यात्रा न करें। मिडिल ईस्ट में एक और जंग छिड़ने के आभास के बीच अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला गुरुवार को इजराइल पहुंच गए है। रिपोर्ट के मुताबिक वो ईरानी हमले की स्थिति में इजराइल को गाइड करेंगे। उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिका ने कहा है कि वह इजराइल का साथ जरूर देगा।

इजराइल-ईरान विवाद से विश्व युद्ध छिड़ने का खतरा: डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, इजराइल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि के लिए वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से अक्षम अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ट्रंप ने कहा- इस पर वैश्विक नेताओं से बातचीत की है लेकिन उन्होंने कोई विवरण देने से इनकार कर दिया।

देश में कानून का राज बहाल करना उद्देश्य: पीटीआई

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की छह विपक्षी पार्टियों ने शहबाज शरीफ सरकार के विरुद्ध शनिवार से अपना आंदोलन शुरू कर दिया। बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल की अध्यक्षता में शुक्रवार देर रात शुरू बैठक शनिवार सवेरे समाप्त हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के महासचिव उमर अयूब खान ने घोषणा की कि छह पार्टियों ने तहरीक तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) के नाम से गठबंधन बनाकर संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी के चेयरमैन महमूद खान अचकजाई को गठबंधन का अध्यक्ष चुना गया है। उमर अयूब ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य देश में कानून का राज बहाल करना है और बलूचिस्तान के पिशिन क्षेत्र में शनिवार को आम सभा से आंदोलन शुरू हो जाएगा। पीटीआई प्रवक्ता ने कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में व्यापक गड़बड़ी कर बनी सरकार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ा जा रहा है। महमूद अचकजाई ने कहा कि गठबंधन सेना के विरुद्ध नहीं है, लेकिन वे लोग सेना की राजनीतिक भूमिका का विरोध करते हैं। संविधान एक सामाजिक करार है जिसे बचाने के लिए हम शनिवार से आम सभा शुरू करने जा रहे हैं। गठबंधन के अध्यक्ष ने नौकरशाह एवं सेना के अधिकारियों के सेवा विस्तार का भी विरोध किया।

अनुकूल माहौल में वार्ता करें भारत-पाकिस्तान

श्रीनगर, एजेंसी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों को वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने उन लोगों की आलोचना की, जो कहते हैं कि भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए बल प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इसे इस तरह से कह सकता हूं कि केवल बल प्रयोग से आपको किसी भी समस्या का समाधान नहीं मिलेगा। अंततः जब समाधान निकालने की बात आती है तो अंतिम लक्ष्य पर बातचीत के माध्यम से ही पहुंचा जाता है। अब्दुल्ला ने कहा, बातचीत के लिए स्थितियां बनाना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है, अकेले भारत की नहीं। दोनों देशों के बीच वार्ता बहाल होने की संभावना पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा, अब पाकिस्तान में नई सरकार है और जून के बाद भारत में भी नई सरकार होगी, भले ही उस सरकार का नेतृत्व कोई भी कर रहा हो। उन्होंने कहा, अब देखना यह है कि क्या ये दोनों सरकारें बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बना पाती हैं। जो लोग पाकिस्तान के साथ जंग पर जोर दे रहे हैं, उन्हें खुद जाकर लड़ लेना चाहिए। उन्होंने कहा, अब जो यह बात कह रहे हैं कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, तो जम्मू कश्मीर के उस हिस्से का क्या जो बाहर (पीओके) है, क्या हमें उसे छोड़ देना चाहिए।

अनोखी परंपरा

अगरतला : अगरतला में एक अनोखी परंपरा आकर्षक रूप में मनाई जाती है। आदिवासी त्योहारों में से ही एक पर्व चरक पूजा है, जिसे भक्त बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। चरक पूजा अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु उलटे होकर जमीन पर लेटते हैं, अन्य मौजूदा महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाती हैं। ● एजेंसी

दो इनामी महिला नक्सली समेत 6 ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो इनामी महिला नक्सलियों समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि महिला नक्सली तेलाम गीता (35) और मुचाकी सोमे (24) समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि नक्सली गीता पर दो लाख रुपये व सोमे एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

आतंकियों ने बस में सवार लोगों पर चलाईं गोलियां, 11 की मौत

कराची, एजेंसी

- पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में क्वेटा से ताफ्तान जा रही बस पर आतंकी हमला

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को अज्ञात आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि पहली घटना में हथियारबंद लोगों ने नोशकी जिले में राजमार्ग पर एक बस को रोककर बंदूक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया था। एक अधिकारी ने कहा कि इन नौ लोगों के शव बाद में पास के पहाड़ी इलाकों में एक पुल के पास मिले, इन्हें गोली मारी गई थी। बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी कि इस बीच हथियारबंद लोगों ने बस को रोका और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ लोगों को पहाड़ी इलाके में ले गए थे। वहीं, एक अलग घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि नोशकी राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। बुगती ने कहा कि हमलों में शामिल आतंकवादियों का पीछा किया जाएगा, उनका उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नुकसान पहुंचाना है।

चीनी यूएवी ने अमेरिकी ड्रोन से बेहतर प्रदर्शन किया

कीव। यूक्रेन युद्ध में चीनी यूएवी अमेरिकी ड्रोन से बेहतर साबित हुए है। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी ड्रोन को कमजोर और अप्रभावी बताया गया है। रिपोर्ट का असर ड्रोन कंपनियों की बिक्री पर पड़ सकता है।

ये पेंटागन के लिए चिंता की खबर है जिसे छोटे ड्रोनों की जरूरत पड़ती है। रिपोर्ट में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी ड्रोन रूसी जैमिंग और जीपीएस ब्लैकआउट के खिलाफ कमजोर और अप्रभावी है। ड्रोन उड़ान भरने के बाद मिशन पूरा करने और सुरक्षित वापस लौटने में असफल हो रहे हैं। बता दें, अमेरिका ने भेजे हथियार के बाद यूक्रेन की प्रतिक्रिया आई है।

मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी दो लोगों की मौत, जवान तैनात

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर की राजधानी इंफाल के पूर्वी इलाके में शनिवार को दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। इस दौरान दो लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है।

इंफाल के पूर्वी इलाके में कांगपोकली जिले की सीमा के पास शनिवार को गोलीबारी हुई। एक अज्ञात समूह और गांव के स्वयं सेवकों के बीच गोलीबारी होने लगी। इस गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलते ही राज्य सुरक्षा दल और केंद्रीय बल तैनात किया गया है। गोलीबारी में मरे दोनों लोगों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, वहीं पुलिस बल अज्ञात दल को ढूंढ रहा है।

राज्य में चुनाव के लिए सही समय नहीं, कुकी व मैतई समुदाय चिंतित

इंफाल। मणिपुर में कुकी और मैतई के बीच जातीय हिंसा भड़के हुए लगभग एक साल हो गए हैं। जातीय हिंसा ने मणिपुर की तस्वीर ही बदल दी है। मणिपुर में दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 और 26 अप्रैल को होंगे। आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर के कुछ क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होगा, जबकि बाहरी मणिपुर के शेष क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आगामी चुनाव को लेकर चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में समन्वयक कुकी लहैनीलम ने कहा कि हमारी मांग स्पष्टा है। हम कुकी सममुदाय के लिए एक अलग प्रशासन चाहते हैं। वर्षों से विकास केवल घाटी में हुआ है, लेकिन हमारे क्षेत्रों में ऐसा नहीं हुआ। पिछले साल हुई हिंसा के बाद से हम एक साथ नहीं रह सकते, जिसकी कोई संभावना ही नहीं है।

आस्ट्रेलिया: सिडनी में चाकू मारकर ली 6 लोगों की जान

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित एक शॉपिंग मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। वेस्टफील्ड मॉल के अंदर चाकूबाजी से अफरातफरी मच गई और सैंकड़ों लोग इधर-उधर भागते दिखे। घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और संख्या में और इजाफा हो सकता है।

दरअसल, स्थानीय मीडिया ने बताया कि बॉन्डी जंक्शन पर गोलियों की आवाज सुनी गई। पुलिस ने बताया कि वहां ऑपरेशन चलाकर हमलावर को मार गिराया गया है। मॉल में छह लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चाकूबाज पर गोली चलाई। घटना सिडनी के पूर्वी उपनगरों में एक मॉल की है, एक व्यक्ति अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और कई लोगों पर चाकू से हमला किया।

जांबाज भारतीय सेना ने वर्षगांठ पर हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन समेत बुनियादी ढांचा की गिनाईं उपलब्धियां, 24 घंटे कर रहे निगरानी

सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में जवानों के चार दशक पूरे

नई दिल्ली एजेंसी

ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों के बारे में बताया। जिसमें हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन का भी जिक्र किया गया।

सेना अधिकारियों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। खासकर उन चौकियों पर जहां भीषण सर्दियों में जवान तैनात रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कपड़ों, पर्वतारोहण उपकरणों और राशन की उपलब्धता ने सैनिकों को दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र की कठोर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने हाल ही में सेना के आधुनिकरण पर कहा था कि प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेतावनी देते हैं।

ट्रैक के एक व्यापक नेटवर्क के विकास और ऑल-टेरेन व्हीकल्स (एटीवी) की शुरूआत से ग्लेशियर के पार गतिशीलता में काफी सुधार हुआ है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुलों जैसे नवाचारों ने सेना को प्राकृतिक बाधाओं पर काबू पाने में सक्षम बनाया है, जबकि हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियां सबसे दूरस्थ चौकियों तक भी निर्बाध आपूर्ति लाइनें सुनिश्चित करती हैं। ऑपरेशन मेघदूत' की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों पर कहा कि मोबाइल और डेटा कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। वीएसएटी तकनीक की शुरूआत ने ग्लेशियर पर संचार में क्रांति ला दी है, जिससे सैनिकों को डेटा और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है।

प्रौद्योगिकी में इस छलांग ने वास्तविक जागरूकता, टेलीमेडिसिन क्षमताओं और हमारे सैनिकों को उनके परिवारों से जोड़े रखकर उनकी भलाई को बढ़ाया है। उत्तरी और मध्य ग्लेशियरों में चौकियों पर कर्मियों को डिब्बाबंद राशन के बजाए ताजा राशन और सब्जियां मिलें। एक ऐसा पहलू जिसकी कुछ साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। नई लॉजिस्टिक पहलों की बदौलत ताजा राशन और सब्जियां अब हमारे फॉरवर्ड पोस्ट के लिए एक वास्तविकता बन गई हैं।

इसरो ने स्थापित किया था अत्याधुनिक चिकित्सा ढांचा

दुर्गम स्थान में मिली चिकित्सा सहायता इसरो द्वारा स्थापित टेलीमेडिसिन नोड्स समेत सियाचिन में अत्याधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचा न केवल हमारे सैनिकों को बल्कि नुब्रा घाटी में स्थानीय आबादी और पर्यटकों को भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। परतापुर और बेस कैंप में चिकित्सा सुविधाओं में देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, अत्याधुनिक एचएपीओ कक्ष और जीवन समर्थन प्रणालियों के अलावा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र शामिल हैं।